YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-235 ❑ शनिवार, 27 सितम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

देश के किसानों के हितों की चिंता करते हुए घटिया पेस्टिसाइड, फर्टिलाइजर से किसानों को बचाने के लिए कई स्तर पर सरकार कार्रवाई कर रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। किसान अन्नदाता है ।



शिवराज सिंह चौहान

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से बाढ़ राहत एवं रक्षा कॉरिडोर सहित कई मुद्दों पर की चर्चा 11

युवा शक्ति ही विकसित भारत 2047 के निर्माणकर्ता : रेखा गुप्ता 12

## बिहार में महिला रोजगार योजना लॉन्च कर बोले प्रधानमंत्री- आपके दो भाई नरेन्द्र और नीतीश

# 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये

एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत बिहार की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि यानी कुल 7,500 करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सपनों को पूरा करने और उन्हें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए योजना का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्रि के पावन दिनों में उन्हें बिहार की नारी शक्ति के साथ उनकी खुशियों में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाई की खुशी तभी होती है जब उसकी बहन स्वस्थ, सुखी और आत्मनिर्भर हो। यही भावनाएं उन्हें और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महिलाओं के हित में योजनाएं लाने के लिए प्रेरित करती हैं। आज आपके दो भाई- नरेन्द्र और नीतीश- दोनों मिलकर आपकी सेवा, आपकी समृद्धि और आपके स्वाभिमान के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना भी इसी का उदाहरण है। हर परिवार की एक महिला को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार इतना गहरा था कि दिल्ली से भेजा गया एक रुपया भी पूरा लाभार्थी तक नहीं पहुंचता था। उन्होंने याद दिलाया, एक पूर्व प्रधानमंत्री कहा करते थे कि दिल्ली से अगर एक रुपया भेजा जाता है तो केवल 15 पैसा ही जनता तक पहुंचता है, बाकी 85 पैसा पंजा मार लेता है। लेकिन आज जो 10-10 हजार रुपये आपके खातों में भेजे गए हैं, उन्हें कोई लूट नहीं सकता। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में अराजकता, ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ



❑ दिल्ली से अगर एक रुपया भेजा जाता है तो केवल 15 पैसा ही जनता तक पहुंचता है, बाकी 85 पैसा पंजा मार लेता है। लेकिन आज जो 10-10 हजार रुपये आपके खातों में भेजे गए हैं, उन्हें कोई लूट नहीं सकता

### बिहार के भविष्य को आकार देने में महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें : प्रियंका

पटना। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को पटना के सदाकत आश्रम में लगभग 2,000 महिलाओं को संबोधित किया और उनसे राज्य के भविष्य को आकार देने में ''अपनी शक्ति को पहचानने'' का आग्रह किया। शक्ति अधिकार'' कार्यक्रम में उन्होंने घरेलू कामगारों और आंगनवाड़ी कर्मचारियों से लेकर पेशेवर महिलाओं तक, सभी महिलाओं से कहा कि ● शेष पेज 11 पर

### पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के अंतर्गत पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 27 लाख से अधिक किसानों के खातों में गुरुवार को 21वीं किस्त के रूप में 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। कृषि भवन में आयोजित वर्चुअल समारोह में कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय संकट की इस घड़ी में आपदा प्रभावित राज्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। जिन नागरिकों के मकान टूट हो गए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, मनरेगा में 150 ● शेष पेज 11 पर

# आई लव मोहम्मद' के बढ़ते विवाद के बीच जुमे की नमाज को लेकर यूपी में अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। 'आई लव मोहम्मद' के बढ़ते विवाद के मद्देनजर जूमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने का लेकर उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदशनशील और अतिसवंदेनशील इलाको में फोर्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रदेश के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कमिश्नरेट को जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। अगर कोई माहौल बिगड़ाने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यालय से मिले आदेश के बाद इसको देखते हुए प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, उन्नाव और सभी जिलों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। मस्जिदों के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है। संवेदशनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ गश्त कर रहे हैं। एलआईयू को भी सक्रिय किया गया है। पीस कमेटी के पदाधिकाारियों को अपने-अपने इलाकों में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गई है। अगर कही भी को असामाजिक तत्वों माहौल को खराब करने का प्रयास करता हैं तो उसकी सूचना फौरन पुलिस को दे। पुलिस उससे सख्ती से ● शेष पेज 11 पर

## पेपर लीक करवा रही भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर पार्टी : राहुल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार.बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार श्पेपर चोरश सरकार बन गयी है। श्री गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फ़ेर रही है। उन्होंने भाजपा को पेपर चोर नाम देते हुए कहा आज भाजपा का दूसरा नाम है.पेपर चोर। देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और ● शेष पेज 11 पर

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर के 12 पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने की घोषणा की

श्रीनगर। संयुक्त मुख्यालय की बैठक में गहन सुरक्षा समीक्षा और चर्चा के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के 12 पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने की घोषणा की है, जिन्हें 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद एहतियात के तौर पर अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इन पर्यटन स्थलों और धार्मिक स्थलों में से 5 जम्मू संभाग में और 7 कश्मीर संभाग में हैं। अरु घाटी, राफ्टिंग पॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, बिजबिहाडा में पदशाही पार्क, अनंतनाग में दारा शिकोह गार्डन, कमान पोस्ट, बारामूला में इको-पार्क खदनियार, रामबन में दागन टॉप, कठुआ में धागर, रियासी में चिंकाह, रियासी के सलाल में शिव गुफा और डोडा में पादरी सोमवार, 29 सितंबर से फिर से खुलेंगे।

## संक्षेप

### नाटो चीफ का बयान गैर-जिम्मेदाराना: भारत

नई दिल्ली। अमेरिकी टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बातचीत के नाटो चीफ मार्क रूटे के दावे को भारत ने सिरे से खारिज किया है। भारत ने साफ किया कि इस संबंध में मोदी और पुतिन की कोई बातचीत नहीं हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों पर कहा कि रूटे का यह बयान तथ्यात्मक रूप से ग़लत और पूरी तरह से निराधार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भी राष्ट्रपति पुतिन से उस तरीके से बात नहीं की जैसा बताया जा रहा है। ऐसी कोई बातचीत हुई ही नहीं है। जायसवाल ने नाटो चीफ रूटे को नसीहत भी दी कि ऐसी महत्वपूर्ण संस्था के प्रमुख को गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देना चाहिए। नाटो चीफ रूटे ने एक पत्रकार से बातचीत में कहा था कि भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ़ का रूस पर बड़ा असर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से फ़ोन पर बात की और उनसे यूक्रेन पर उनकी रणनीति समझाने की कोशिश की, क्योंकि भारत पर टैरिफ़ का असर पड़ रहा है।

### गर्भवती सोनाली को बांग्लादेश भेजने का फैसला रद्द

कोलकाता । कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बीरभूम की गर्भवती सोनाली बीबी को बांग्लादेश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले को खारिज कर दिया है। अदालत ने केंद्र को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सोनाली को उनके पति और 8 वर्षीय पुत्र के साथ चार सप्ताह के भीतर भारत वापस लाया जाए। केंद्र ने इस आदेश को स्थगित करने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने वह याचिका भी नामंजूर कर दी। सोनाली बीबी को उनके परिवार सहित ल्बांग्लादेशी नागरिकङ्क बताकर जून माह में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें और अन्य चार लोगों को बांग्लादेश भेज दिया गया, जहां चपाइनवाबगंज जिले में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा, जिसने उच्च न्यायालय को शीघ्र सुनवाई का निर्देश दिया था। शुक्रवार को न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति ऋत्व्रत कुमार मित्रा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि सोनाली और उनके परिवार को बांग्लादेश भेजना गलत कदम था।

## भाजपा ही वह पार्टी है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है : शाह

एजेंसी

बेतिया । पश्चिम चंपारण के बेतिया स्थित कुमारबाग स्टील फैक्ट्री प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चंपारण एवं सारण क्षेत्र की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया और कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ आगामी विधानसभा में जुट जाने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना ही हर भाजपा कार्यकर्ता का पहला दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों से अवगत कराएं और संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं।

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मजबूत संगठन ही मजबूत भारत का आधार है।



❑ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की क्षेत्रीय बैठक को किया संबोधित

शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अगर ईमानदारी और निष्ठा के साथ मैदान में उतरेगा, तो बिहार में निश्चित ही राजग की सरकार बनेगी। अमित शाह ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। गरीबों ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री आज को बीएसएनएल की 'स्वदेशी' 4-जी प्रणाली का शुभारंभ करेंगे

कहा-भारत की दूरसंचार आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है इस पहल का उद्देश्य

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितंबर को देशव्यापी स्वदेशी 4-जी (5-जी तैयार) नेटवर्क का शुभारंभ करेंगे। यह भारत के लिए दूरसंचार के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात है, क्योंकि भारत दुनिया के शीर्ष दूरसंचार उपकरण निर्माताओं की श्रेणी में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि ये 4जी टावर पहले से ही देश भर में 22 मिलियन ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहे हैं।

केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को दो महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत करेंगे। इसमें पहली पहल देशभर में करीब 98 हजार मोबाइल 4-जी टावरों का रोलआउट और दूसरी पहल पूरी तरह स्वदेशी 4-जी नेटवर्क है, जो पूरी तरह सॉफ्टवेयर-आधारित, क्लाउड-आधारित और भविष्य में 5-जी के लिए तैयार है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत का कोई भी हिस्सा इस ● शेष पेज 11 पर

# वायु योद्धाओं की यात्रा में मिग-21 का बड़ा योगदान : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चंडीगढ़ एयरबेस पर लड़ाकू विमान मिग-21 की वायु सेना के हवाई बेड़े से विदाई के समय भारत और रूस के बीच गहरे संबंधों को याद किया। उन्होंने कहा कि जब हम मिग-21 को उसकी ऑपरेशनल यात्रा से विदाई दे रहे हैं तो मुझे लगता है कि हम एक ऐसे अध्याय को विदा करने जा रहे हैं, जिसे न केवल भारतीय वायु सेना के इतिहास में, बल्कि हमारी पूरी सैन्य विमानन की यात्रा में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस के सहयोग से तैयार मिग-21 ने भारतीय सैन्य विमानन यात्रा में कई गर्व के क्षण जोड़े हैं। मिग-21 का योगदान किसी एक घटना या एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल के युद्ध तक या फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक ऐसा कोई क्षण नहीं रहा, जब मिग-21 ने हमारी सेनाओं को जबरदस्त मजबूती न प्रदान की हो। उन्होंने कहा कि 1971 का युद्ध भला कौन भूल सकता है। मिग-21 ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान विपरीत परिस्थितियों में जिस दिन ढाका के गवर्नर हाउस पर हमला किया, उसी दिन उस युद्ध के परिणाम की रूपरेखा तय कर दी गई। इसके अलावा भी इसके लम्बे इतिहास में अनेक ऐसे मौके आए, जब मिग-21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की। उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर अब तक भारतीय वायु सेना के वीरों ने भारत की सुरक्षा को मजबूती देने के लिए जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, वह अपने आप में प्रेरणादायक है। वायु ● शेष पेज 11 पर

❑ मिग-21 की वायु सेना से विदाई पर राजनाथ ने भारत-रूस के साथ गहरे संबंधों को याद किया

❑ चंडीगढ़ एयरबेस पर लड़ाकू विमान मिग-21 को वायु सेना के हवाई बेड़े से दी गई विदाई

❑ रूस के सहयोग से तैयार मिग-21 ने भारतीय सैन्य विमानन यात्रा में कई गर्व के क्षण जोड़े हैं

## सीएम योगी ने छात्रवृत्ति वितरण समारोह में चार लाख छात्रों को वितरित की छात्रवृत्ति

# दीपावली से पहले पांच लाख से अधिक छात्रों को दी जाएगी छात्रवृत्ति: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । अनुसूचित जाति-जनजाति के करीब पांच लाख छात्रों को संस्थान की ओर से डाटा अपलोड न करने की वजह से छात्रवृत्ति नहीं मिल पायी क्योंकि डाटा लॉक हो गया था। छात्रवृत्ति से वंचित सभी छात्रों को दीपावली से पहले उनके खाते में छात्रवृत्ति भेज दी जाएगी। वहीं जिनकी वजह से छात्रों को स्कॉलरशिप नहीं मिल पायी है, उनकी भी जवाबदेही तय की जाएगी ताकि आने वाले समय में ऐसी त्रुटि न हो। किसी भी देश और प्रदेश की आर्थिक प्रगति का पैमाना शिक्षा से शुरू होता है। ऐसे में छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में कही। इस दौरान सीएम योगी ने कई छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले छात्रवृत्ति वितरित की जाती थी, लेकिन छात्र के खाते में पहुंचती नहीं थी। इसमें मनमानी होती थी। वहीं जो छात्रवृत्ति छात्रों को सितंबर-अक्टूबर में प्राप्त होनी चाहिए थी, वह छात्रवृत्ति मार्च-अप्रैल तक पहुंचती थी। इसमें भी भेदभाव होता था। वर्ष 2016 में अनुसूचित-जनजाति के छात्रों की छात्रवृत्ति ही नहीं दी गई। जब वर्ष 2017 में हमारी सरकार आई, तो हमने वर्ष 2016-17 और 2017-18 की छात्रवृत्ति प्रदेश के एक-एक ● शेष पेज 11 पर



❑ वर्ष 2016-17 और 2017-18 की छात्रवृत्ति एक-एक बच्चे को दी

### योगी के 'मिशन शक्ति' की यूपी में धूम, सेल्फ डिफेंस क्लब में शामिल हुईं 2.98 लाख बालिकाएं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 22 सितम्बर 2025 से शुरू किया गया मिशन शक्ति-5.0 अब सिर्फ एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में जन ● शेष पेज 11 पर

## बरेली में आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद पर बवाल, पुलिस ने छोड़े आंसू गैस

एजेंसी

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद 'आई लव मोहम्मद' के विवाद को लेकर बवाल हो गया।पुलिस ने जब बिगड़ी स्थिति को नियत्रंण करने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरु कर दिया। पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी दागे। इस दौरान पुलिस और जिले के अधिकारियों ने भी फोर्स के साथ मोर्चा संभाला। एहतियातन फोर्स तैनात कर ड्रोन से निगरानी की जा रही है। पुलिस ने कई उपद्रवियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया है। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि बरेली में मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर मुस्लिम नौजवान इस्लामिया मैदान में इकट्ठा होने जा रहे थे। उनका मकसद 'आई लव मोहम्मद' के मुद्दे पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपना था। इसके पूर्व कानपुर में पुलिस ने 4 सितंबर को बारावफात पर कई मुस्लिम नौजवानों को 'आई लव मोहम्मद' का पोस्टर बैनर लगाने पर गिरफ्तार किया था।

इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद विरोध दर्ज कराने जा रहे लोगों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की।वहीं प्रशासन की ओर से अनुमति रद्द होने के बावजूद सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। खलील स्कूल के पास भीड़ ने बैनर-झंडे लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच कुछ शरारती तत्व माहौल को खराब करने की कोशिश की। देखते ही देखते माहौल गरमा गया। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरु कर दिया। इसके बाद भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने दो बाइक भी तोड़ दीं और एक दुकान में तोड़फोड़ की। तब पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी दागे। अचानक हुए इस बवाल से आलमगिरीगंज, बांसमंडी, बड़ा बाजार, कुतुबखाना और बिहारीपुर में दुकानों के शटर गिरने लगे। सड़क पर जगह-जगह पत्थर, टूटी चप्पलें और वाहनों के शीशे बिखरे पड़े थे। भगदड़ का आलम यह रहा कि खलील तिराहे से बिहारीपुर चौकी तक हालात बेकाबू हो गए।

# 30 सितंबर से होगी रामलीला के साथ खेल प्रतियोगिता

### अमेठी के राम बाग धाम पर बाबा खुशहाल दास की तपोस्थली पर लगता है दशहरा मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अमेठी करबा स्थित रामबाग धाम व बाबा खुशहाल दास की तपोस्थली स्थल पर 120 साल पुरानी पांच छह दिवसीय रामलीला का मंचन खेल प्रतियोगिता के साथ आगामी 30 सितंबर से शुरू होगी। रामलीला के पहले दिन कबड्डी (दिन में) के बाद शाम से राम लीला का मंचन किया जाएगा। 01 अक्टूबर को कबड्डी का फाइनल खेल खेला जाएगा। दशहरा के दिन यानी 2 अक्टूबर को बड़े मेले के आयोजन के साथ शाम को राम लीला का मंचन होने के दौरान रावण का वध किया जाएगा। रावण वध के बाद रासलीला खेली जाएगी।मेला कमेटी के अध्यक्ष रामलखन गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि 3 अक्टूबर को लंका पर विजय के उपरांत अयोध्या वापसी के दौरान भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि अमेठी के ठाकुर द्वारा से झांकियों के साथ बडी संख्या में लोग कार्यक्रम में हिस्सा लेते है। उन्होंने बताया कि 4 अक्टूबर को बॉलीबाल प्रतियोगिता व बिरहा, 5 अक्टूबर को दंगल व फिल्मोत्सव के बाद प्रतिभाग करने वाले कलाकारों को सम्मानित करके मेले का समापन किया जाएगा।

#### राम व रावण की प्रतिमा आमने सामने

रामबाग धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व दस सीस वाले रावण की प्रतिमा आमने सामने बनी है। सन 1980 में दस सीस वाले रावण की प्रतिमा का पक्का निर्माण अमेठी के रहने वाले अब्दुल खालिक कुरेशी व श्री राम प्रभु की प्रतिमा का निर्माण रघुराथ प्रसाद सोनकर द्वारा कराया गया था। इसमें पहले रामलीला मंचन के दौरान मिट्टी की मूर्तियां तैयार की जाती थी। मेले के दौरान दस सीस वाले रायण की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनती है।

#### रामलीला के साथ रासलीला का मंचन

मेला कमेटी के प्रबंधक गोकरन नाथ वर्मा बताते है कि शाम से रात्रि ग्यारह बजे तक रामलीला का मंचन होगा। उसके बाद लोग रासलीला के दौरान मनोरंजन करेंगे। इस दौरान क्षेत्र के हिन्दू मुसलमान सभी देखने आते है तथा सहयोग भी करते है। अंतिम दिन मेला कमेटी की ओर से अंतिम दिन प्रतिभाग करने वाले कलाकारों को पुरुस्कृत किया जाता है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छतौनी गांव में चौपाल का आयोजन

ननगराम , लखनऊ । मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छतौनी गांव में एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा की अध्यक्षता में महिलाओं की चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, किशोरियां व सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। चौपाल में विशेष रूप से साइबर सुरक्षा बताया गया साथ ही महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन , 112 आपातकालीन सेवा और 181 महिला सहायता हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी दी गई, उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को यह भी बताया कि किसी भी तरह की परेशानी या संकट की स्थिति में तुरंत इन नंबरों का प्रयोग करें। महिलाओं व किशोरियों को सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने और किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना देने की अपील की गई।एसीपी रजनीश वर्मा ने मिशन शक्ति अभियान की मुख्य उद्देश्यों महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाने के साथ-साथ समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला।

# कक्षा–5 की छात्रा बनी सहायक पुलिस आयुक्त

### मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त बारा कार्यालय परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार व अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन तथा डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद यादव के पर्यवेक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं अपने शिक्षक-स्टाफ के साथ शामिल हुईं।छात्राओं को एसीपी बारा कुंजलता व मिशन शक्ति टीम द्वारा गुड टच-बैड टच, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112, आत्मरक्षा के उपाय तथा एंटी-रोमियो स्क्वाड की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस बीच कक्षा-5 की एक छात्रा ने कुछ समय के लिए सहायक पुलिस आयुक्त बनने की इच्छा जताई। एसीपी ने उसकी इच्छा को सम्मान देते हुए उसे एसीपी की कुर्सी पर बैठाया और बतौर अधिकारी कार्य कराया। छात्रा ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई की तथा एसीपी की गाड़ी से क्षेत्र भ्रमण भी किया, जिसका अनुभव सभी बच्चों के लिए यादगार रहा।बाद में छात्राओं ने पुलिस टीम के साथ जनजागृति रैली निकाली और थाना बारा का भ्रमण कर हवालात, कंप्यूटर कक्ष व मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली देखी। कार्यक्रम ने छात्राओं में आत्मविश्वास व जागरूकता की नई ऊर्जा भर दी।

## उमेश पाल पर पहली गोली चलाने वाले उस्मान चौधरी के भाई राकेश चौधरी को 6 माह के लिए जिला बदर

**प्रयागराज।** बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में पहली गोली चलाने वाला अपराधी विजय चौधरी उर्फ़ उस्मान चौधरी था, जिसे पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। अब प्रयागराज पुलिस ने उसके बड़े भाई राकेश चौधरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस ने बाकायदा मुनादी कर राकेश को गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(3) के तहत नोटिस जारी किया और उसके घर पर आदेश चस्पा किया।डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद यादव के मुताबिक राकेश चौधरी अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है और थाना कौंधियारा क्षेत्र में उसकी आपराधिक गतिविधियां लंबे समय से सक्रिय थीं। ग्राम भमोखर निवासी राकेश के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं, जिसके चलते पुलिस ने जिले से बाहर भेजने का निर्णय लिया।गौरतलब है कि विजय चौधरी उर्फ़ उस्मान चौधरी का नाम अतीक अहमद गैंग से भी जोड़ा जाता रहा है। गैंग में शामिल होने के बाद उसका नाम बदलकर 'उस्मान' रखा गया ताकि उसकी पहचान छुपाई जा सके और अपराधों को अंजाम देते समय वह आसानी से बच निकल सके। उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी और अब अपराधियों के परिवार के सक्रिय सदस्यों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

### शारदीय नवरात्र पर पुलिस की पैदल गश्त

**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र व दशहरा पर्व के मद्देनजर पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने देर रात नगर के प्रमुख चौराहों, कस्बों व भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज, झूंसी और धूमनगंज भी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहारों के समय शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है

### सड़क हादसे में कथावाचक के पुत्र की मौत

**प्रयागराज।** बीती रात फाफामऊ के मलाक हरहर के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज के भाई की कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में महाराज के मासूम पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि भाई शिवम शुक्ला समेत दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजन और समर्थक अस्पताल पहुंचकर स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दारागंज में काली स्वांग शोभा यात्रा

**प्रयागराज।** दारागंज की रामलीला कमेटी की ओर से शुक्रवार को छह दिवसीय काली स्वांग शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा डॉक्टर प्रभात शास्त्री मार्ग से प्रारंभ होकर नागवासुकी मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां काली का भव्य स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर देवी की आराधना की। आयोजन समिति ने धार्मिक उत्सव को सफल बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। इस धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया।

### जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट

**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र और जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। कौंधियारा एसीपी अब्दुस सलाम खान ने शुक्रवार को क्षेत्र में पैदल गश्त कर हालात का जायजा लिया और पुलिस टीम को चौकसी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों व मस्जिदों के आसपास विशेष सतर्कता रखी जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पुलिस कर्मियों को चौक-चौराहों पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

### एसआरएन अस्पताल की लापरवाही उजागर

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू (ट्टग) अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही सामने आई है। यहां इलाज की जिम्मेदारी जूनियर डॉक्टरों पर छोड़ दी जाती है, जबकि वरिष्ठ डॉक्टर केवल नाम मात्र के लिए मौजूद रहते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर में जूनियर डॉक्टर मरीज का इलाज करते दिखे, वहीं वरिष्ठ डॉक्टर कमलेश सोनकर कुर्सी पर आराम फरमा रहे थे। लोगों ने सवाल उठाया कि अनुभवहीन जूनियर डॉक्टर कैसे गंभीर मरीजों का इलाज कर सकते हैं। शासन की ओर से करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त है। मामले ने प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी है।

### प्रयागराज जंक्शन पर कोच डिरेल

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर शुक्रवार को शंटिंग के दौरान एक कोच के दो पहिए पटरी से उतर गए। यह घटना तब हुई जब कोच को वाशिंग लाइन से यार्ड की ओर ले जाया जा रहा था। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की और कोच को दोबारा पटरी पर चढ़ाया। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना से ट्रेनों के परिचालन पर किसी भी प्रकार का असर नहीं पड़ा। यात्री यातायात पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु रूप से जारी रहा। रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

### रेलवे जमीन पर कब्जा, पीडीए की मिलीभगत

**प्रयागराज।** शहर में रेलवे की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का खेल तेज हो गया है। सूत्रों के मुताबिक शिवकुटी के महावीर पुरी इलाके में भू-माफिया ने रेलवे की जमीन पर अवैध कॉलोनी खड़ी करनी शुरू कर दी है। आरोप है कि इसमें पीडीए के अधिकारियों की मिलीभगत भी है। जानकारी मिलने पर एसडीएम सदर ने हल्का लेखपाल को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवाया। खाली पड़ी जमीन पर कॉलोनी विकसित किए जाने की जानकारी से हड़कंप मच गया है। प्रशासन अब मामले की गहन जांच में जुटा है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### शंकरगढ़ ब्लॉक में विकास की जगह भ्रष्टाचार

प्रयागराज। शंकरगढ़ ब्लॉक में विकास की फाइलें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। सीडीओ के आदेशों की अनदेखी करते हुए वीडीयो शंकरगढ़ पर गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, ब्लॉक कार्यालय में बिना दक्षिणा के किसी भी फाइल पर कार्यवाही नहीं की जाती। ग्राम सभा पहाड़ी कला की इंटरलॉकिंग परियोजना की फाइल भी लंबे समय से रोकी गई है। बताया जाता है कि विकास की जगह भ्रष्टाचार ने जगह ले ली है और गरीब ग्रामीणों की योजनाएं अटक रही हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे।

## बैदवार कला में लगा मोबाइल कोर्ट 25 में 21 मामलों का निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज, कोरांव। कोरांव में मोबाइल कोर्ट (चल न्यायालय) के जरिये ग्राम न्यायालय के दंडाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने बैदवार कला पंचायत भवन में 25 मामलों की सुनवाई की और 21 मामलों का निस्तारण किया। इस दौरान विद्वान अधिवक्ता, थाना कोरांव के उपनिरीक्षक सेवा लाल, कांस्टेबल महेंद्र सिंह और स्टेनो अवनीश त्रिपाठी समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे। न्याय की पहुंचः मोबाइल कोर्ट के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को न्याय की पहुंच बढ़ रही है। समय और धन की बचतः लोगों को अपने मामलों की सुनवाई के लिए शहरों तक जाने की जरूरत नहीं होती, जिससे समय और धन की बचत हो रही है। कोरांव में मोबाइल कोर्ट की सफलताः 21 मामलों का निस्तारणः दंडाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने 25 मामलों में से 21 का निस्तारण किया, जो एक बड़ी सफलता है। न्यायपालिका की पहुंचः इस पहल से न्यायपालिका की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़ी है और लोगों को न्याय मिलने में आसानी हुई है।

## मिशन शक्ति–5.0 अभियान के तहत निःशुल्क मेगा सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर आधारित मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में निःशुल्क मेगा सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की उपस्थिति तथा रोटरी क्लब इलाहाबाद के सहयोग से सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से हर वर्ष अनेक महिलाओं की मृत्यु हो रही है। इस बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। उन्होंने बताया कि 09 से 15 वर्ष की आयु में लगाया गया यह टीका सबसे ज्यादा कारगर होता है। यह वैक्सीनेशन कैंसर की रोकथाम का प्राथमिक उपाय है और ह्लप्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योरङ्क को ध्यान में रखते हुए कम उम्र में ही टीका लगवाना आवश्यक है।जिलाधिकारी ने छात्राओं से आत्मविश्वास और आत्मसुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं किसी से कमजोर नहीं हैं। उन्होंने नवरात्रि पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम मां दुर्गा की आराधना करते हैं, उसी प्रकार हर लड़की और महिला को मजबूत और सशक्त बनना होगा। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेने और किसी भी गलत व्यवहार का डटकर प्रतिरोध करने की प्रेरणा दी।उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का मूल संदेश है– सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश। यदि आधी आबादी मजबूत और आत्मनिर्भर होगी, तभी प्रदेश और देश का विकास संभव है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्बजीत सिंह, महिला थानाध्यक्ष वंदना पाण्डेय, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर निलेशा यादव, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्या, अध्यापकगण एवं रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## बसंतकुंज योजना में विकास तेज़ लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण की बसन्तकुंज योजना में अब नये व्यावसायिक और आवासीय भूखण्ड बनेंगे। ग्रीन बेल्ट और आबादी के पास खाली पड़ी अनियोजित भूमि को नियोजित कर आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। शनिवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने योजना का निरीक्षण कर इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने विकास, सौंदर्यीकरण और सुविधाओं से जुड़े प्रचलित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश भी दिए।सेक्टर-आई में मैंगो पार्क के पास नजूल भूमि खसरा संख्या-591 पर हो रहे अवैध निर्माण का मामला सामने आया। प्रवर्तन टीम की ओर से कार्रवाई न होने पर उपाध्यक्ष ने सहायक अभियंता के निलंबन की सिफारिश की है। वहीं अभियंत्रण जोन-7 में लगातार लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर जगरूप यादव और सूरज कुमार को निलंबित करने का आदेश दिया गया। प्रेरणा स्थल के पास बन रहे फ्लड पम्पिंग स्टेशन की धीमी प्रगति पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था मेसर्स एकमे पम्पस एण्ड पॉवर प्रोजेक्ट प्रा.लि. पर 5 लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कई क्षेत्रों की अर्जित भूमि अभी तक नियोजित नहीं है। उपाध्यक्ष ने ऐसी भूमि को चिह्नित कर नये भूखण्ड विकसित करने और सेक्टर-ए का सर्वे दो सप्ताह में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। उपाध्यक्ष ने जॉगर्स पार्क, आयुर्वेदा पार्क और मैंगो पार्क का निरीक्षण कर विकास कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बरसात में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने पर भी जोर दिया। पूरी योजना में निर्मित और निर्माणाधीन भवनों का सर्वे कराने तथा बिना स्वीकृत मानचित्र के हो रहे निर्माणों पर अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन कुमार शिवहरे, जोनल अधिकारी माधवेश कुमार, अधिशासी अभियंता मनोज सागर व नीरज कुमार, तहसीलदार हेमचन्द्र तिवारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अर्जुनगंज में पांच दिवसीय रामलीला का मंचन 28 सितम्बर से 27 को शोभायात्रा व डांडिया नाईट

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के साईं दाता रोड अर्जुनगंज पर लगने वाली सब्जी मंडी में 28 सितंबर से पांच दिवसीय रामलीला का मंचन होगा। जो 2 अक्टूबर को रावण दहन के साथ होगा। इस अवसर पर मां शक्ति रामलीला समिति के कार्यकर्ता अशोक सिंह ने बताया कि राम लीला मंचन से पहले 27 सितंबर को शोभायात्रा व शाम को डांडिया नाईट का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात के वक्त रामलीला का मंचन किया जाएगा। 2 अक्टूबर को रावण वध के साथ पुतले का दहन किये जाने के साथ मेले का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मेले में भीड़ को नियत्रिंम करने के लिये कमेटी और पुलिस की तरफ से सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्थाओं पर तेयारी की गयी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. NER-LJN-2025-160**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-160; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डलः– लखनऊ जं.–गोंडा सेक्शन में बिंदौरा स्टेशन पर अप लूप लाइन के विस्तार का प्रावधान।; **अनुमानित लागत (₹): ₹11,79,48,648.59; अग्रिम धन (₹): ₹7,39,800/-; समापन अवधि:** 18 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-160** के लिए ई–निविदा दिनांक 17.10.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग लखनऊ

मुजाधि/डब्ल्यू–273

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## पुराने शहर के 122 मोहल्लों में नक्शा पास कराना हुआ आसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पुराने लखनऊ के 122 मोहल्लों में अब भवन का नक्शा पास कराने के लिए तहसील से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं लेना होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण खुद अपने अभिलेखागार से इन मोहल्लों का विवरण लेकर प्रक्रिया पूरी करेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अब तक भवन मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, अर्जन, सीलिंग, लैंड यूज, तहसील और जलकल जैसे विभागों से एनओसी लेना जरूरी था। इससे आम लोगों को अनावश्यक भागदौड़ करनी पड़ती थी और नक्शा पास होने में देरी होती थी। शुक्रवार को जारी आदेश के बाद अब वार्ड हजरतगंज, गणेशगंज, वजीरगंज, यहियागंज, चौक, सआदतगंज और दौलतगंज के 122 मोहल्लों के लिए तहसील से एनओसी की जरूरत नहीं रहेगी। आवेदन करने पर प्राधिकरण खुद ही अपने अभिलेखागार से एनओसी का ब्योरा लेकर मानचित्र स्वीकृत करेगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि अन्य क्षेत्रों के लिए पहले की तरह तहसील से एनओसी लेना अनिवार्य रहेगा। साथ ही, नई व्यवस्था के तहत इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट और प्राधिकरण की योजनाओं के ले-आउट व सजरा प्लान भी अभिलेखागार से सीधे मानचित्र अनुभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, शिखा सिंह पुत्री ओम प्रकाश सिंह राठौर निवासी इन्द्रानगर जनपद लखनऊ, हाल पता- बी-134 महावीर कालोनी, नवनिर्माण स्कूल के पीछे, वीटीसी अहमदाबाद सिटी, जिला अहमदाबाद, गुजरात। मो0न0 7376487012, 7007060009 की Sam Higginbottom Institute of Aggriculture Technology । Sciences से किये गये Master of business Administration-HRM के चौथे सेमेस्टर की मार्कशीट जनपद बाराबंकी उ0प्र0 में अपनी रिश्तेदारी में कहीं खो गयी है काफी ढूंढने पर भी नहीं मिल सकी है। जिसका इनरोलमेन्ट संख्या M-2152310849 है। मिलने पर कृपया उपरोक्त नम्बरों पर अवगत करायें।, धन्यवाद।

**सूचना**

सार्वजनिक सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जितेन्द्र कुमार पुत्र सहज राम निवासी हसनपुर थाना नगराम लखनऊ का मूल निवासी हूं । त्रुटि वश मेरे बेटे का नाम विद्यालय में अथर्वा पटेल लिखा है वास्तविक नाम अथर्व पटेल है व जन्म तिथि 17-8- 2012 लिखी है जब कि वास्तविक 17-8-2011 है व मेरी बेटी अनुष्का पटेल की 24-9-2015 लिखी है वास्तविक 24-9-2014 है।

**सूचना**

अवगत कराना है कि मैं आशुतोष सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी बी.बी सिंह चौरी , हलधर मऊ जनपद गोंडा का मूल निवासी हूं। सूचित करना है कि यूपी बोर्ड से 2012-13 में इंटर मीडियट परीक्षा पास किया था , जिसका अनुक्रमांक नम्बर 1727094 व क्रमांक 1742475 है घर से निगोहा से लखनऊ में कहीं गुम हो गई है।



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **24.10.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे,** यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा फॉर्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध **ऑनलाईन भुगतान प्रणाली** में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 01022025 दिनांक 25.09.2025 | | |
| कार्य का नाम | वरि० मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लख० के अधीन झांसी/कबरई खदान से रेक द्वारा आपूर्ति के माध्यम से (IS/RDSO-CE/000:2023, फरवरी 2023 तथा नवीनतम करेक्शन स्लिप) के अनुसार 65 मिमी गेज मशीन से क्रश की गई कठोर पत्थर की बैलास्ट की आपूर्ति एवं ढेर लगाना, जैसा कि निर्देशित किया गया हो। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,55,58,000/- | धरोहर राशि | ₹2,27,800/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः (06) माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 10.10.2025 | | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 24.10.2025 को 15:00 बजे | | |

नोटः 1. तकनीकी और बाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नई दिल्ली का पत्र सं० 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2978/2025



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Catg-RBL-SMU-251 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 at 11:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | DYD/ PF-1/13 | 09.10.2025 at 11:30 hrs. | SMU | ST |
| 2 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-45-24-1 | PYGS/ PF4-5/110 | 09.10.2025 at 11:40 hrs. | SMU | ST |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2981/25

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को मिला सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का संदेश

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खुजौली में एसीपी ने छात्राओं को किया जागरूक, साइबर क्राइम व ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड से बचने के दिए टिप्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।लखनऊ,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मोहनलालगंज के खुजौली में स्तिथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज डी.के. सिंह की मौजूदगी में किया गया।एसीपी रजनीश वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर लड़की में अपार प्रतिभा और क्षमता निहित होती है। उन्हें अपनी शिक्षा, आत्मविश्वास और साहस के बल पर समाज में अपनी पहचान बनानी चाहिए। जीवन की कठिन परिस्थितियों से डरने के बजाय विवेकपूर्ण निर्णय लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।एसीपी रजनीश वर्मा ने समझाया कि आजकल बच्चों को ऑनलाइन गेम्स के जरिए फंसाया जाता है। शुरुआत में छोटे-छोटे रिवार्ड्स देकर



उनका झुकाव बढ़ाया जाता है और धीरे-धीरे उनसे पैसों की मांग की जाती है। ऐसे मामलों में सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत माता-पिता व पुलिस को देने की सलाह दी गई।साइबर अपराधों जैसे नकली सोशल मीडिया आईडी बनाकर ब्लैकमेल करना, फर्जी कॉल्स और ईमेल से ठगी करना तथा अश्लील मैसेज भेजने जैसी गतिविधियों से बचाव के उपाय बताए गए। छात्राओं को इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल करने के टिप्स दिए गए।

साथ ही यह जानकारी भी दी गई कि साइबर अपराध से संबंधित किसी भी घटना की शिकायत तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर या ' पोर्टल पर दर्ज कराई जा सकती है।इस अवसर पर विद्यालय की दो छात्राओं का जन्मदिन भी पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। जन्मदिन समारोह ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। छात्राओं ने गीत गाए और एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय प्रशासन और अध्यापिकाओं ने पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी होते हैं। यह न केवल उन्हें सुरक्षा के प्रति सजग बनाते हैं बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत करते हैं।

# स्वस्थ परिवार अभियान के तहत आईटीबीपी द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के सौजन्य से ''स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार'' अभियान के अंतर्गत ग्राम रानीखेड़ा, डेहवा, मोहनलालगंज, लखनऊ में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम प्रधान लवकुश यादव प्रबंधक, एसडीवी अकैडमी व मंडल अध्यक्ष, लखनऊ मंडल, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के आवास पर संपन्न हुआ।

इस शिविर का आयोजन आईटीबीपी के डीआईजी श्री आर.एस. चंदेल जी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) श्री सचिन दीक्षित, कमांडेंट श्री सतीश कुमार यादव, असिस्टेंट कमांडेंट, इंस्पेक्टर रमज़ान खान सहित आईटीबीपी की 20



सदस्यीय टीम उपस्थित रही।इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से डॉक्टर अभय यादव अपनी टीम के साथ विशेष रूप से शिविर में शामिल हुए।शिविर के दौरान ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें तथा आवश्यकतानुसार दवाइयाँ प्रदान की गईं। इस अवसर पर कुल 375 ग्रामीणों की जांच की गई, जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ प्राप्त हुआ।ग्रामीणों ने इस सेवा भावना से ओतप्रोत आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आईटीबीपी, चिकित्सा टीम तथा सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के आयोजन न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सुरक्षा बलों की मानवीय भूमिका को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हैं।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एरा मेडिकल कॉलेज में हुआ भव्य कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज/लखनऊ। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत ठाकुरगंज स्थित एरा मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मंच से छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था, अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही समाज

**इस कार्यक्रम में एसडीएम सदर, डीसीपी महिला अपराध ममता चौधरी, एडीसीपी (एलओ) जया शांडिल्य महिला अधिकारी रही उपस्थित।**

में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।इस दौरान उन महिलाओं को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जिन्होंने जरूरतमंदों की मदद कर समाज में मिसाल कायम की है।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, एडीसीपी पश्चिम धनंजय सिंह कुशवाहा, एसडीएम सदर, डीसीपी महिला अपराध ममता चौधरी, एडीसीपी (एलओ) जया शांडिल्य, एसीपी चौक राजकुमार सिंह तथा इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान उपस्थित रहे।पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक रहने और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया।

# निगोहां की छात्रा आन्या शुक्ला बनी एक दिन की एसीपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज, निगोहां की कक्षा 11 की छात्रा आन्या शुक्ला ने एक दिन के लिए एसीपी मोहनलालगंज का पदभार संभाला। इस विशेष अवसर पर आन्या ने पुलिस अधिकारियों की भांति न केवल फरियादियों की समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश देकर सभी को प्रभावित किया।

एसीपी की कुर्सी पर बैठते ही आन्या ने आम जनता से सीधे संवाद किया और उनकी शिकायतें गंभीरता से सुनीं। मेरठ निवासी रमेश चंद्र वर्मा ने गांव मीनापुर (सिसेंडी चौकी क्षेत्र) में खरीदी गई भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। आन्या ने तुरंत संबंधित चौकी प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश देते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित



कराया।एक अन्य प्रकरण में ग्राम गोबिन्दपुर निवासी सुमन पत्नी राम प्रकाश ने घरेलू हिंसा और जान से मारने की धमकी की शिकायत की। सुमन ने बताया कि उनका पति शराब पीकर मारपीट करता है और बच्चों सहित उन्हें घर से निकालने की धमकी देता है। आन्या ने इस गंभीर मामले पर बीट प्रभारी को एक घंटे में कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इसके बाद आन्या ने थाना मोहनलालगंज का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली, महिला हेल्प डेस्क और रजिस्टरों की समीक्षा की। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें पुलिसिंग की बारीकियों से अवगत कराया, जिसमें

## फरियादियों की समस्याओं का किया त्वरित निस्तारण

अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, जनसंपर्क और तत्काल समस्या निस्तारण जैसे अहम विषय शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान आन्या ने क्षेत्रीय मस्जिद में पहुँचकर नमाज को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में योगदान देने वाले नागरिकों को धन्यवाद दिया।इस मौके पर एसीपी रजनीश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह, थानाध्यक्ष अनुज तिवारी और बाल अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अमरदीप सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और समाज सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है।

# गरबा एवं डांडिया के कार्यक्रमों में केवल हिन्दुओं को ही मिले प्रवेश : विहिप

## अश्लील गाने न बजें और आयोजन स्थल पर पुलिस बल की तैनाती हो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विश्व हिन्दू परिषद ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नवरात्र पर्व में गरबा एवं डांडिया के कार्यक्रमों मे केवल हिन्दुओं को ही ?प्रवेश दिया जाय। इस संबंध में बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम सिंह गौर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम जंग बहादुर सिंह को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमण्डल में विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री धीरज सोनकर, बजरंग दल के सह जिला



संयोजक शिवजीत सिंह, जिला गौरक्षा प्रमुख सचिन और अखिलेश दीक्षित शामिल रहे। ज्ञापन में लिखा गया है कि नवरात्र पर राजधानी लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में गरबा एवं डांडिया जैसे धार्मिक आयोजन होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों में अनावश्यक भीड़, लव जिहाद, अश्लील गानों का प्रयोग तथा असामाजिक तत्वों की उपस्थिति से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। विहिप ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे कार्यक्रमों में पहचान पत्र अनिवार्य किया जाय, कार्यक्रमों में केवल हिन्दुओं का ही प्रवेश हो और रात 10 बजे के बाद कार्यक्रम न हो। इसके अलावा विहिप ने यह भी मांग की है कि इन कार्यक्रमों में अश्लील गाने न बजें और आयोजन स्थल पर पुलिस बल की तैनाती कराई जाय।

# बीबीएयू ने रचा इतिहास: स्टैनफोर्ड की टॉप दो वैज्ञानिकों की सूची में स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने शोध क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की विश्व-प्रसिद्ध टॉप दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची स्रोत बीबीएयू के 15 संकाय सदस्य शामिल किए गए हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. रचना गंगवार ने बताया कि सम्मानित वैज्ञानिकों की सूची में प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, प्रो. राम चंद्र, डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ. राम नरेश भार्गव, प्रो. बी.सी. यादव, प्रो. बी. एस. भदौरिया, प्रो. देवेश कुमार, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. आदित्य खानपरिया, डॉ. अभिषेक वर्मा, डॉ. मुकेश कुमार अवस्थी तथा तीन अन्य शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी बीबीएयू



को क्लैरिवेट इंडियन रिसर्च एक्सीलेंसऽसाइटेशन अवार्ड 2025(केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रेणी) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन संस्थानों को प्रदान किया जाता है जिनका शोध-प्रकाशन और संदर्भ प्रदर्शन असाधारण होता है। इस उपलब्धि ने बीबीएयू को भारत के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालयों की श्रेणी में स्थापित किया है। अपने शैक्षणिक वातावरण को और समृद्ध करने के लिए, बीबीएयू ने एमिनेंट लेक्चर सीरीज़ की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ विद्वानों को आमंत्रित किया जा रहा है। नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कुलपति प्रो.आर.के. मित्तल ने समाजोपयोगी शोध परियोजनाओं के लिए इंट्राम्यूरल ग्रांट देने की घोषणा की है जिससे अध्यापक और विद्यार्थी आत्मनिर्भर भारत के मिशन में योगदान कर सकें।

# शिया धर्मगुरू मौलाना कल्बे जव्वाद के आह्वान पर मुसलमानों ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शिया धर्मगुरू मौलाना कल्बे जव्वाद के आह्वान पर शुक्रवार को नमाज के बाद मुसलमानों ने हुसैनाबाद ट्रस्ट के भ्रष्टाचार के विरूद्ध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में मुसलमानों ने बड़े इमामबाड़े से पुरानी चौक फूल मंडी तक प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन में शामिल मुसलमानों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ठाकुरगंज पुलिस ने बैरीकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने मौलानाओं से बात कर कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म कराया।

मौलाना कल्बे जव्वाद का कहना था कि ट्रस्ट की घंटाघर,रूमी गेट और छोटा इमामबाड़ा के आसपास दुकानों का अवैध सौदा हो रहा है। जमीनों पर लगातार अवैध कब्जे और अतिक्रमण हो रहे हैं। हुसैनाबाद ट्रस्ट मूकदर्शक बना है। इस



भ्रष्टाचार में अधिकारी भी शामिल हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि ट्रस्ट का सामान गायब हो रहा है। ट्रस्ट की जमीन पर लगे कीमती पेड़ काटकर बेच दिए गये,लेकिन उन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ट्रस्ट की आमदनी का भी कोई हिसाब किताब नहीं है।

मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि अगले शुक्रवार को हम फिर प्रदर्शन करेंगे। आई लव मुहम्मद पर बोले कि सबको धार्मिक गाना लगाने का अधिकार है। सियासी पार्टियां इस नारे का फायदा उठाना चाहती हैं। हम उसके खिलाफ हैं। हिन्दू भाई आई लव राम और मुस्लिम आई लव मुहम्मद कह सकते हैं।

मुस्लिम महिलाओं नेआई लव मुहम्मद का पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन लखनऊ में जुमे की नमाज पर आई लव मुहम्मद को लेकर पुलिस अलर्ट रही। बड़ा इमामबाड़ा सहित मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। पुलिस ने सोशल मीडिया पर भी पूरी नजर रखी। मुस्लिम महिलाओं ने रूमी गेट के सामने आई लव मुहम्मद का पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल उजमा परवीन ने कहा कि कानपुर में 25 लोगों पर गलत एफआईआर हुई है । हम उसका विरोध करते हैं।

# योगी सरकार ने किया सहयोग, दर्जी से उद्यमी बनीं मीरजापुर की शशिबाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद की 56 वर्षीय शशिबाला सोनकर मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं। कभी सिलाई कर घर का खर्च चलाने वाली शशिबाला के जीवन में योगी सरकार की योजनाओं ने बड़ा बदलाव लाया। मिशन शक्ति अभियान के तहत शशिबाला को योगी सरकार का सहयोग मिला और वह आज एक सफल उद्यमी बनकर प्रदेश भर की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गईं। छोटी बरैनी, कछवां की निवासी शशिबाला ने सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपनी मेहनत और साहस से नमकीन यूनिट का सफल उद्यम स्थापित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिला सशक्तीकरण मुहिम ने शशिबाला जैसी लाखों ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की



नई राह दिखाई है, जो नारी गरिमा को नई ऊंचाई दे रही हैं। 12वीं तक पढ़ी-लिखी शशिबाला ने सिलाई का काम शुरू कर उन्होंने घर खर्च और बच्चों की पढ़ाई का बोझ उठाया। 2018 में 'ओम साई आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह' (ट्ब्क्क) से जुड़कर उनकी जिंदगी में बदलाव की शुरुआत हुई। इस समूह ने उन्हें वित्तीय साक्षरता और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। आज वे समूह की कोषाध्यक्ष हैं और अन्य महिलाओं को सशक्त करने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने नमकीन यूनिट शुरू करने का दिया अवसरशशिबाला का उद्यमी सफर तब रंग लाया जब डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के 'एक लाख महिला उद्यमी कार्यक्रम' से उन्हें नमकीन यूनिट शुरू करने का अवसर मिला। शशिबाला बताती हैं कि ल्लअपनी योजना को साकार करने के लिए विभिन्न स्रोतों से धन जुटाया। 2 लाख रुपये (एख्रक्क से एएख्र), 1 लाख रुपये (एत्र्क्क), 2 लाख रुपये (कैसफॉर) और 10 लाख रुपये (घ्ख्रक्क्क के तहत आर्यावर्त बैंक से ऋण)। अपनी जमीन पर स्थापित इस फूड प्रोसेसिंग यूनिट में 12 नियमित और 2-5 सीजनल कर्मचारी काम करते हैं, जिनका मासिक वेतन 5,000 से 28,000 रुपये तक है। यूनिट मासिक 50,000 से 90,000 रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर रही है और उत्पाद मीरजापुर, भदोही व वाराणसी के वितरकों तक पहुंच रहे हैं।

अपने उद्यम को औपचारिकता और विस्तार देने के लिए शशिबाला ने उद्यम रजिस्ट्रेशन, एफएसएसएआई पंजीकरण, फ्लिपकार्ट और ओएनडीसी पर डिजिटल पंजीकरण करवाया। केबीबीएल, उद्यम (यूडीवाईएमई) मेला और जिला स्तरीय उद्यमी सम्मेलनों (क्क्रए) में भाग लेकर उन्होंने नेटवर्किंग और विपणन रणनीति सीखी। मिशन शक्ति के तहत मिले प्रशिक्षण और सरकारी सहयोग ने उन्हें सुरक्षा और आत्मविश्वास दिया, जिससे वे अपने समुदाय में बदलाव की अगुआ बन सकीं। शशिबाला कहती हैं कि उनकी अगली योजना बेकरी और चॉकलेट निर्माण इकाई स्थापित करना है, जिसमें उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण, आधुनिक मशीनरी और अतिरिक्त वित्तीय सहायता की जरूरत होगी। उनका अच्छा सिविल स्कोर और पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन भविष्य में और सहयोग दिलाने में मददगार साबित होगा। ल्लमैंने कठिनाइयों को चुनौती मानी। सरकार की योजनाओं ने मुझे और मेरी बेटियों को सम्मान दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन सभी के लिए एक प्रेरणा है: अनूप गुप्ता

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष में एक स्थानीय गेस्ट हाउस में स्वदेशी संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें खादी व स्वदेशी वस्तुओं से लोगों के जुड़ने का आवाहन किया गया**

**इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान सहित भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात उपस्थित सभी नेताओं ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया गया। सर्वप्रथम अपने स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संपूर्ण जीवन पर संक्षिप्त चित्रण प्रस्तुत किया गया एवं आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान द्वारा उनके लखीमपुर में किए गए कार्यों का वर्णन विस्तार से किया गया। अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता द्वारा उनके जन्म से लेकर संपूर्ण जीवन काल में किए गए कार्यों पार्टी सेवा शिक्षा एवं पत्रकारिता के विषय में विस्तार से अपनी बात रखी। साथी उन्होंने कहा कि उनका जीवन सभी के लिए एक प्रेरणा है उन्होंने उनके विचार व्रत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित भी किया। और एक महत्वपूर्ण बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी कार्य करने में कठिनाई हो तब व्यक्ति को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं साहित्य को पढ़ना चाहिए उसको निश्चित तौर से कठिनाई से मुक्ति मिलेगी। ?इस अवसर पर प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री उदित बाजपेई द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभियान संयोजक रोहित सिंह, नगर पालिका सीतापुर प्रतिनिधि नमिद्र अवस्थी, नगर पालिका खैराबाद प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, सुधाकर शुक्ला नैमिष रत्न तिवारी,संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर, इंदू सिंह चौहान,जया सिंह ,रमेश भार्गव दीपू, सुनील मिश्रा जितेंद्र मेहरोत्रा, रामप्रताप सिंह,अमन विक्रम सिंह , हरगांव अध्यक्ष नगर पालिका गफ्फार खान, रामजीवन जायसवाल आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समर्थक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के मामले में आरोपित को दस साल की सजा, 30 हजार रुपये जुर्माना

मुरादाबाद । मुरादाबाद के अपर जिला जज 7 शैलेंद्र वर्मा की अदालत ने शुक्रवार को महानगर के थाना काटकर क्षेत्र में युवक पर 14 वर्ष पूर्व जानलेवा हमले के मामले में आरोपित को शुक्रवार को दोषी करार दिया। न्यायालय ने मुलजिम गुलजार को दस साल की सजा सुनाई, साथ ही 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।थाना कटघर क्षेत्र के पचपेड़ा निवासी मो. हसन ने कटघर थाने में केस दर्ज कराया था जिसमें उसने बताया कि 18 नवम्बर 2011 की रात 11:15 बजे कटघर के रहमत नगर निवासी गुलजार, उसके भाई मंसूर और मंसूर के साढ़ू गुलफाम ने उसके साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। इस मुकदमे की सुनवाई एडीजे 7 शैलेंद्र वर्मा की अदालत में चली। सरकार की ओर से एडीजीसी नीलम वर्मा ने पक्ष रखा और मुलजिमों को सजा दिलाने को दलीलें दीं। अदालत ने गुलजार को दोषी करार देते हुए उसे उक्त सजा सुनाई है। मंसूर और गुलफाम को बरी कर दिया।

# शातिर चोर गिरफ्तार 56,257 नकदी बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर, सीतापुर। थाना कमलापुर पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ?56,257 की नकदी भी बरामद की है।जानकारी के मुताबिक 21-22 सितंबर की रात थाना सुरैचा क्षेत्र के अंतर्गत एक दुकान से लगभग ?72,000 की नकदी चोरी हुई थी। इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक सीतापुर के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी मोहीत उर्फ नन्हे पुत्र बबलू उर्फ भोजा बघेला निवासी ग्राम सुरैचा थाना कमलापुर, उम्र लगभग 23 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी ने चोरी की घटना को स्वीकार किया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 380/457/411 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया उपनिरीक्षक राजीव कुमार चौहान, कांस्टेबल अमित विश्वकर्मा, कांस्टेबल गौरव कुमार राठौर और कांस्टेबल जितिन कुमार अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रतियोगिता दो वर्गों में अंडर 14 सब जूनियर बालिका और अंडर 19 सीनियर बालिका में आयोजित की गई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता, 2025-26 का आयोजन 25 सितम्बर 2025 को हिंदू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में अंडर 14 सब जूनियर बालिका और अंडर 19 सीनियर बालिका में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता शुक्ला के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।अंडर 14 सब जूनियर बालिका वर्ग का फाइनल मैच बेसिक शिक्षा विभाग और किसान इंटर कॉलेज, सरैया राजा साहब के बीच खेल गया जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग की टीम ने एकतरफा मुकाबले में किसान इंटर कॉलेज, सरैया राजा साहब की टीम को 21-09 से शिकस्त देकर फाइनल मुकाबले को अपने नाम किया।अंडर 19 सीनियर बालिका वर्ग का फाइनल मैच आयोजनकर्ता विद्यालय हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज और किसान इंटर कॉलेज, महोली के बीच खेला गया जिसमें हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की टीम ने किसान इंटर कॉलेज, महोली की टीम को कड़ी शिकस्त देते हुए फाइनल मुकाबले को 30-18 से जीत लिया। हिंदू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की टीम कोच लक्ष्मी ने अपनी टीम की जीत का श्रेय अपने खिलाड़ियों को दिया।प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पाण्डेय ने किया। निर्णायक के रूप में दीप कुमार वर्मा, विवेक कुमार शुक्ल, धीरेन्द्र कुमार वर्मा, आदि लोगों ने अपना योगदान दिया। टेबल ऑफिशियल के रूप में डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी, पवन कुमार, अपर्णा मिश्रा, अरविंद पटेल आदि लोगों ने कार्य किया।प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण हिंदू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के प्राधिकृत नियंत्रक अशोक कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर के द्वारा किया गया एवं सभी खिलाड़ियों को जनपद हरदोई में आयोजित होने वाली मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ अनूप सिंह, गरिमा सोनकर, संतोष, पंकज, ओम प्रकाश यादव, जगदेव, अवनीश सिंह एवं आदि लोग मौजूद रहे।

# सीतापुर में मिशन शक्ति फ़ेस-5 के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**महिलाओं-बालिकाओं को कानूनी व स्वास्थ्य अधिकारों की दी गई जानकारी**

**जागरूकता कार्यक्रम 600 बालिकाओं एवं 20 महिलाओं एवं पुरुषों ने लिया हिस्सा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मिशन शक्ति फ़ेस 5 के अंतर्गत जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या के आदेश के क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा महिला जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कमलापुर ब्लाक कसमंडा में महिलाओं हेतु कानूनी अधिकारों का प्रचार प्रसार किया गया जिसमें लगभग 600 बालिकाओं एवं 20 महिलाओं एवं पुरुष उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खैराबाद में मिशन शक्ति फ़ेस 5 के माध्यम से लगभग साढे 300 बच्चों को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया गया। उजागर लाल इंटर कॉलेज में एक दिन की प्रधानाचार्य कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की छात्रा सिमरनजीत सिंह को बनाया गया तथा प्रधानाचार्य के विभिन्न क्रियाकलाप एवं स्कूल का भ्रमण कराया गया। महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग सेंटर सीतापुर में स्थित लगभग 178 महिलाओं बच्चियों को वित्तीय एवं कानूनी अधिकारों के बारे में वूमेन फॉर एंपावरमेंट के द्वारा जागरूक किया गया।इसी क्रम में मिशन शक्ति के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर जिला महिला चिकित्सालय में स्थित का निरीक्षण किया गया, जहां के सभी सुविधाएं दुरुस्त पायी गयीं। खंड विकास अधिकारी के रूप में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा सोमवती को खंड विकास अधिकारी मिश्रित का चार्ज दिया गया तथा उसकी विभिन्न अधिकारों के बारे में बताया गया।मिशन शक्ति एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आज माननीय विधायक जी शशांक त्रिवेदी जी द्वारा महोली ब्लॉक में महिला एवं बच्चियों लगभग 100 को सम्मानित किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुये औषधियां वितरित की गयी एवं आवश्यक जांचे भी कराई गई।

# मिशन शक्ति 5.0 : इंटर टॉपर यशी रस्तोगी बनीं एक दिन की डीएम

**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने टॉपर छात्रा को सौंपी जिले की कमान, जनसुनवाई में दहेज उत्पीड़न पर दिए कड़े निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शारदीय नवरात्रि पर जिले ने देखी नारी शक्ति की चमक। मिशन शक्ति 5.0 के तहत इंटरमीडिएट टॉपर यशी रस्तोगी शुक्रवार को पूरे जिले की कमान संभालती नज़र आईं।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और अनिल कुमार रस्तोगी की मौजूदगी में यशी को पुष्पगुच्छ और प्रमाणपत्र भेंट कर एक दिन का डीएम बनाया। डीएम ने अपनी कुर्सी पर यशी को बिठाते हुए 1 दिन की डीएम का प्रमाण पत्र, स्कूल बैग और मिशन शक्ति स्पेशल किट देकर सम्मानित किया।डीएम के तौर पर यशी ने जनसुनवाई में फरियादियों की शिकायतें सुनीं और दहेज उत्पीड़न के एक मामले पर अफसरों को तुरंत न्याय दिलाने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, ल्इस कुर्सी पर बैठना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के आशीर्वाद से संभव हुआ। मैं खुद को इस पद के लायक नहीं मानती, लेकिन यह अनुभव जिंदगीभर याद रहेगा।यशी ने बेटियों से अपील की ल्पढ़ो-लिखो, आगे बढ़ो और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहो। बालिकाएं व महिलाएं अन्याय के खिलाफ बेखौफ आवाज़ उठाएं। बताते चलें कि बेहजम स्थित राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा यशी ने इंटरमीडिएट में जनपद टॉप कर पहले ही जिले का नाम रोशन किया है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के साथ ही मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, न्याय दिलाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर जनपद भर में विविध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। आने वाले दिनों में महिला स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय से जुड़े कई नवाचार कार्यक्रम और गति पकड़ेंगे, ताकि नारी शक्ति को और सशक्त बनाया जा सके। यशी की एक दिन की डीएम की ताजपोशी न सिर्फ बालिकाओं के लिए प्रेरणा बनी बल्कि नारी सशक्तिकरण की बुलंद मिसाल भी पेश कर गई। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव, तहसीलदार मितौली दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# धनुष भंग पर गूंजा 'जय श्रीराम', रामलीला मंचन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी। श्री रामलीला कमेटी धौरहरा के तत्वावधान में मोहल्ला अंबेडकर स्थित रामलीला मैदान में शुक्रवार रात हुए मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत जनक प्रतिज्ञा से हुई, जिसके बाद रावण-वाणासुर संवाद, जनक विलाप, धनुष भंग और लक्ष्मण-परशुराम संवाद जैसे प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों के दमदार अभिनय और संवाद अदायगी पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं।जैसे ही भगवान श्रीराम ने शिवधनुष भंग किया, पूरा पंडाल ''जय श्रीराम'' के नारों से गूंज उठा। राजा जनक की प्रतिज्ञा और परशुराम संवाद ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।मौके पर रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष सिप्पू निगम, व्यवस्था प्रमुख आनंद शुक्ला, नंद किशोर जायसवाल, विपिन पांडे सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राम विवाह से होगा, जो शनिवार रात आठ बजे समिति अध्यक्ष विजय जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न होगा।

## पुलिस के हस्तक्षेप से शादी को राजी परिजन, प्रेमी युगल ने मंदिर में लिए सात फेरे

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के लालगंज थाना पुलिस के सहयोग से परिवार की रजामंदी के बाद मंदिर में प्रेमी जोड़े का विवाह करा दिया गया। पुलिस कर्मियों और परिजनों ने उनके नए दाम्पत्य जीवन के लिए दम्पति को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है।लालगंज थाना क्षेत्र के रानीबारी (पतुलखी) गांव की रीता देवी का चील्ह गांव निवासी हर्ष से पिछले कई सालों से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों आपस में रिश्तेदार होने के कारण उनके परिवार इस रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहे थे। लेकिन लड़की और लड़का दोनों एक दूसरे को अपना जीवन साथी बनाने के लिए हर संभव प्रयासरत रहे।शुक्रवार को उनके प्रेम प्रसंग का मामला चील्ह थाना में पहुंच गया। दोनों पक्षों के परिजन बुलाए गए और घंटों चली पंचायत के बाद शादी के लिए राजी हो गए। अंततः यह तय हुआ कि प्रेमी युगल का विवाह कर दिया जाए। शुक्रवार की शाम चील्ह गांव स्थित राम जानकी मंदिर में विधि-विधान के साथ दोनों ने सात फ़ेरे लेकर विवाह किया और एक-दूसरे का जीवनसाथी बन गए। शादी के बाद वे अपने घर लौटे।मंदिर में हुई इस शादी की खबर क्षेत्र में तेजी से फैली और यह चर्चा का विषय बनी रही। परिजनों की सहमति और पुलिस की पहल से सम्पन्न हुई यह शादी लोगों के बीच मिसाल के रूप में देखी जा रही है।

## घटी दरों पर सामान न दे दुकानदार, तो 8800001915 पर शिकायत या 1915 पर करें कॉल

मुरादाबाद । राज्य कर विभाग मुरादाबाद के अपर आयुक्त ग्रेड-1 एके सिंह ने शुक्रवार को बताया कि कि केंद्र सरकार के अधिकारी बाजारों की मॉनिटरिंग में लगे हैं। यदि कोई दुकानदार जीएसटी की घटी दरों के मुताबिक सामान न दे तो आप व्हाट्सएप नंबर 8800001915 पर शिकायत करें या फिर 1915 डायल कर फौरन सूचना दें।अपर आयुक्तके अनुसार स्थानीय स्तर पर जीएसटी कार्यालय में शिकायत की जा सकती है। सरकार के निर्देशों के बाद निर्माता कम्पनियों ने साफ कहा है कि दुकानदार पुराने स्टॉक को भी जीएसटी की घटी दरों पर बेचें। उसका बिल बनाकर कम्पनी को दें, नुकसान की भरपाई निर्माता की ओर से की जाएगी। उदाहरण के लिए पारले-जी से लेकर अंकल चिप्स तक सबके दाम कम होने चाहिए। स्थानीय स्तर पर लोगों की शिकायत मिलने पर हमारे विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट के आदेश पर भूमि खरीद में गबन के सात आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के थाना बिलारी कोतवाली क्षेत्र के ग्वालखेड़ा गांव के रकबे में स्थित भूमि की खरीद में गबन करने के आरोप में शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।ढकिया नरू गांव निवासी वाहिद हुसैन की ओर से अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में सजन निवासी ढकिया नरू के अलावा सत्यप्रकाश, सतेंद्र, विवेक, कपिल, इंद्रपाल और सतवीर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए वाद दायर किया गया था।वाहिद हुसैन ने बताया कि उसने ग्वालखेड़ा निवासी सत्यप्रकाश से गाटा संख्या 337 की 97 वर्ग मीटर भूमि बजरिए रजिस्ट्रर्ड बैनामा खरीदी थी। इसी खेत में थाना कुंदरकी के पंडिया गांव निवासी अपने साढ़ू मोहम्मद इस्लाम को भी 114 वर्ग मीटर भूमि खरीदवाई थी। मोहम्मद इस्लाम को ग्वालखेड़ा गांव निवासी विवेक कुमार ने बैनामा किया था। वाहिद का कहना है कि बैनामा हो जाने के बाद जब वह अपने साढ़ू संग खरीदी हुई जमीन पर बाउंड्री बनाने पहुंचा तो विपक्षी कपिल, सतवीर व सजन ने प्लॉट की बाउंड्री करने से रोक दिया। विरोध में मारपीट कर भगा दिया।जब उसने खरीदी गई भूमि के बारे में पता कराया तो पता चला कि भूमि गाटा संख्या 337 के सभी रकबे का एग्रीमेंट इंद्रपाल आदि ने सजन सिंह के हक में कर दिया और बाद में एग्रीमेंट का निर्धारित समय पूरा होने से पहले ही इंद्रपाल और प्रेमचंद्र ने इसी भूमि को अपने बेटों के नाम दान कर दिया। पीड़ित वाहिद का आरोप है कि उनके साथ भूमि बिक्री में धोखाधड़ी की गई है।थानाध्यक्ष ने जसपाल सिंह ग्वाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करते ही मामले में जांच शुरू कर दी गई है। विवेचना में जो भी तक आएंगे उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# योगी सरकार में भ्रष्ट ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारीयों पर नहीं हो रही कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले कि सबसे बड़ी तहसील निघासन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धर्मापुर का मामला सामने आया है जहां पर ग्राम प्रधान व जिम्मेदार अधिकारियों मिलीभगत से योगी सरकार में मकाड़ जाला की तरह दिन-रात घोटाले हो रहे इन पर जिले में ऐसी रूम में बैठे जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्ट ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारीयों के आगे नतमस्तक हो रहे हैं लापरवाही देखने को सामने आ रही ख़बर को यदि पत्रकार द्वारा पारदर्शिता से अखबार में प्रकाशित करता तो उसको ग्राम प्रधान व जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा मिलीभगत से उक्त पत्रकार पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर फंसा दिया जा रहा आखिर कब तक सच्चाई को पत्रकार कलम के निचे दबाओगे हम बात करते हु निघासन विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत धर्मापुर का मामला प्रकाश में आया है जहां पर विकास कार्य की गंगा बहती नज़र आ रही है गौर से देखें वीडियो व फोटो में ग्राम पंचायत धर्मापुर के जिम्मेदार अधिकारियों मिलीभगत से प्राथमिक विद्यालय को जाने वाली रोड की दुर्दशाग्रस्त है इस को सही कराने के जिम्मेदार अधिकारियों जूं तक नहीं रेंगती आखिर स्कूल जाने वाले बच्चों व सड़क पर निकलने वालें राहगीरों कैसे कठिनाई सामना करना पड़ता है इस खस्ताहाल सड़क पर गुजरते हुए कहीं योगी सरकार का भ्रष्टाचार मुक्त दावा साबित हो रहा हवा हवाई जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्ट ग्राम प्रधान के आगे नतमस्तक हो रहे हैं अब देखना होगा आखिर उक्त सड़क पर कार्य ग्राम प्रधान द्वारा करवाए जाता है या नहीं अगर निष्पक्ष जांच हो जाए तो फस सकतीं हैं कई जिम्मेदार अधिकारियों की गर्दन

# पोषण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार उठा रही अहम कदम: राजेश त्रिपाठी

**शिशुओं का विधायक ने कराया अन्न प्रासन, महिलाओं की गोद भराई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य और जीवन कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दिशा में योगी सरकार द्वारा उठाया गया यह अहम कदम है। यह विचार शुक्रवार को प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी कार्यक्रम ''राष्ट्रीय पोषण माह'' में 17 सितंबर 2025 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हो रहे कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार परियोजना बड़हलगंज द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए विधायक राजेश त्रिपाठी ने व्यक्त किया। तत्तजागरूकता रैली को संबोधित करते हुए विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूहों को पुष्टाहार के उत्पादन और वितरण से जोड़ा गया है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि उनके परिवार की आय में वृद्धि और समाज में सम्मान भी बढ़ा है। यह पहल मिशन शक्ति के आत्मनिर्भरता के संकल्प को मूर्त रूप दे रही है।उन्होंने विशाल पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने हिस्सा लिया। रैली ने पोषण माह के संदेशों को नारों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाया।इसके बाद शिशुओं का अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई विधायक द्वारा की गई। कार्यक्रम में फरसाड़ की आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजली पाण्डेय की लाभार्थी पारूल गौड प्री प्राइमरी में पुरस्कृत हुई। इस अवसर पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोषी राय,ब्लाक कोतआर्डिनेटर अमित शाही,राजेश राय (यूनिसेफ), विशाल राय,कार्यक्रम सहयोगी कप्तान सिंह सहित तमाम आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां उपस्थित रहीं।

# डीएम ने मेला ककोड़ा की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। रोहिलखंड क्षेत्र का मिनी कुंभ कहे जाने वाले जनपद के प्रसिद्ध मेला ककोड़ा को सकुशल रूप से आयोजित कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले को भव्य रूप से आयोजित किए जाने व सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मेले का उद्घाटन 04 नवंबर 2025 को अपराह्न 1:00 किया जाएगा। मेला अवधि 29 अक्टूबर से 12 नवंबर 2025 तक रहेगी।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार मे आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी से स्पष्ट रूप से कहा कि 03 नवंबर 2025 की शाम को जितने कार्य मेला स्थल पर मिलेंगे, उनको फोटो सहित प्रमाणित कराकर दिया जाएगा व उन्हीं का भुगतान कराया जाए। इसलिए सभी तैयारियां

**मेले को भव्य रूप से आयोजित किए जाने व सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए**

**जिलाधिकारी ने झाड़ियों की छटाई कराने, इमरजेंसी मार्ग बनवाने, पब्लिक एड्रेस सिस्टम सहित कंट्रोल रूम बनाने, खोया-पाया केंद्र बनाने, मोबाइल टॉयलेट लगवाने, चिकित्सा व्यवस्था समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये**

समय से पूर्ण कर ली जाए।जिलाधिकारी ने मेला स्थल तक जाने हेतु मार्ग की व्यवस्था, मेले की सुरक्षा व्यवस्था, मेले में लगने वाले विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, यातायात सुविधा, अस्थाई पशु चिकित्सालय, मनोरंजन व्यवस्था और गंगा जल नियंत्रण आदि विभिन्न बिंदुओं पर एक-एक कर चर्चा की व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने झाड़ियों की छटाई कराने, इमरजेंसी मार्ग बनवाने, पब्लिक एड्रेस सिस्टम सहित कंट्रोल रूम बनाने, खोया-पाया केंद्र बनाने, मोबाइल टॉयलेट लगवाने, चिकित्सा व्यवस्था करने व पैरामेडिकल को मरीज के पास तक पहुंचाने की व्यवस्था करने, 10 बेड का अस्पताल बनाने तथा मेले में लगने वाले झूले का इलेक्ट्रिक व फायर सेफ्टी हेतु निरीक्षण करने तथा मेले में बिकने वाली खाद्य सामग्री का समय-समय पर परीक्षण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि मेला ककोड़ा का मुख्य पर्व कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान 05 नवंबर 2025 को होगा। मेला ककोड़ा का इतिहास लगभग 500 वर्ष पुराना है। मेला धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक परंपराओं से पूर्ण है।

इस अवसर पर अनेक साधु संत समाज और जन समुदाय और श्रद्धालु जन एकत्रित होते हैं। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां को समय से पूर्ण कराया जाएगा। 05 नवम्बर को सायं 7:00 बजे से गंगा तट पर गंगा महास्नान व कछला के विद्वानों द्वारा गंगा आरती की जाएगी। 29 अक्टूबर 2025 को झंडी प्रातः 9:00 बजे ककोड़ा देवी मंदिर से मेला स्थल तक जाएगी। मेला स्थल गंगा तट पर हवन-पूजन के साथ ही मेले का शुभारंभ हो जाएगा।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार, पीडी डीआरडीए, डीएसओ, डीपीआरओ सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 'छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र'' वितरण समारोह

संभल। उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित राज्य पोषित पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 की छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रथम चरण में मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 26 सितम्बर, 2025 को उनके कर कमलों से ''छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र'' वितरण समारोह का शुभारम्भ किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसके क्रम में जनपद स्तर पर ''छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र'' वितरण समारोह का सजीव प्रसारण प्रातः 11:00 बजे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में छात्र/छात्राओं को दिखाये जाने के निर्देश दिये गये थे। जनपद सम्भल के अन्य पिछड़ा वर्ग के पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत 2586 छात्र/छात्राओं को 55.58 लाख रूपये एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 योजनान्तर्गत 880 छात्र/छात्राओं को 26.88 लाख रूपये की धनराशि का अन्तरण बैंक खातों में किया गया। इसी प्रकार जनपद सम्भल में अल्पसंख्यक वर्ग के पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत 398 छात्र/छात्राओं को 11.87 लाख रुपये एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 योजनान्तर्गत 289 छात्र/छात्राओं को 9.11 लाख रूपये की धनराशि का अन्तरण बैंक खातों में किया गया। दिलीप कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सम्भल द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज, लहरावन, विकास खण्ड बहजोई, जनपद सम्भल में प्रधानाचार्य, सहायक अध्यक्ष, कार्यालय के वरिष्ठ सहायक आदित्य मिश्र, कनिष्ठ सहायक भूपेन्द्र सिंह सैनी, कम्प्यूटर ऑपरेटर साजिद अली एवं छात्र/छात्राओं के साथ आयोजित हुआ।

## धान, बाजरा, मक्का क्रय की शिकायतों के निस्तारण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**बदायूँ।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान, बाजरा, मक्का क्रय में प्राप्त होने वाली शिकायतें दर्ज करने, प्राप्त शिकायतों के अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु उनके कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष 05832-266127 मोबाइल एवं व्हाट्अप नंबर 8923136221 है। इसके लिए प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कार्यालय के वरिष्ठ सहायक नरेश पाल के साथ सहायक राहुल सक्सेना की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक क्रियाशील रहेगा।

## श्री रामचन्द्र जी की बारात हेतु आधे दिन का अवकाश घोषित

**बदायूँ।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी की बारात (शोभायात्रा) के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी अवनीश राय ने 27 सितम्बर 2025 दिन शनिवार को 02:00 बजे से आधे दिन का अवकाश घोषित किया है।

## प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही रोचक जानकारियां

**बदायूँ।** माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं के संबंध में गत 17 सितंबर से जनपद के बदायूं क्लब बदायूं में संचालित प्रदर्शनी के माध्यम से रोचक जानकारियां दी जा रही हैं। प्रदर्शनी आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 तक संचालित रहेगी।प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी के जीवन के संघर्षों, उपलब्धियों व विजन आदि का सचित्र विवरण बहुत ही भव्य रूप से प्रदर्शित किया गया है वहीं दूसरी ओर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी सहज ढंग से उपलब्ध कराई गई है। आमजन, गणमान्य लोगों विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसको एक सराहनीय प्रयास बताया व उसकी प्रशंसा की।शुक्रवार को लाला छोटे लाल राधेश्याम नवयुवक इंटर कॉलेज बदायूं के अध्यापकों व छात्रों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी के जीवन के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। योजनाओं की जानकारी लेकर उसको आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया ताकि जरूरतमंदों को उसका लाभ मुहैया हो सके।प्रदर्शनी में विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश 2047 में उत्तर प्रदेश कैसा हो, इसके लिए आमजन से सुझाव लिए जा रहे हैं, जिसके लिए बारकोड की व्यवस्था भी प्रदर्शनी में की गई है। आगामी 05 अक्टूबर 2025 तक कोई भी बारकोड स्कैन करके अपने सुझाव सरकार को भेज सकता है। अच्छे सुझाव देने वालों को सरकार की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

## आईरा संगठन के तत्वधान में जलालपुर गांव में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजन

**बदायूँ।** ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) शाखा बिसौली के तत्वधान में जलालपुर गांव में बाला जी आई सेंटर बजीरगंज द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हरेंद्र सिंह बिसौली थाना अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सुनील ठाकुर मंडल अध्यक्ष भाजपा, डॉ. दिलीप वार्ष्णेयनेत्र चिकित्सक, वेदपाल ठाकुर जिला अध्यक्ष आईरा द्वारा फीता काटकर आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर कैंप उद्घाटन किया गया। जतिन ठाकुर आईरा उपाध्यक्ष ने हरेंद्र सिंह कोतवाल व सुनील ठाकुर मंडल अध्यक्ष भाजपा का राहुल गुप्ता तहसील अध्यक्ष आईरा, राहुल शाक्य तहसील प्रभारी और अभिषेक शर्मा का ज्ञान सिंह तहसील उपाध्यक्ष के द्वारा फूल माला पटका पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर में लगभग 116 मरीजों का चैकप कर निःशुल्क दवा वितरण की गई। डा. दिलीप वार्ष्णेय बजीरगंज का बताया कि आंखों की जांच और दवाइयों निःशुल्क दी जा रही हैं। और अगर किसी को आँखों में दिक्कत है। तो आयुष्मान कार्ड होने पर आंखों का मुफ्त ऑपरेशन किया जाएगा। वही प्रोटेक रेमेडीज कंपनी के प्रतिनिधि सौरभ मिश्रा ने बताया कि दवाइयां प्रोटेक रेमेडीज कंपनी की तरफ से मुफ्त वितरण की जा रही हैं। यदि भविष्य में आईरा कैंप लगाती है तो हम निशुल्क दवाइयों से सहयोग करेंगे। इस दौरान धीरेश सिह, रंजीत सिह, भोजपाल सिंह, ठाकुर सुनील सिंह, सत्यभान सिंह, श्री पाल सिंह, मुख्तयार सिंह, सुधीर शर्मा, राजकपूर शर्मा, इंद्रपाल यादव, श्याम सिंह यादव,पुष्पेंद्र सिंह, धीरपाल यादव, ख्यालीराम यादव, बनवारी लाल यादव, महिलाल मौर्य, इंदल मौर्य अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृषि विकास (खेत तालाब) योजना के अन्तर्गत तालाब खुदवाने का सुनहरा मौका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भूमि संरक्षण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास(खेत तालाब) योजना के अन्तर्गत ऐसे लाभार्थी जिन्होंने विगत 7 वर्षों में उद्यान विभाग/कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (स्प्रिंकलर सेट) की स्थापना कराई हो एवं वर्तमान अवस्था में चालू हालत में हो, के लिए कुल बुकिंग का 40 प्रतिशत स्थान आरक्षित किए गए है, शेष 60 प्रतिशत स्थान आरक्षित ऐसे कृषकों के लिए है, जो त्रिपक्षीय अनुबंध कराकर उद्यान विभाग के माध्यम से स्प्रिंकलर सेट की स्थापना कराएंगे।

**जनपद बदायूँ की दोनों योजनाओं के अन्तर्गत कुल-54 तालाबों का लक्ष्य निर्धारित है**

जनपद बदायूँ की दोनों योजनाओं के अन्तर्गत कुल-54 तालाबों का लक्ष्य निर्धारित है। लाभार्थी कृषक कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल थद्दन्द्धदथन्पद्धथद्ध.फ्फ़.द्दधफ.द्धद्ध पर, लघु तालाब (22मी0 बाई 20मी0 बाई 3मी0) जिसकी कुल लागत 1.05 लाख रू0 विभिन्न मदों के माध्यम से आती है, उस पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 52500 रू0 की अनुदानित धनराशि डी0बी0टी0 के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे जाने का प्रावधान है।

वह अपनी बुकिंग agridarshan.up.gov.in पर प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धांत पर कर सकते है, लाभार्थी को 1000 रू0 टोकन मनी के रूप में यू0पी0आई0 के माध्यम से या यूनियन बैंक खाते में जमा करनी होती है। अभिलेखीय औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए लाभार्थी के द्वारा स्वंय तालाब खुदाई एवं पक्के इनलेट का कार्य किया जाता है, तालाब खुदाई के उपरांत प्रथम किस्त 39375 रु0 तथा पक्का इनलेट बनाने के उपरांत दूसरी किस्त 13125 रू0 सीधे लाभार्थी के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भेजी जाती है। लाभार्थी द्वारा खुदाई न करने की स्थिति में टोकन मनी 1000 रु0 जब्त हो जाएगी तथा तालाब खुदाई के उपरांत टोकन मनी की धनराशि को वापस किए जाने का प्रावधान है। तालाब खुदवाने वाले लाभार्थी के लिए पम्पसेट दिए जाने का प्रावधान है जिस पर मुख्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रु0 15000 की धनराशि का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था है।

ऐसे कृषक जो निश्चित आकार के अतिरिक्त आकार का तालाब खुदवाना चाहते है, के लिए अधिकतम रू0 2.0 लाख की धनराशि का मनरेगा दरों पर मनरेगा गाइडलाइन के अनुसार भुगतान किया जाएगा। तालाब की बुकिंग हेतु पोर्टल 02 जून 2025 से सक्रिय हो गया है। इच्छुक लाभार्थी योजना का लाभ उठा सकते है। अधिक जानकारी के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी मनोज रावत से मो0नं0 9818287442, 9807777933 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सदर विधायक ने किया किसान मेले एवं वृहद कृषक गोष्ठी का उद्घाटन

**गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों की खेती करें किसान : सदर विधायक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सहकारी गन्ना विकास समिति बदायूँ के प्रांगण में समिति स्तरीय सर्वे सट्टा मेले एवं वृहद कृषक गोष्ठी का उदघाटन सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कृषकों से गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों की खेती करने एवं मेले में अपनी सभी समस्याओं के निराकरण कराने की सलाह दी। मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए। इफ्को संस्था द्वारा कीटनाशक रसायन एवं सूक्ष्म तत्व छिड़काव के लिए ड्रोन का भी प्रदर्शन किया गया।जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने गन्ना कृषकों के समक्ष विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की एवं सर्वे सट्टा मेले में सभी कृषकों से अपनी समस्याओं के निराकरण की अपील की। मेले में गन्ना समिति बदायूँ द्वारा स्टाल भी लगवाये गये जिसमें विभिन्न कीटनाशक, बायोफर्टिलाईजर, सिंगल बड से नर्सरी तैयार करने का मॉडल प्रस्तुत किया गया।समिति सभापति वेद प्रकाश राठौर द्वारा समिति की भविष्य की योजनाओं जैसे खाद गोदाम का निर्माण, त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान आदि विषय पर अपने विचार रखे गये। मेले मे शेखूपुर चीनी मिल समिति के उपाध्यक्ष सोवरन लाल द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिल सत्र प्रारम्भ होने से पहले कराने की अपील की गई।इस अवसर पर डा0 प्रदीप कुमार वर्मा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, राजीव कुमार सिंह सचिव गन्ना समिति बदायूँ व समस्त राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं सम्बन्धित चीनी मिलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नर्क बना जिला अस्पताल का आईसोलेशन वार्ड, गंदगी से मरीज तीमारदार परेशान

**बदायूं।** पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने सुनीति पेट्रोल के पास एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा देखा जिसके सिर में कीड़े पड़ गए थे। बुधवार को पुलिस की मदद से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है कर्मचारियों ने उस अज्ञात व्यक्ति को हाथ तक नहीं लगाया पशु प्रेमी और पुलिस ने वार्ड तक पहुंचवाया। सिर में कीड़े पड़े मरीज को देखने पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा जिला अस्पताल पहुचे, वहां पता लगा की मरीज आइसोलेशन वार्ड में भर्ती है,वहां जाकर देखा तो आइसोलेशन वार्ड की स्थित बेहद खराब नजर आयी, जिस पर पशु प्रेमी ने वीडियो बना कर सभी उच्च अधिकारियों को भेज दिया है, उन्होंने कहा इससे ज्यादा तो हमारी गौशाला साफ है। यह तो जिला अस्पताल है। अस्पताल का आईसोलेशन वार्ड में रहना किसी नर्क से कम नहीं है। वार्ड में बेड पर गंदगी खून लैटरीन सड़ी हुई रोटी से पूरे वार्ड में बदबू आ रही है। अस्पताल आइसोलेशन वार्ड का नाम सुनते ही मरीजों के मन में उल्टी सी होने लगती है, मरीजों को सबसे बड़ी दिक्कत यह है बदबू की वजह से वार्ड के आसपास बैठना मुश्किल है। मरीजों के बेड के पास लैटरीन पड़ी हुई है। वार्ड में खून फैला हुआ है इससे बदबू के मारे उनका बुरा हाल है।

## नव निर्मित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय का उदघाटन

**सम्भल , बहजोई।** सम्भल के शहजादी सराय स्थित जिलाधिकारी न्यायालय परिसर में विनियमित क्षेत्र सम्भल की अवस्थापना विकास निधि द्वारा नव निर्मित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय का जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालय की दो बालिकाओं द्वारा विधि विधान पूर्वक एवं मंत्रोच्चारण द्वारा एवं फीता काट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट सम्भल सुधीर कुमार,एडीशनल एसपी कुलदीप सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, उप जिलाधिकारी विकास चन्द, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह एवं एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया ईवीएम , वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ई.वी.एम वी. वी . पैट वेयरहाऊस का त्रिमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ़ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने ईवीएम भण्डार कक्ष को चेक किया ।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को कक्षों एवं भवन की साफ सफाई कराने को लेकर निर्देशित किया। संबंधित को दीमक ट्रीटमेंट कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र,तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं नायब तहसीलदार, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला जज, डीएम व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिला न्यायाधीश अमित पाल सिंह, डीएम हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार परिसर का गहन अवलोकन किया और सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के आवासीय बैरकों, भोजन व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय कारागार में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए उन्होंने जेल प्रशासन को नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही भोजन सामग्री का भी परीक्षण किया गया। उन्होंने साफ सफाई और भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई । बंदियों की मेडिकल सुविधा की स्थिति की जानकारी लेते हुए चिकित्सक को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रहरी दल को सजग एवं सतर्क रहकर ड्यूटी निभाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कारागार प्रशासन को यह भी कहा कि बंदियों को सुधारात्मक गतिविधियों जैसे शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास किया जाए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला सहित जेल प्रशासन के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# मोतियाबिंद से होने वाले अंधत्व से मुक्त करने के अभियान का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान की ओर से आज ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन जिला संभल के बबराला में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य संभल को मोतियाबिंद से होने वाले अंधत्व को मुक्त करना हैइस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया ने किया एवं निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भी फीता काटकर शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुकों को संबोधित करते हुए संभल शहर को एक उत्कृष्ट एवं जागरूक जिला बनाने की अपील की उन्होंने मोतियाबिंद से होने वाले अंधत्व को दूर करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के लिए सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान साइटसेवर इंडिया एवं चोलामंडलम फाइनेंस लिमिटेड का धन्यवाद दिया और कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि संभल से इस अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्राचीन वेदों पर भी प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि वेद जीवन के हर पक्ष को छूते हैं। प्रत्येक नागरिक हमारे लिए देवतुल्य है। जिलाधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 अभियान के विषय में भी बताया उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के लिए? 12 सेक्टर में से किसी भी क्षेत्र में सभी लोग अपने सुझाव दें।एक सिम कार्ड से तीन सुझाव दिये जा सकते हैं। उन्होंने मिशन शक्ति 5.0 अभियान तथा सम्भल कल्कि महोत्सव विकासोत्सव तथा एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान एवं घर बने पुस्तकालय, प्लास्टिक मुक्तिकरण के विषय में भी बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर आशी खुराना ने संस्थान के द्वारा प्रदान की जा रही नेत्र सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने पद्वद्दद्धप्पथफ्द्गन्प इंडिया के साथ मिलकर सम्भल को मोतियाबिंद से होने वाले अंधत्व से मुक्त करने की अपील की,उन्होंने बताया कि संस्थान की नेत्र जांच टीम मरीजों का चिन्हिकरण करेगी एवं उन्हें नेत्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने वसुदेव कुटुंबकम की भावना को चरितार्थ करते हुए कहा कि हमारा संस्थान हर आयु वर्ग एवं समुदाय तक पहुंचकर उत्तम गुणवत्ता के साथ उन्हें नेत्र स्वास्थ्य चिकित्सा दे रहा है,जिसके लिए हमारी आउटरीज टीम पूरी तन्मयता के साथ काम कर रही है कार्यक्रम में श्री आर एन मोहंती कंट्री हेड- साइट सेवर इंडिया ने बताया की उत्तर प्रदेश के 19 जनपदों में ऐसा कार्यक्रम चलाया जा रहा है,कार्यक्रम के अंतर्गत गरीब और असहाय और सुदूर क्षेत्रों में बसे हुए लोगों तक गुणवत्ता पूर्ण नेत्रस्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का हमारा उद्देश्य है कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद से होने वाले अंधत्व से ग्रसित लोगों की पहचान कर उनको प्राथमिकता के आधार पर नेत्र चिकित्सा सेवाएँ दी जाएगी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदौसी में 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदौसी में 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं जागरूक बनाना रहा। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती इन्दु रानी, पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, चंदौसी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही मिशन शक्ति टीम के सदस्य श्री राम दुलारे सिंह, सब-इंस्पेक्टर, चन्दौसी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक रहे डॉ. नरेंद्र सिंह पाल, प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई, चंदौसी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए महिला सशक्तिकरण के विषय पर प्रेरणादायक उद्बोधन करते हुये बताया कि मिशन शक्ति केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति का प्रतीक है। इसका उद्देश्य हमारी माताओं, बहनों और बेटियों को वह आत्मविश्वास और अवसर प्रदान करना है, जिसके वे पूर्ण रूप से अधिकारी हैं। आज की नारी शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बन रही है। हमें केवल उनका साथ देना है, उन्हें मंच और सम्मान देना है। राजकीय आईटीआई, चंदौसी, इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है कि महिला प्रशिक्षणार्थियों को उच्चतम तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक कौशल प्रदान किया जाए। मिशन शक्ति के माध्यम से हम सभी यह संदेश देना चाहते हैं कि नारी अबला नहीं, सबला है। समाज की सच्ची प्रगति तभी संभव है जब हम महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का स्थान दें। प्रधानाचार्य महोदय के इस प्रेरणादायक भाषण ने सभी उपस्थित लोगों को महिलाओं के प्रति अपने दृष्टिकोण और भूमिका पर पुनः विचार करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद, प्रश्नोत्तर, और जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों की सराहना की और इस पहल को भविष्य में और अधिक व्यापक रूप से लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों में श्री मुकेश कुमार गौतम फोरमेन, श्री देवेन्द्र सिंह फोरमेन बबराला, श्री सुधीर सिंह, श्री शिवम, श्री मनोज कुमार, श्री सुधाकर मिश्रा, श्री अनिल गुप्ता व श्री कीर्तिपाल शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

## बिलारी में बोर्ड परीक्षा में टॉपर बेटियां बनी एसडीएम और तहसीलदार

मुरादाबाद । बिलारी में बोर्ड परीक्षा में टॉपर बेटियां बनी एसडीएम और तहसीलदार। उन्होंने जन समस्याएं सुनी और विभिन्न पटलों के प्रशासनिक कार्यों के बारे में ली जानकारी। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज- 5 के अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। तहसील बिलारी में मिशन शक्ति के अंतर्गत बोर्ड परीक्षा टॉपर्स बेटियों ने सांकेतिक रूप से एसडीएम और तहसीलदार की कुर्सी संभाली तथा जनसुनवाई की। एसडीएम के रूप में रितु गर्ग और तहसीलदार के रूप में इरम फातिमा तहसील पहुंची जहां एसडीएम श्री विनय सिंह ने उनका स्वागत किया।इसके बाद दोनों बेटियों ने अपनी अपनी कुर्सी संभाली और जनसुनवाई शुरू की।जनसुनवाई में आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भी लिखा। इसके बाद एसडीएम और तहसीलदार के रूप में बेटियों ने पूरे तहसील परिसर का निरीक्षण भी किया तथा विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों पर पहुंचकर वहां होने वाले विभागीय कार्य और जनहित की योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

# पोर्टल के माध्यम से बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार का अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रोजगार संबंधित सूचना और समस्याओं के निस्तारण के लिये 155330 पर करें कॉल**

बदायूं। जनपद में अब बेरोजगारों को रोजगार की कमी नहीं होगी। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को आहूत जिला कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि शासन स्तर से रोजगार संगम पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in बनाया गया है, जिस पर हाई स्कूल से कम तथा आईटीआई, स्नातक, डिप्लोमा व इंजीनियरिंग पास व अन्य रोजगार के इच्छुक युवा व रोजगार देने वाले नियोक्ता अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहे कुछ समिति सदस्यों पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की।कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जिला रोजगार सहायता अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनपद में अधिक से अधिक नौकरी देने वाले नियोक्ताओं जैसे एच0पी0सी0एल0 व 50 करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर वाली कंपनियों आदि विभिन्न कम्पनियों, संस्थानों का पंजीकरण कराएं, जिससे जनपद में रोजगार सृजन होगा व बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।उन्होंने बताया कि रोजगार प्रक्रिया के संचालन और निगरानी के लिए एक ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की गई है, इसके अंतर्गत रोजगार संगम पोर्टल की स्थापना की गई है जिसमें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं जैसे जॉब सीकर, नियोजकों एवं रिक्रूटमेंट एजेंसियों का पंजीकरण, शैक्षिक संस्थाओं व कॉलेजों का पंजीकरण, कैम्पस प्लेसमेंट की व्यवस्था आदि हैं। इसके अतिरिक्त रोजगार संबंधित सूचना और समस्याओं के लिए इंटीग्रेटेड कॉल सेंटर का संचालन किया गया है इस कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 155330 है। यहां से जॉब सीकर्स को मार्गदर्शन और सहायता मिल सकती है।जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशिकांत ने जानकारी देते बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर 13 व्यावसायिक शिक्षा, 15 उच्च शिक्षा, 02 चिकित्सा शिक्षा व 03 प्राविधिक शिक्षण संस्थान सहित कुल 33 संस्थान पंजीकृत हैं, वहीं जनपद में जनपद के 22 सरकारी विभाग व क्षेत्र, 02 अर्ध सरकारी विभाग व क्षेत्र तथा 05 निजी क्षेत्र सहित कुल 29 नियोक्ता पंजीकृत हैं, जिनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।इस अवसर पर पीडी डीआरडीए, उप निदेशक कृषि, आईटीआई प्रधानाचार्य, बदायूँ सिटी मॉल के प्रोपराइटर प्रतीश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व समिति सदस्य मौजूद रहे।

# इंजीनियरिंग-कॉलेज में ड्रोन उड़ने पर धरने पर बैठीं छात्राएं, कॉलेज प्रशासन से सुरक्षा की मांग

**सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112 पुलिस टीम पहुंची, लेकिन ड्रोन उड़ाने वालों का सुराग नहीं लग पाया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बीटेक कैंपस के परिसर में देर रात एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई देने से छात्राओं में दहशत फैल गई। घटना के बाद छात्राओं ने खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए धरना शुरू कर दिया। बीते दो घंटे से छात्राएं कैंपस में धरने पर बैठी रही। हाथों में डंडे लेकर न्याय और सुरक्षा की मांग कर रही थी।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं का कहना है कि गुरुवार की रात के समय कॉलेज की बिल्डिंग के ऊपर ड्रोन उड़ रहा था।उन्होंने इसकी सूचना तत्काल कॉ लेज प्रशासन और पुलिस को दी। मौके पर डायल 112 पुलिस टीम पहुंची, लेकिन ड्रोन उड़ाने वालों का सुराग नहीं लग पाया। जिसको लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं ने शुक्रवार की सुबह सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।इस दौरान छात्राओं ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए।उनका आरोप है कि कॉलेज प्र शासन ने अब तक सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए हैं।वहीं छात्राओं की मांग है कि रात्रि में गार्ड की तैनाती हो। सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए।ड्रोन उड़ाने वालों का जल्द से जल्द पता लगाया जाए।मूलभूत सुविधाएं जैसे लाइट और सुरक्षा,उपलब्ध कराई जाएं।इस धरने में छात्र भी शामिल हो गए।उन्होंने बताया कि देर रात दो संदिग्ध लोग हॉस्टल की छत पर चढ़ गए थे और बाद में वहां से फरार हो गए।छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि पूरी फीस जमा करने के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रहीं।

### छात्राओं के धरने से कालेज प्रशासन में हड़कंप

इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं के धरने की सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन सक्रिय हो ग या और छात्राओं को समझाने का प्रयास किया छात्राओ को अवशासन दिया गया कि साथ ही रात में ही कैंपस में सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन ड्रोन उड़ाने वालों का अभी कोई सुराग नहीं मिला है।

## अमावां में एक दिन की बीडीओ बनीं नवोदय में चयनित छात्रा रेशमी

रायबरेली। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को अमावां विकास खंड की खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी उच्च प्राथमिक विद्यालय हिलगी की प्रतिभाशाली छात्रा रेशमी को एक दिन के लिए सौंपी गई।रेशमी हाल ही में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-9 में चयनित हुई हैं। उनके उत्साह और प्रतिभा को देखते हुए खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने उन्हें एक दिन के लिए ''बीडीओ'' का दायित्व सौंपा और दो घंटे तक कार्यालय संचालन का अवसर प्रदान किया। बीडीओ की भूमिका निभाते हुए रेशमी ने न केवल अधिकारियों से पत्रावलियां तलब कीं, बल्कि उन्हें गंभीरता से पढ़कर आगे बढ़ाया। जनता द्वारा पूछे गए सवालों का उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया और कर्मचारियों को ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन प्रदान करने का व्यापक कार्यक्रम है।

# जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच विराट शिरोमणि, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला, चिकित्सालय सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने डीएम, एसपी, अपर जिला जज, सीजेएम के साथ कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों को कपड़ा, खिलौना, बिस्कुट व चॉकलेट इत्यादि का वितरण भी किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर अंकित कुमार व माधुरी तिवारी, डॉ अनिल कुमार वर्मा व अन्य संबंधित मौजूद रहें।

# नगर पालिका व पुलिस को नहीं दिखता फुट पाथ व सड़क पर अतिक्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। गरीबों के ठेले खोमचे को हटाकर अतिक्र मण विरोधी अभियान से इतिश्री कर लेने वाला नगर पालिका परिषद महकमा व अधिकारी रसूखदारों के अतिक्रमण के आगे नतमस्तक है। पिछले कुछ सालों में गोंडा के रसूखदार अतिक्रमण कारियों के खिलाफ नगर पालिका परिषद का बुलडोजर नहीं चला है।तभी तो अतिक्रमण कारी फुटपाथ,बरामदे व सड़क तक काबिज हैं।

नगर पालिका परिषद, पुलिस और अतिक्रमण कारि यों की तिकड़ी ने देवीपाटन मण्डल मुख्यालय की सूर त बिगाड़ दी है।गोंडा - लखनऊ रोड ऑटो गैरज की दुकान और वी टू मॉल के अतिक्रमण के कारण वहां की यातायात व्यवस्था चौपट हो चुकी है।यहां पर दुका नदार ने सड़क किनारे आधी सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर रखी है और मैकेनिक उसी सड़क पर गाड़ी की मरम्मत करते है।वही ग्राहकों के वाहन सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं।जिसके कारण इस सड़क पर लोगों का आवागमन बाधित रहता है।वही अंबेडकर चौराहे पर बनी दुकान अतिक्रमण का आदे श होने के बाद एक तरफ तो तोड़ दिया गया लेकिन दूसरी तरफ रसूखदारों के होने के कारण प्रशासन बुलडोजर चलाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया है अब आप इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि रसूखदार अति क्रमण कारी पर पूरा सिस्टम कैसे मेहरबान होता है।इसी तरह गोंडा - उतरौला रोड गुरु नानक चौराहे से लेकर गुड्डू माल चौराहे तक ठेले और ई-रिक्शा वालो ने फुट पाथ पर कब्जा कर रखा है।अपने ठेले फुटपाथ पर खड़े कर पैदल चलने वालों का रास्ता भी छीन लिया है।इस दुकान के बाहर भी बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े रहते हैं।इसपर भी नगर पालिका परिषद औऱ पुलिस कर्मों मेहर बान हैं।इसके अलावा गुरु नान क चौकी से लेकर बड़गांव पुलिस चौकी तक टिक्की छोले-भटूरे की कई दुकाने सड़क पर काबिज हैं।वही बड़गांव पुलिस चौकी बहराइच रोड पर यातायात पुलि स चौकी बूथ के बगल कुछ फल वालों ने सड़क तक कब्जा कर रखा है।यहां अक्सर जाम की स्थिति रहती है।बेतरतीब गाड़ियां खड़ी करने पर विवाद होता है इसी तरह बड़गांव पुलिस चौकी से स्टेशन रोड जय नारायण चौराहे तक ठेले और दुकानो का अतिक्रमण है।इसके अलावा उक्त इलाके में छोटे-मोटे तमाम अति क्रमण हैं लेकिन इन लोगों का नाम शहर के रसूखदार अतिक्रमण कारियों में लिया जाता है।अतिक्रमण के एवज में वसूली का खेलः शहर के तमाम ऐसे इलाके हैं,जहां पर ठेला-खोमचा या फिर दुकान लगाने के एव ज में नगर पालिका परिषद के कुछ कर्मी वसूली करते हैं।

इस खेल में पुलिस कर्मी भी पीछे नहीं हैं।सूत्र बताते हैं कि पूरे शहर में हर महीने लाखो की वसूली का खेल चल रहा है।इस वसूली को निचले स्तर के कर्मी वसूल ते हैं।चर्चा यह भी है कि वसूली गई रकम का बड़ा हि स्सा ऊपर तक पहुंचता है।ऐसे में पूरे शहर की व्यव स्था का अंदाजा स्वतः ही लगाया जा सकता है।कि कर्मचारी उच्च अधिकारियों का आदेश तक नहीं मान ते है

# जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट शहर के कई इलाकों में किया पैदल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में जुमे की नमाज और नवरात्रि के त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।पुलिस अधीक्षक के द्वारा शहर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों एवं मस्जिदों का निरीक्ष ण कर धर्मगुरुओं,नमाजियों,आमजन एवं राह गीरों से वार्ता की गई तथा उन्हें सुरक्षा का एह सास दिलाया गया।यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।शुक्रवार की नमाज़ के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में पर्या प्त पुलिस बल की तैनाती की गई है,स्थानीय अभिसूचना इकाई द्वारा लगातार सक्रिय होकर निगरानी की जा रही है।साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों एवं महिला पुलिस की संयुक्त टी मों को भी लगाया गया।मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन कैमरों से नि गरानी रखी गई।सोशल मीडिया सेल के द्वारा ट्विटर,फ़ेसबुक,व्हाट्सएप ग्रुप आदि सभी प्ले टफार्मों पर लगातार निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी,क्षेत्राधि कारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षे त्रों में फ्लैगमार्च,पैदल गश्त करते हुए लगातार भ्रमणशील रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया।इस दौरान मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर जुम्मे की नमाज़ सकुशल सम्पन्न कराई गई।इस अव सर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज राव त क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर विवेक त्रिवेदी व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण एवं पुलिस लाइन में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य के लिए कैम्प का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मिशन शक्ति अभियान के तहत वामासा र्थी एसोसिएशन के तत्वाधान में महिला सश क्तिकरण,महिला उत्पीड़न व घेरलू हिंसा के वि रुद्ध जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ महिला ओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए पुलिस लाइन परिसर में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराया गया।इस स्वास्थ्य कैम्प में महिला पुलिस कर्मि यों एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जाँच में मुख्य रूप से थायरॉइड, एनीमिया,रक्तचाप,क्षय रोग, एवीओएम, बीपी, हिमोग्लोबिन आदि की जांच की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा टीम द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को न केवल सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जाग रूक किया जा रहा है,बल्कि उनके स्वास्थ्य की दृष्टि से भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया है,जिससे महिला पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजनों को लाभान्वित किया जा सके।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, वामा सार्थी उपाध्यक्ष भाविका,प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति कार्यक्रमः हुकुम सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा बनीं एक दिन की थाना प्रभारी

**थाना प्रभारी छात्रा दिव्यांशी सिंह ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज, बहराइच। शक्ति पर्व शारदीय नवरात्रि मिशन ''सशक्त नारी समृद्धि प्रदेश'' के अंतर्गत मिशन शक्ति का पांचवा चरण के क्रम पुलिस अधीक्षक बहराइच राम नयन सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी कैसरगंज विजेंद्र मिश्रा के संयोजन में पुलिस विभाग के द्वारा स्थानीय हुकुम सिंह इंटर कॉलेज परिसर में बालिकाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मिशन शक्ति के बारे में बताया गया की वर्तमान 1647 थानों में महिला की सुरक्षा सहयोग एवं संरक्षण हेतु समर्पित मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापना की गई है, उत्तर प्रदेश शासन व केंद्र सरकार की स्पष्ट मंशा महिला सुरक्षा की प्राथमिकता को लेकर है, जिसके लिए वह मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई, विमेन पावर लाइन, 1090, ऑनलाइन फैमिली काउंसलिंग आदि सहित कई विषयों पर लगातार तेजी से काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने 44177 महिला पुलिसकर्मियों को नियुक्त कर महिलाओं की सम्मान और विश्वास को बढ़ाया है। कार्यक्रम में महिला आरक्षी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की बालिकाएं शिक्षण के लिए विद्यालय आते जाते समय या किसी विषम स्थिति में सरकार द्वारा निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों का सहारा ले सकते हैं जिनकी गोपनीयता के साथ-साथ उनकी सुरक्षा, संरक्षा व समस्या के निदान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने 112, 1076, 1098, 181, 108 व 1090 आदि सेवाओं की जानकारियां दी। विद्यालय परिसर के कार्यक्रम के बाद महिला आरक्षण द्वारा चयनित विज्ञान वर्ग कक्षा 12 की छात्रा दिव्यांशी सिंह को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सरकारी वाहन से स्थानीय थाना कैसरगंज ले जाया गया जहां उसे एक दिन का थाना प्रभारी का कार्यभार दिया गया, इसके उपरांत थाना प्रभारी बनी छात्रा ने आए हुए फरियादियों की समस्या सुन उन्हें सुझाव देते हुए निस्तारित किया। उक्त कार्यक्रम में उप निरीक्षक बाबूलाल विश्वकर्मा, आरक्षी सूर्यकांत पांडे, महिला सिपाही गायत्री शुक्ला, दीपिका त्रिवेदी, आरती यादव, पप्पी चौधरी आदि पुलिसकर्मी, हुकुम सिंह सिंह इंटर कॉलेज महिला शिक्षिका डॉ. शकुंलता सिंह, डा.बबीता रानी श्रीवास्तव, विन्दू, रीता सिंह, वंदना, शिखा सिंह आदि सहित छात्राएं उपस्थित रही।

# खोराबार के रामपुर (रा) में ग्राम चौपाल का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। विकासखंड खोराबार के ग्राम सभा रामपुर(रा) स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का मुख्य विषय सरकार द्वारा बनाए जा रहे फैमिली कार्ड और उसकी उपयोगिता रही, साथ ही ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं व योजनाओं पर भी चर्चा हुई।ग्राम पंचायत अधिकारी गरिमा सिंह ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि फैमिली कार्ड का उद्देश्य भविष्य में बेहतर योजनाएं बनाना है, जिससे हर परिवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि फैमिली कार्ड बनने से पेंशन, आवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी मूलभूत जरूरतें आसानी से पूरी हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि फैमिली कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड और उससे जुड़ा मोबाइल नंबर आवश्यक है। ग्रामीण अपने पंचायत भवन में तैनात कर्मचारियों से कार्ड बनवा सकते हैं।चौपाल के दौरान महिला समूह के गठन, आवास, मनरेगा कार्यों और ग्राम पंचायत की अन्य समस्याओं पर भी विशेष चर्चा की गई। यह पूरा कार्यक्रम विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 और मिशन शक्ति 5.0 के तहत पंचायती राज एवं ग्राम विकास विभाग द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का हिस्सा रहा।इस अवसर पर कृषि विभाग से अमुल्य निधि तिवारी, ग्राम प्रधान लाल बचन निषाद, विशाल गुप्ता, अभय निषाद, दिनेश कुमार, राजकुमार, अश्विनी साहनी, सुनीता, सरस्वती, सदानंद निषाद सहित सफाई कर्मी छोटेलाल, नीलम देवी और दिवाकर मौजूद रहे।

# पुलिस का इकबाल खत्म, बदमाशों का बुलंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथबदमाशों के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति अपना रही है।वहीं, दूसरी ओर बेखौफ बदमाश भी आये दिन नयी-नयी वारदातों को अंजाम देखर पुलिस के इकबाल को खुलेआम चुनौती देते नजर आ रहे हैं।पुलिस के होने से नागरिकों को सुरक्षित होने का अहसास होता है,मगर जि ले के लोग इसमें धोखा खा रहे हैं।उन्हें लगता है कि पुलिस है तो सुरक्षित हैं, मगर जब लुट-पिट जाते हैं,तब पता चलता है कि पुलिस कहीं सीन में ही नहीं है,केवल धोखा है।अगर कहीं कुछ है तो वह है बदमाशों की बादशाहत। बदमाशों का आतंक कायम है, क्योंकि नाकाबिल अफसरों के हाथों में पुलिस की कमान है।अपराधियों के आगे पुलिस हांफ रही है।जब चाहे बदमाश पु लिस के इकबाल को रौंदते हुए सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देने के बाद भाग निकलने में कामयाब हो जाते हैं और पुलिस केवल पीब छा करती रहती है।बदमाशों ने यह मान रखा है कि जिले में पुलिस का कोई मतलब नहीं है।इसके पीछे भी पुलिस की कार गुजारी ही सा मने आती है।उल्टा सीधा खुलासा करने वाली पुलिस शातिर अपराधियों को जेल नहीं भेजती जिसके कारण असली अपराधी फरारी काटते हुए घटनाओं को लगातार अंजाम देते रहते हैं। वक्त-वक्त की बात है,जब पुलिस का नाम सुनते ही आम आदमी से लेकर अपराधी तक कांपने लगते थे।पहले थानेदार की जीप आते ही सन्ना टा पसर जाता था,लेकिन लगता है अब यह बी ते दिनों की बात हो चुकी है।आम लोगों से लेक र पुलिस महकमे तक में यह चर्चा आम है कि अब पुलिस का खौफ पहले जैसा नहीं रहा।ऐसे में पुलिस विभाग की साख पर सवाल उठना लाजिमी है।कुछ लोगों का मानना है कि इसके पीछे राजनीतिक दबाव है,तो कुछ पुलि स की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हैं।

### खुलासा न होने से बदमाशों के हौसले बुलंद

परसपुर थाना क्षेत्र में स्थित राजमंदिर में 16 जुलाई की रात्रि में चोर मंदिर का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए। चोरों ने मंदिर रखी अष्टधातु की बेशकीमती तीन मूर्तियां व सिंहासन चुरा ले गए।चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि थाने से पांच सौ मीटर दूर स्थित मंदिर में चोरी की वार दात को अंजाम दिया गया।मगर पुलिस को भ नक तक नहीं लग सकी।सुबह जब श्रद्धालु मं दिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति गायब थी।लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिस पर परसपुर पु लिस मौके पर पहुंचे।जि न्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली थी।दो महीने दिन बाद भी परसपुर पुलिस के हाथ खाली हैं।अष्टधातु की लड्डू गोपाल, भगवा न राम और लक्ष्मण की मूर्तियां चोरी हो गई थीं मुकदमा दर्ज हुआ था,सीसीटीवी में संदिग्ध कैद होने के बावजूद दो महीने से अधिक बीत गया लेकिन पुलिस अब तक मूर्तियां बरामद नहीं क र पाई।स्थानीय लोग और व्यापारी कई बार पु लिस से मिले,मगर नतीजा शून्य रहा।मूर्ति चोरी का खुलासा न होने से श्रद्धालुओं और व्यापाब रियों में गहरा आक्रोश है।स्थानीय लोगों का क हना है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही।जब भी थाने जाते हैं तो पुलिसकर्मी उन्हें ल्लदबाव बनाने आयाङ्क कहकर टाल देते हैं। इससे असंतोष और गहरा हो गया है,थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया की मूर्तियों की बरामद गी के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हुई हैं।औ र कई बिंदुओं पर काम हो रहा है।शीघ्र ही चोरों का पता लगाकर मूर्तियां बरामद की जाएंगी।

# डुमरी गांव में करंट से चाचा-भतीजे की मौत, ग्रामीणों ने किया रोड जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। ग्राम पंचायत तिवरान के धोबहा टोला निवासी चन्द्रेश बयालीस वर्ष और उनके चाचा रामबेलास अठावन वर्षकी करंट लगने से मौत हो गई।घटना के बाद दोनों को आनन-फानन में ठर्रापार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने दोनों शवों को सहजनवां-बखिरा मार्ग पर रखकर जाम कर दिया और बिजली विभाग के जे.ई. पर कार्रवाई व मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता व रोजगार देने की मांग करने लगे।सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सहजनवां केसरी नंदन तिवारी ने पीड़ित परिवार को पांच-पांच लाख रुपये की सरकारी सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शव पोस्टमार्टम को सौंपा और जाम समाप्त हुआ।परिजनों का आरोप है कि लंबे समय से ट्रांसफार्मर से निकली लटकती केबल की शिकायत की जा रही थी, लेकिन घघसरा पावर हाउस के जे.ई. ने ध्यान नहीं दिया। हादसे वाले दिन चन्द्रेश पानी भरे स्थान पर लटकते तार को ठीक कर रहे थे, तभी करंट की चपेट में आ गए। उन्हें बचाने में चाचा रामबेलास भी झुलसकर जान गंवा बैठे।चन्द्रेश अपने पीछे छह वर्ष का बेटा और पांच वर्ष की बेटी छोड़ गए। वहीं रामबेलास की पत्नी रीता देवी पहले से ही बीमार हैं और उनकी कोई संतान नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे व प्रत्याशी रहे विकास राज ने भी पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

### आज जनपद पहुंचेंगे मुख्यमंत्री, वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का करेंगे दौर

बहराइच । मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, योगी आदित्यनाथ जी का 27 सितम्बर 2025 को जनपद बहराइच का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मुख्यमंत्री जी वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर अपरान्ह 02:05 बजे तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम मंझारा तौकली पहुंचकर वन्यजीव प्रभावित ग्रामवासियों से वार्ता करेंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह 02:45 बजे मा. मुख्यमंत्री जी जनपद श्रावस्ती के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

# प्राथमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के औषधीय व फूलों के पौधे लगाए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा दिनांक 21 सितंबर को शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मिशन शक्ति फ़ेस पांच का शुभारंभ पूरे प्रदेश में किया था। इसी के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में दिनांक 21 को एक बच्ची को मां दुर्गा के अवतार में सजाया गया था।वह उनके चरित्र से सभी बालिकाओं को अवगत कराया गया इसी क्रम में दिनांक 22 को प्राथमिक विद्यालय में मां दुर्गा के नौ रूपों के वर्णन के साथ-साथ बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी एक रैली के माध्यम से दी गई। इसी क्रम में दिनांक 23 को विद्यालय की एक बालिका को एक दिन का प्रधानाध्यापिका बनाकर उसे प्रोत्साहित किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 24 को बालिकाओं को ऐतिहासिक प्रेरणादायक व्यक्तित्व जैसे रानी लक्ष्मीबाई आदि के चरित्र से परिचित कराते हुए उन्हें प्रोजेक्टर पर मूवी दिखाई गई इसी क्रम में दिनांक 25 को बच्चों को बैंक का भ्रमण करवा कर उन्हें बैंक प्रणाली आदि की संबंध में जानकारी प्रदान की गई। दिनांक 26.9.2025 को उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित मिशन शक्ति फ़ेस 5 के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में नगर की प्रख्यात समाज सेविका लेखिका व कवित्री संगीता सिंघल व उनकी संस्था जागृत ग्रैनी 3 के सभी सदस्यों ने विद्यालय में आकर विद्यालय के बच्चों को उत्साहवर्धन व ज्ञानवर्धन किया हैं।साथ ही साथ उनके साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की व बच्चों को ट्रॉफी बिस्किट कॉपी किताब पेंसिल आदि भेंट किया। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के औषधीय व फूलों के पौधे लगाए जिसमें बच्चों के साथ-साथ उनकी मानों ने भी प्रतिभागी किया अंत में प्रधानाध्यापिका डॉक्टर सुगंध अग्रवाल के द्वारा सभी का सादर धन्यवाद प्रेषित किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार से उनकी संस्था के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन देने की हेतु निवेदन किया गया हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ रजनी शर्मा व रणदीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# जीएसटी दरों में कटौती से आम जनमानस को मिली राहत : मयंकेश्वर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने शुक्रवार को कस्बा अहोरवा भवानी एवं राजा फत्तेपुर चौराहे पर दुकानदारों को जीएसटी के फायदे गिनाये और गर्व से कहो स्वदेशी है का पम्पलेट दुकानों पर चिपकाया।राज्यमंत्री ने घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का नारा लगाते हुये कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से आम जनमानस को काफी राहत मिली।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा कि सरकार ने आम से खास तक को राहत प्रदान करने के लिये जीएसटी दर में कटौती की है। जीएसटी टू शारदीय नवरात्र से ही लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले से आम लोगों को त्योहारों में तोहफा देने की घोषणा की थी।जीएसटी टू लागू होने से आम और खास लोगों को राहत मिली है।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि सरकार ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिये हेल्पलाइन नम्बर और पोर्टल जारी किया है। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिये भी विभाग तैयार है।राज्यमंत्री ने घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगवाते हुये ''गर्व से कहो स्वदेशी है'' के पोस्टर और पम्पलेट व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर चिपकाये।राज्यमंत्री ने कस्बा राजा फत्तेपुर में रुद्रिका आभूषण भण्डार का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया।इस मौके पर प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,सुरेन्द्र बहादुर सिंह, धर्मेश मिश्रा, सत्य नारायण सिंह,कौशलेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय,शिरीष गुप्ता,गौरव श्रीवास्तव, धनंजय तिवारी, राहुल पाठक, रियाज अहमद, सुजीत पाण्डेय,कुलदीप मिश्रा, आशीष नंदन त्रिपाठी, अनादि मिश्रा, लल्लन सिंह, पप्पू मिश्रा, अनुराग मिश्रा,सुनील पासी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र में बहाई विकास की गंगा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर हो रहे कार्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। विकासखंड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने अपने ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतो में लगातार विकास कार्य करा रही है। अपने विकास खण्ड के विभिन्न गांव में स्वयं पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करा रही हैं। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनती हैं। और उनका समाधान करवाती है।जनता दरबार में मिलने वाली ग्राम पंचायत से संबंधित समस्याओं को स्वयं जाकर देखती हैं और विकास कार्य करा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करती है।विकासखंड मरौरी में विकास के नए आयाम स्थापित करने का श्रेय भी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा को जाता है। विकासखंड मरौरी में स्थित पशु चिकित्सालय की हालत काफी दयनीय थी। ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई।जानकारी लगते ही ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने पशु चिकित्सालय की मरम्मत करा कर उसको नया रूप दिया हैं। ब्लॉक प्रमुख द्वारा कराए जा रहे हैं। लगातार विकास कार्यों से विरोधी बौखला गए हैं। ब्लॉक प्रमुख द्वारा लगातार विकास कार्यों से ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित ग्रामीण काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा द्वारा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गांव गांव में सड़के पुलिया सहित अन्य कार्यों का निर्माण कर कर ब्लॉक प्रमुख ने नए आयाम स्थापित किए हैं।

# समाज और परिवार को सशक्त बना रही महिलाएं : अनुपमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



महिलाओं बालिकाओं के लिये करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा की जानकारी दी गई

अमेठी । मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से विशेष करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न अवसरों की जानकारी विस्तार से प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन व अवसर मिले तो वे समाज और परिवार दोनों को सशक्त बना सकती हैं। महिला सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया।उन्होंने कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नम्बरों और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहायता सेवाओं की जानकारी साझा करते हुये कहा कि महिलाओं को अब निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिये। कार्यक्रम में स्वरोजगार के अवसरों पर भी विशेष चर्चा हुई। जिला उद्यमिता कार्यालय से राजेश भारती ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की संपूर्ण जानकारी दी।उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपना स्वयं का उद्यम स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । भाजपा के जिला कार्यालय पर जनपद आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं अमेठी जनपद के प्रभारी शंकर गिरी रहे।कार्यशाला का उद्देश्य जिले के विकास को गति देना,स्थानीय नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे पीएम स्वरोजगार योजना,स्टार्टअप इंडिया, स्किल डेवलपमेंट मिशन आदि पर प्रकाश डाला।उन्होंने युवाओं, किसानों,महिला उद्यमियों और शिल्पकारों को विशेष रूप से प्रेरित किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों।भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नही बल्कि हर भारतवासी का संकल्प है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वे गांव-गांव जाकर आम जनता को इस अभियान से जोड़ें और उन्हें जागरूक करें।कार्यशाला में मनोज जायसवाल, मनोज तिवारी,धर्मेंद्र गिरी अजय द्विवेदी, चंद्र मौलि सिंह सहित अन्य तमाम पदाधिकारी विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि,उद्यमी,युवा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्यारहवीं की छात्रा वर्षा उपाध्याय बनी एक दिन की एसडीएम



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उददेश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत अमेठी में एक अनोखी पहल की गई। तहसील गौरीगंज में उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी के नेतृत्व में राजकीय बालिका विद्यालय गौरीगंज की कक्षा ग्यारह की छात्रा वर्षा उपाध्याय को एक दिन का उपजिलाधिकारी बनने का अवसर प्रदान किया गया।एसडीएम की भूमिका निभाते हुये वर्षा उपाध्याय ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों का जायजा लिया और साफ–सफाई, फाइलों एवं अभिलेखों के रख–रखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय में जनसुनवाई करते हुये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने बालिका एसडीएम की लगन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## एडीएम ने गुलाबगंज के जयराम को छह माह के लिये किया जिला बदर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिन व्यक्तियों का आस–पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है।अपर जिला मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने जयराम यादव पुत्र सिद्धनाथ यादव, निवासी ग्राम गुलाबगंज मजरे राजापुर थाना इन्हौना जनपद–अमेठी को आदेशित तिथि तीन सितम्बर से छह माह की अवधि के लिये जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिये हैं। जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिये गये हैं।

## समाजवादी पार्टी की पीडीए जन चौपाल का जटपुरा में हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम हटुआ बिजलिहाई, जटपुरा एवं चहलोरा में सपा पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता 128 विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट ने की है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर रहे है। इस मौके पर बालकराम सागर,सतीश वर्मा,संजय सिंह यादव,नरेश कुमार सागर,अशोक कुमार वर्मा,चिरौंजी लाल,राजीव कुमार,वेद प्रकाश दीक्षित, कंाता प्रसाद वर्मा,ऋषिपाल वर्मा,श्यामा चरन,सालिकराम,रमेश कुमार, भूपराम,महेंद्र पाल, विद्याप्रकाश, हरीश कुमार,मोहन स्वरूप,अमित कुमार आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे है।

## तैनाती मिलते ही बण्डां हाईवे पर हुई लूट का किया खुलासा तीन को भेजा जेल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय को जिले की विशेष कोतवाली की जिम्मेदारी मिलते ही 17 सितम्बर को बण्डां हाइवे पर हुई लूट का घटना खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एक महिला बाइक से पूरनपुर आ रही थी। तभी पीछे से शेरपुर मकरंदपुर के पास तमंचे के बल तीन युवको ने लूट की घटना को अंजाम दिया गया महिला के कुंडल छींनने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया घटना की सूचना पुलिस को दी गई,लेकिन घटना का खुलासा और आरोपियों तक पुलिस न पहुंच सकी वही पवन कुमार पाण्डेय ने मामले को गम्भीरता से लेते हुऐ एक ही दिन मे घटना का खुलासा कर छिनैती करने वाले आरोपी दिव्यांशु पुत्र शिवम्, इंद्रजीत पुत्र नेवाराम, अमित पुत्र रमाकंात निवासी कबीरपुर कसगंजा थाना घुंघचाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और पीली धातु कुंडल बरामद किए हैं पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है गिरफ्तार करने वाली टीम मे मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर पवन कुमार पाण्डेय, कुशल नेतृत्व करने वाले उप निरीक्षक प्रताप सिंह, उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल अंकित तालियान, कांस्टेबल निशांत कुमार, कांस्टेबल कुशलपाल आदि लोग शामिल रहे है।

## पवन कुमार पाण्डेय को मिली पूरनपुर कोतवाली की जिम्मेदारी, सतेन्द्र कुमार का हुआ तबादला

पूरनपुर। इंस्पेक्टर पवन कुमार को पूरनपुर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जहां इनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया वही पूर्व थाना प्रभारी रहे सतेंद्र कुमार के सम्मानपूर्वक विदाई दी गई पीलीभीत पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बुधवार को पुलिस विभाग में व्यापक फ़ेरबदल किया कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई प्रमुख थानों के थानाध्यक्षों का स्थानांतरण किया गया है प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार को पीलीभीत शहर की सदर कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया है सुनगढ़ी थाने मे रहे प्रभारी को पूरनपुर थाने की जिम्मेदारी दी गई है पवन पांडे को जिले में एक पेशेवर अधिकारी माना जाता है इंस्पेक्टर नरेश त्यागी को सुनगढ़ी थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। त्यागी की पहचान क्राइम कंट्रोल और कठिन परिस्थितियों में व्यवस्था बनाए रखने में कुशल अधिकारी के रूप में रही है फ़ेरबदल की प्रक्रिया कानून-व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाने की नियमित है। पुलिस प्रशासन का मानना है ।

# डीएम ने निर्माणाधीन निबंधन कार्यालय का निरीक्षण कर परखी गुणवत्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को गौरीगंज स्थित निर्माणाधीन सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय एवं उप निबंधक कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लेते हुये कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा होना चाहिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्रियों की जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के भी आदेश दिये।पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत भवन पर सोलर रूफटॉप लगवाने पर जोर देते हुये कहा कि इससे बिजली खर्च और कनेक्शन की अतिरिक्त लागत से बचत हो सकेगी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने मौके पर ही एक बीम को तुड़वाकर सरिया की जांच कराई तथा पाइप, दरवाजे और अन्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने का भी निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि यह भवन उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खण्ड अयोध्या द्वारा 3.451 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। इसमें निबंधन कार्यालय, टॉयलेट ब्लॉक, कैंटीन, वाह्य विकास कार्य, बाउंड्री वॉल और कर्वड शेड सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता ने बताया कि अक्टूबर माह के अंत तक पूरा निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

## ड्रोन दिखने से फैली दहशत, पुलिस ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

सुल्तानपुर। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बीते पंद्रह दिनों से लगातार ड्रोन दिखने की घटनाओं ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। गुरुवार रात शहर के चौक और आसपास के मोहल्लों में उड़ते ड्रोन को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने इस ड्रोन का वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा किया। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली नगर क्षेत्र के घने सर्राफा बाजार, रामलीला मैदान, मेजरगंज, चौक और घंटाघर के बीच लाल-हरी लाइटों के साथ ड्रोन उड़ते देखा गया। इससे क्षेत्र के व्यापारी और स्थानीय लोग पूरी तरह सहम गए। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम और 112 पर लगातार ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही किसी तरह की दहशत में आएं। एएसपी सिंह ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सरकार विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कई सर्वेक्षण करा रही है, जिनमें ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है।

# पुलिस को चकमा देकर हत्यारोपी ने न्यायालय में किया सरेंडर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**पुलिस को चकमा देकर हत्यारोपी ने न्यायालय में किया सरेंडर**

**10 अगस्त को हुए नवनीत कोरी हत्याकांड का मामला**

कुड़वार/सुल्तानपुर। बहन के प्रेम प्रसंग के चलते गांव निवासी युवक की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी ने पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दे कि बीते 10 अगस्त को शौच के लिए निकले चेरी मिश्र का पुरवा भंडरा परशुरामपुर गांव निवासी नवनीत कोरी(20) पुत्र शिवलाल की गांव के बाहर खेत में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। क्योंकि हत्या के पूर्व आरोपी रजनीश कोरी की बहन को नवनीत भगा ले गया था। इसी रंजिश को लेकर आरोपी ने घटना को अंजाम दे डाला था। मामले में पुलिस ने मृतक के भाई आनंद की तहरीर पर बाप बेटे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पूर्व हत्या की धमकी देने व साजिश करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के पिता शिवलाल को जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य आरोपी रजनीश कोरी पुलिस की पकड़ से दूर रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने नात रिश्तेदारो सहित जंगल जंगल छान मारा। लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को मुख्य आरोपी रजनीश कोरी ने पुलिस को चकमा देते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आत्म समर्पण कर दिया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। हालांकि मामले में मुख्य आरोपी के सरेंडर करने के बाद पुलिस रिमांड का प्रयास करेगी क्योंकि अभी तक पुलिस ने हत्याकांड में उपयोग हुए असलहे को बरामद नहीं कर पाई है।

## बेसहारा, निर्धन, जरूरतमंदों को सामाजिक संस्था ने बाटा भोजन

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के स्वयंसेवकों ने बेसहारा निर्धन जरूरतमंदों सेवा भाव निरंतर बना है गुरुवार की शाम अस्पताल रेलवे स्टेशन पर 453 लोगों को गरमा गरम भोजन उपलब्ध करा कर अपना लक्ष्य पूरा किया। गुरुवार को संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन स्वयंसेवकों की सेवा कार्य मे सक्रिय भागीदारी रही। भोजन वितरण की शुरुआत करते हुए सीएमएस डॉक्टर आर के मिश्र ने कहा संस्था के लोगों की पहल मानव हित में है। डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी , फिजिशियन डॉ अविनाश गुप्ता, ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय, व रेलवे-स्टेशन पर आर एन सिंह सेवानिवृत चीफ इंजीनियर सीपीडब्ल्यूडी ने यात्रियों जरूरतमंदों को गरमा गरम भोजन वितरण किया, कहा कि संस्था का यह सराहनीय कार्य है, लोग इस नेक कार्य से लोग प्रेरणा लेकर समाज में अंतिम पायदान के लोगों की मदद में आगे आएंगे संस्था संस्थापक निजाम खान ने बताया संस्था सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को सेवा भाव का यह कार्य निरंतर जन सहयोग से चल रहा है रोटी चावल दाल सब्जी जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया गया जब तक सांस है सेवा भाव का यह कार्य जारी रहेगा।

# खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में बीआरसी पर सम्पन्न हुई गणित ओलंपियाड परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। बीआरसी पर सम्पन्न हुई गणित ओलंपियाड परीक्षा ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड का आयोजन हुआ,जिसमें परिषदीय उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय सिंह के नेतृत्व में परीक्षा संपन्न हुई।सफल हुए छात्रों में मुख्य रूप से शिवम सक्सेना पुत्र सुनील कुमार उ0प्रा0वि0 लालपुर अमृत,सरवन कुमार पुत्र उमाशंकर कुमार

कमपोजिट वि0 गुलड़िया भूपसिंह, आशीष पुत्र प्रेमपाल उ0प्रा0वि0 पताबोझी,सूर्यांश पुत्र वीरेन्द्र पाल कमपोजिट विद्यालय भायपुर,आनन्द कुमार पुत्र मनोज कुमार कमपोजिट विद्यालय गुलड़िया भूपसिंह,निहाल वर्मा पुत्र दीपू लाल वर्मा कम्पोजिट विद्यालय टण्डोला,लव पासवान पुत्र विकास सरोज कम्पोजिट विद्यायल चॉट फिरोजपुर,लकी गौतम पुत्र राकेश कुमार कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर, परवीन कुमार पुत्र संजय कुमार कम्पोजिट विद्यालय चॉट फिरोजपुर, सृष्टि यादव पुत्री देवेश कुमार कम्पोजिट वि0 खासपुर टॉप 10 की सूची में आए हैं। यह सभी छात्र-छात्राएं आगामी तिथि पर जिला मुख्यालय पर होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होंगे। खंड शिक्षा अधिकारी विजय सिंह ने बताया गणित ओलंपियाड परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की गणितीय प्रतिभा और तर्क कौशल को बढ़ावा देना है।

## सम्पादकीय

# अलग-थलग पड़ता इजरायल

अपने देश की रक्षा करना एक बात है। लेकिन इसके लिए 60 हजार नागरिकों को मारना, अस्पताल पर बम गिराना और भूखे बच्चों को मौत के मुंह में झोंकना जायज नहीं है। हम अपनी आंखों के सामने 21वीं सदी के काले स्याह अध्याय को देख रहे हैं। ये अल्फाज स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के हैं, जो अमेरिका में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहे। सांचेज ने कहा कि जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था तो हमने उसकी निंदा की थी और पीड़ित की मदद के लिए हाथ बढ़ाया था। हमने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास के हमले की भी कड़ी निंदा की थी। लेकिन अब जो इजरायल कर रहा है, क्या वह सही है, यह सवाल सांचेज ने अमेरिकी मंच से उठाए और उसके दोहरे रवैये पर आश्चर्य जताया। पेड्रो सांचेज का बयान दुनिया में फिलीस्तीन के पक्ष में बनते माहौल की गवाही दे रहा है। सोमवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फिलीस्तीन को औपचारिक तौर पर मान्यता दे दी है। मैक्रों ने कहा, शशांति का समय आ गया हैश और शगजा में जारी युद्ध का कोई औचित्य नहीं है।श बता दें कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल-फिलीस्तीन के संघर्ष के समाधान के तौर पर दो-राष्ट्र के सिद्धांत पर केंद्रित एक दिवसीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी फ्रांस और सऊदी अरब ने की, जिसमें मैक्रों ने ये बातें कहीं। इस बैठक में जी7 के सदस्य जर्मनी, इटली और अमेरिका शामिल नहीं हुए, लेकिन बेल्जियम, लक्जमबर्ग, माल्टा, अंडोरा और सैन मरीनो जैसे यूरोपीय देशों ने भी फिलीस्तीन को मान्यता देने की बात कही है। बेल्जियम ने कहा है कि यह कानूनी रूप से तभी प्रभावी होगा, जब हमास को हटा दिया जाएगा और बंधकों को वापस कर दिया जाएगा। वहीं पेड्रो सांचेज ने फिलीस्तीन राज्य को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि शयह सम्मेलन मील का पत्थर है, लेकिन यह इस यात्रा का अंत नहीं है। यह तो बस शुरुआत है।श जबकि इमैनुएल मैक्रों ने संरा महासभा को बताया कि शफिलिस्तीनी देश को मान्यता देना एकमात्र साधन है, जो इजरायल को शांति से रहने देगा।श मैक्रों ने कहा, हमें द्वि-राष्ट्र समाधान की संभावना को बनाए रखने के लिए अपनी पूरी शक्ति से प्रयास करना चाहिए, ताकि इजरायल और फिलिस्तीन शांति और सुरक्षा के साथ-साथ रह सकें। मैक्रों ने स्पष्ट किया कि फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों को मान्यता देने से इजरायल के लोगों के अधिकारों में कोई कमी नहीं आएगी, जिनका फ्रांस ने पहले दिन से समर्थन किया है। ध्यान रहे कि इससे पहले रविवार को ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और पुर्तगाल भी फिलीस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता दे चुके हैं। भारत तो फिलीस्तीन को मान्यता देने वाले पहले राष्ट्रों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से तीन चौथाई से अधिक पहले ही फिलीस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। लेकिन अमेरिका, इजरायल, इटली और जर्मनी अब भी फिलीस्तीन को मान्यता देने राजी नहीं हैं। हालांकि फ्रांस जैसे देशों के फिलीस्तीन को मान्यता देने से द्विराष्ट्र समाधान जैसी पहल को अब और मजबूती मिलेगी, ऐसा माना जा रहा है। लेकिन इस का कोई असर तभी दिखाई देगा, जब इजरायल का, खासकर बेंजामिन नेतन्याहू का अड़ियल रवैया टूटेगा। अभी तो नेतन्याहू फिलीस्तीन को मान्यता देने को सीधे आतंकवाद का ईनाम ही बता रहे हैं। फ्रांस व अन्य देशों की पहल पर नेतन्याहू ने साफ कहा कि, शकोई फिलस्तीनी देश नहीं होगा. हमारी जमीन के बीच, एक आतंकवादी देश को थोपने के हालिया प्रयास का जवाब मेरे अमेरिका से लौटने के बाद दिया जाएगा।श नेतन्याहू ने फिलीस्तीन को मान्यता देने वाले देशों के लिए संदेश दिया है कि यह संभव नहीं होगा। जॉर्डन नदी के पश्चिम में कोई भी फिलीस्तीनी देश नहीं होगा। वहीं इजरायल के दक्षिणपंथी नेता ये भी चाहते हैं कि फिलीस्तीनियों को कब्जे वाले इलाकों से पूरी तरह हटाया जाए और उस पूरे क्षेत्र को यहूदियों के लिए इजरायली संप्रभुता के अंतर्गत लाया जाए।

# विश्व पर्यटकों के लिये अनंत संभावनाओं का देश है भारत

**विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष**

**विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है। भारत में पर्यटन के आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक हैं। यह भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है और करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन चुका है। गाँवों और कस्बों तक पर्यटन का असर पहुँच रहा है, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और खानपान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। विदेशी पर्यटक न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से प्रभावित होते हैं।**

विश्व पर्यटन दिवस- 27 सितम्बर, 2025 इस बात का स्मरण कराता है कि पर्यटन केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार स्तंभ है। इस वर्ष की थीम कुछ स्रोतों में 'पर्यटन और हरित निवेश' या 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' बतायी जा रही है जिसका उद्देश्य पर्यटन को स्थिरता और समावेशिता के साथ बढ़ावा देना है। यह थीम स्थायी पर्यटन के लिए हरित निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है, जो समुदायों और ग्रह दोनों के लिए फायदेमंद है। जिसके माध्यम से, पर्यटन में वैश्विक सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें हरित निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करना शामिल है। यह दिवस मनाते हुए भारत की पर्यटन संभावनाओं पर चिन्तन-मंथन करना जरूरी है। क्योंकि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में पर्यटन की संभावनाएं अनंत हैं। यहाँ हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर गोवा और अंडमान के समुद्र तटों तक, काशी और बोधगया की आध्यात्मिक आभा से लेकर अजमेर और पुष्कर की आस्था तक, केरल के बैकवाटर्स से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान तक हर अनुभव अपने आप में अद्वितीय है। यही कारण है कि भारत का पर्यटन उद्योग आज नई उड़ान भर रहा है और वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है। विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है। भारत में पर्यटन के आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक हैं। यह भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है और करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन चुका है। गाँवों और कस्बों तक पर्यटन का असर पहुँच रहा है, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और खानपान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। विदेशी पर्यटक न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से प्रभावित होते हैं। पर्यटन के सामाजिक प्रभाव भी उल्लेखनीय हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनकर विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाता है। महिला सशक्तिकरण और युवा उद्यमिता को पर्यटन ने नया आयाम दिया है। होम-स्टे, गाइडिंग, हस्तशिल्प और लोक-कलाओं में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। यही नहीं, ग्रामीण पर्यटन ने गाँवों को विकास के नए अवसर प्रदान किए हैं और पलायन की समस्या को कम करने की क्षमता दिखाई है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से भी पर्यटन भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत करता है। 'इनक्रेडिबल इंडिया' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने भारत की वैश्विक पहचान को और गहरी किया है। हाल के वर्षों में भारत ने जी-20 जैसे आयोजनों के जरिए अपने पर्यटन स्थलों की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, जिससे न केवल राजनीतिक विश्वास बढ़ा बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विस्तार भी हुआ। पड़ोसी देशों के साथ बौद्ध और आध्यात्मिक सर्किट की योजनाओं ने भारत को एशिया का आध्यात्मिक केंद्र स्थापित करने में मदद की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को भारत की शक्ति बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा', 'देखो अपना देश' अभियान और 'प्रोजेक्ट आध्यात्मिक सर्किट' जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन को जन-आंदोलन का रूप दिया है। योग और आयुर्वेद को विश्वभर में लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों ने भारत को हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बना दिया है। मोदी सरकार स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, हवाई अड्डों का विस्तार, चारधाम परियोजना, उच्च गति रेल और 'भारतमाला' जैसी योजनाएं पर्यटन को नई सुविधाओं से जोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि भारत का हर गाँव और हर शहर अपने आप में एक अनोखा पर्यटन स्थल है और उसकी कहानी दुनिया तक पहुँचाई जानी चाहिए। आज जब डिजिटलाइजेशन ने पर्यटन को नई दिशा दी है, ऑनलाइन टिकटिंग, वर्चुअल टूर और एआई आधारित यात्रा मार्गदर्शन ने पर्यटन को आधुनिक युग से जोड़ दिया है। सस्टेनेबल टूरिज्म पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा बनी रहे। मिलेनियल्स और नई पीढ़ी अनुभव-आधारित और साहसिक पर्यटन की ओर आकर्षित हो रही है और भारत इस अवसर को भुनाने में आगे बढ़ रहा है। भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। पुखराज सेठिया की पुस्तक 'आओ घूमे अपना देश' एक सार्थक एवं उपयोगी पुस्तक है। विश्व पर्यटन दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत के पास विश्व को दिखाने के लिए अनंत वैभव और विविधता है। यदि हम पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक सुविधाओं और वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन का विकास करें तो आने वाले समय में भारत न केवल एक पर्यटन शक्ति बनेगा बल्कि अपनी आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर से विश्व का नेतृत्व भी करेगा। – **ललित गर्ग**

# लद्दाख हिंसा का जिम्मेदार कौन

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

लद्दाख, जो अब तक शांति और सौहार्द की भूमि के रूप में जाना जाता था, इस समय वह हिंसा और अशांति की लपटों में झुलस रहा है। यहां भड़की हिंसा ने पूरे देश को चौंका दिया। चार लोगों की मौत, अस्सी से अधिक घायल, तीस से ज्यादा सुरक्षाकर्मी लहूलुहान और पूरा लेह कर्फ्यू की गिरफ्त में; यह तस्वीर उस आंदोलन की है जो राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा पाने के लिए शुरू हुआ था, किंतु देखते ही देखते अराजकता में बदल गया। सवाल उठता है कि आखिर इस त्रासदी का जिम्मेदार कौन है। केंद्र सरकार ने सीधे तौर पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को कटघरे में खड़ा किया है। गृह मंत्रालय का बयान है कि वांगचुक ने भड़काऊ भाषण दिए, अरब स्प्रिंग और नेपाल के जेन-जी आंदोलन का हवाला देकर युवाओं को गुमराह किया और भीड़ को हिंसा की ओर मोड़ दिया। वांगचुक ने जिस मांग को लेकर 10 सितंबर से भूख हड़ताल शुरू की थी, उस पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति पहले से ही चर्चा कर रही थी। आरक्षण बढ़ाने से लेकर नौकरियों की भर्ती और भाषाओं को मान्यता देने तक कई फैसले इसी बातचीत के जरिए लिए गए और जो शेष थे वे लिए जा रहे थे, फिर भी आंदोलनकारी धैर्य रखने को तैयार नहीं रख सके। सोनम वांगचुक ने इन्हीं मांगों को लेकर अनशन शुरू किया था। पंद्रह दिनों तक भूख हड़ताल पर रहकर उन्होंने पूरे देश का ध्यान लद्दाख की ओर खींचा। पर यह क्या, हिंसा भड़कने के ठीक उसी दिन उन्होंने उपवास तोड़ दिया और भीड़ को काबू करने की बजाय एम्बुलेंस से गांव लौट गए। साफ दिखा कि कैसे वांगचुक ने स्थिति संभालने की कोई कोशिश नहीं की। इसके उलट उन्होंने युवाओं के गुस्से को और हवा दी। परिणाम बहुत दुखद हैं, आज लेह में हिंसा के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है। वास्तव में यह स्थिति केवल कानून व्यवस्था का संकट नहीं, बल्कि लद्दाख की राजनीति और भारत के संघीय ढांचे के लिए गहरी चुनौती है। आरोप कांग्रेस पर भी हिंसा भड़का कर लाभ लेने के लग रहे हैं। लेह के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने भी कहा कि इस आंदोलन में साजिश की गंध आती है और बाहरी लोग भी इसमें शामिल हो सकते हैं। देखा जाए तो ये घटना हमें एक बार फिर याद दिलाती है कि अराजकता और हिंसा से किसी का भला नहीं होता। आंदोलन की मांगें चाहे कितनी भी जायज हों, लेकिन अगर वे हिंसा के रास्ते से पूरी करने की कोशिश की जाए तो केवल खून-खराबा ही हाथ लगता है। जिस कांग्रेस और सोनम वांगचुक पर इस हिंसा को शह देने के आरोप लग रहे हैं, उन्हें क्या यह समझ नहीं आता कि महात्मा गांधी की तस्वीर लगा लेने से काम नहीं चलता, उन्होंने जो कहा है, जरूरत उस को व्यवहार में लाने की है। कहना होगा कि ये गांधीजी के कहे पर अमल करते तो आज लद्दाख में ये अराजक हिंसात्मक स्थिति पैदा नहीं होती। महात्मा गांधी का कथन है, ञसाधन और साध्य दोनों शुद्ध होने चाहिए।ञ्च अगर लद्दाख के लोगों की मांग सही है तो उसे शांतिपूर्ण और संवैधानिक रास्ते से ही हासिल किया जाना चाहिए। हिंसा से केवल पर्यटन और रोजगार को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। समाज को विभाजित करके देश के भीतर बैठे दुश्मनों को और सीमाओं पर बैठे दुश्मनों को अवसर देने का ही काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार का यहां कहीं पक्ष अनुचित नजर नहीं आ रहा है, वह लद्दाख की जनता को संवैधानिक सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध दिखती है। उसने नए जिलों के गठन से लेकर आरक्षण, भाषा और नौकरियों पर कई कदम उठाए हैं। यह भी सच है कि राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल होने की मांग पर ठोस निर्णय लिए जाने के लिए बातचीत चल रही है। उच्चाधिकार प्राप्त समिति की अगली बैठक 6 अक्टूबर को दिल्ली में होनी है। पर सवाल है कि क्या 24 सितंबर की हिंसा के बाद अब संवाद का माहौल बचा रहेगा निश्चित ही इस हिंसा ने राज्य और केंद्र के बीच के संवाद को एक गहरी चोट दी है। चार परिवारों ने अपने अपनों को खो दिया है। यह नुकसान किसी राजनीतिक लाभ या नारे से पूरा नहीं हो सकता। सरकार कहे कि यह भीड़ की गलती थी, आंदोलनकारी कहें कि यह सरकार की लापरवाही थी, लेकिन सच्चाई यह है कि दोनों पक्षों ने जिम्मेदारी निभाने में कमी की। आंदोलनकारी नेताओं ने लोगों की भावनाओं को संभालने के बजाय उन्हें भड़काने का काम किया है।

## सेहत मंत्र

# हडिड्यों के कमजोर होने से बढ़ जाता है ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा

व्यक्ति के स्वस्थ रहने के लिए हड्डियों का मजबूत होना बेहद आवश्यक है। जब व्यक्ति की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तो इससे ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह एक ऐसी स्थिति है, जब गिरने या हड्डियों पर हल्का दबाव पड़ने से भी फ्रैक्चर हो सकता है। ऑस्टियोपोरोसिस से संबंधित फ्रैक्चर आमतौर पर कूल्हे, कलाई या रीढ़ में होते हैं। नाजुक हड्डियों के कारण हिप फ्रैक्चर गंभीर और घातक भी हो सकता है। आपके साथ यह समस्या ना हो, इसलिए आपको हड्डियों का अतिरिक्त ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। अगर आपकी हड्डियां कमजोर हैं तो इसका अर्थ है कि आपकी बॉडी को आवश्यकता के अनुसार कैल्शियम नहीं मिल रहा है। इसलिए आपको अपनी डाइट में कैल्शियम इनटेक बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए आप कैल्शियम रिच फूड्स का सेवन करें। इसके अलावा, डॉक्टर की सलाह पर कैल्शियम सप्लीमेंट भी लिए जा सकते हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए केवल कैल्शियम की जरूरत होती है। जबकि ऐसा नहीं है। आपको कैल्शियम के साथ-साथ विटामिन डी पर भी ध्यान देना चाहिए। विटामिन डी शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। ऐसे में अगर विटामिन डी कम होगा तो कैल्शियम इनटेक से भी आपको कोई लाभ नहीं होने वाला है। व्यायाम करना संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह ना केवल आपके वजन को मेंटेन करने में मददगार है। जब आप वॉकिंग से लेकर योग, रस्सी कूदना, वाटर एरोबिक्स, सीढ़ियां चढ़ना आदि एक्सरसाइज को अपने रूटीन का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपकी हड्डियों को भी मजबूती मिलती है। सुनिश्चित करें कि आपके आहार में बहुत सारे ताजे फल और सब्जियां, डेयरी उत्पाद, साल्मन, अंडे की जर्दी, बादाम, लीन प्रोटीन, बीन्स, एवोकाडो और जैतून का तेल को अवश्य शामिल करें। इन फूड आइटम्स में मौजूद पोषक तत्व आपकी सेहत के साथ-साथ बोन हेल्थ पर भी सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

## धर्म मंत्र

# कांबोडिया में स्थित है विश्व का सबसे बड़ा 'हिन्दू मंदिर'

भारत स्थित तमाम छोटे-बड़े हिंदू मंदिरों के बारे में आपने अवश्य सुना होगा, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे विशाल हिंदू मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारत में नहीं बल्कि विदेश में बना हुआ है और उसकी टक्कर का विशाल मंदिर खुद भारत में भी नहीं है। जी हां! हम बात कर रहे हैं विश्व के सबसे बड़े हिंदू मंदिर 'अंगकोर वाट' के बारे में, जो कंबोडिया में स्थित है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर को टाइम मैगजीन ने दुनिया की आश्चर्यजनक चीजों में शामिल किया है। इस मंदिर का प्रांगण हजारों वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और यही वजह है कि इसे दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर कहा जाता है। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित कर बनाया गया है और इस मंदिर को लेकर कंबोडिया देश के नागरिकों में गहन आस्था है। इतना ही नहीं इस मंदिर को कंबोडिया के राष्ट्रीय ध्वज में भी स्थान दिया गया है तथा इसे इस देश के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में माना जाता है। अंकोरवाट के इस मंदिर की दीवारों पर आप हिंदू धर्म ग्रंथ, रामायण और महाभारत के पात्रों को उकेरे हुए देख सकेंगे। इतना ही नहीं, इस मंदिर की दीवारों पर समुद्र मंथन के दृश्यों को भी उकेरा गया है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान इंद्र ने अपने पुत्र के निवास के लिए इस मंदिर का निर्माण कराया था। अंकोरवाट के इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में बताया जाता है और इसका निर्माण कार्य राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने आरंभ कराया था।

पर्यटन



# पर्यटकों के लिए बेहद खास है मथुरा

भगवान कृष्ण की नगरी कहलाई जाने वाला धार्मिक स्थल मथुरा दुनियाभर में पर्यटकों के बीच प्रसिद्ध है। यहां भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए विश्वभर से पर्यटक आते हैं। ये स्थल भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमी से भी जाना जाता है। विशेषतौर होली मानाने के लिए यहां दूर-दूर से लोग आया करते हैं। यहां कृष्ण मंदिर के अलावा कई अन्य जगह भी हैं जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं। मथुरा से करीब 56 किलोमीटर की दूरी पर आगरा है। आप चाहें तो मथुरा के साथ-साथ आगरा भी घूमने जा सकते हैं। वहीं, अगर आप मथुरा घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आज हम आपको जिन प्रमुख जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं वहां आप घूमने जा सकते हैं। अगर आप मथुरा जा रहे हैं तो सबसे पहले कृष्ण जन्मभूमि मंदिर ही जाएं। कृष्ण जन्मभूमि से ही आपको ये साफ हो गया होगा कि ये कृष्ण भगवान का जन्म स्थान है। बता दें कि इस मंदिर को उसी कारागार के बाहर बनाया गया है जहां भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कहते हैं कि यहां कृष्ण भगवान की शुद्ध सोने से बनी 4 मीटर की मूर्ति थी, जिसको महमूद गजनवी द्वारा चुरा लिया गया था। मथुरा के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक बांके बिहारी मंदिर है। ये राधा वल्लभ मंदिर के पास स्थित है। बता दें कि भगवान कृष्णा का दूसरा नाम बांके बिहारी भी है। इस मंदिर में बांके बिहारी की मूर्ति काले रंग की होती है। इस मंदिर में पहुंचने के लिए आपको संकरी गलियों से जाना पड़ेगा। अगर आप भगवान कृष्ण से संबंधित घटनाएं कलाकृतियां देखना चाहते हैं तो द्वारकाधीश मंदिर जा सकते हैं। ये मंदिर विश्राम घाट के निकट स्थित है। इसका निर्माण साल 1814 में किया गया था। इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, खासतौर पर जन्माष्टमी में यहां ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। मंदिर के दर्शन करने के अलावा आप म्यूजियम भी देखने जा सकते हैं। साल 1974 में मथुरा संग्रहालय का निर्माण किया गया था। इस संग्रहालय का पहले नाम ''कर्जन म्यूजियम ऑफ आर्कियोलॉजी'' था। यहां आप कुषाण और गुप्त वंश से संबंधित कई कलाकृतियां देख सकते हैं। यहां अनोखी वास्तुकला और कई कलाकृतियों हैं, इसका चित्र भारत सरकार के स्टैंप पर भी छापा गया है।

# मिशन शक्तिः बेटियों के हौसले ने रामनगर की गलियों को सशक्त बनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## डीएसपी गरिमा पंत की अगुवाई में बेटियों का खाकी में कदमताल, आमजन को दिया सुरक्षा का संदेश





रामनगर बाराबंकी नवरात्र के पावन अवसर पर रामनगर कस्बा उस ऐतिहासिक दृश्य का गवाह बना, जब मिशन शक्ति अभियान के तहत खाकी में बेटियां संगीनों से लैस होकर नगर भ्रमण पर निकलीं। पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत के नेतृत्व में महिला पुलिस विंग का यह मार्च न केवल सुरक्षा का भरोसा दिलाने वाला था, बल्कि समाज में नारी शक्ति के उत्थान और बेटियों के हौसले का सशक्त संदेश भी लेकर आया। नगर की गलियों और बाजारों में जब खाकी वर्दी में बेटियां दृढ़ कदमों से निकलीं, तो हर उम्र का नागरिक प्रभावित हुआ। बच्चियों और युवतियों के चेहरे गर्व से दमक उठे। लोगों ने कहा कि यह दृश्य समाज में बेटियों की बदलती तस्वीर और उनके बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाता है ।नवरात्रि के पावन माहौल में जब मां दुर्गा की उपासना हर घर-घर में हो रही थी, उसी समय खाकी वर्दी में 'चलती-फिरती दुर्गा' जैसी बेटियां जब नगर भ्रमण पर उतरीं तो यह दृश्य नवरात्र और नारी शक्ति का जीवंत संगम प्रतीत हुआ। श्रद्धा और गर्व का यह अनोखा मेल लोगों की स्मृतियों में हमेशा के लिए बस गया।रामनगर के बाजारों और मोहल्लों में महिला पुलिस दस्ते का जगह-जगह फूलों से स्वागत हुआ। कई अभिभावकों ने कहा कि इस अभियान से बेटियों का मनोबल बढ़ा है और माता-पिता में यह भरोसा भी जगा है कि उनकी बच्चियां सुरक्षित हैं। वहीं, छात्राओं ने कहा कि इस दृश्य ने उन्हें पढ़ाई और करियर में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।उत्तर प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति अभियान महिलाओं और बेटियों के प्रति समाज की सोच को बदलने की दिशा में एक ठोस पहल है। रामनगर में इसका जो रूप देखने को मिला, उसने यह साबित कर दिया कि अब खाकी केवल पुरुषों का प्रतीक नहीं, बल्कि बेटियों की बहादुरी, आत्मनिर्भरता और सम्मान का भी प्रतीक है।

# गौरक्षक की सक्रियता से मादा गौवंश को मिली संजीवनी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। सूपामऊ में शुक्रवार को एक गौ शिशु संदिग्धावस्था में अपंगता की हालत होने की सूचना मिलने से पहुंचे गौरक्षक मुकुंद पुरी ने स्थानीय प्रशासन की शिथिलता से नाराज होकर पूरे मामले से जिलाधिकारी को अवगत कराया तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पहुंचे डिप्टी सीवीओ नियमों का उल्लघंन करते नजर आए। वहीं सचिव अनंत कुमार भी सक्रिय नजर आए।प्राप्त जानकारी अनुसार विकास खंड बनीकोडर के सूपामऊ गांव में एक गौ शिशु संदिग्धावस्था में अपंगता की स्थिति में देखने से गांव में हड़कंप मच गया स्थानीय निवासी पराग ने हेल्पलाइन 1962 पर संपर्क करने की कोशिश की किंतु संपर्क नहीं हुआ कड़ी धूप में तप रहे गौवंश को स्थानीय युवा संजय तिवारी, नैमिष यादव अर्पित यादव मनीष तिवारी ने रिक्शे पर रखकर छाया में ले गए। मौके पर पहुंचे गौरक्षक मुकुंद पुरी ने पशु चिकित्सक नीरज वर्मा को अवगत कराया तो वह अवकाश पर होने की बात कह इलाज हेतु पैरावेट वेटनरी वर्कर स्वामी दयाल द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया हालात में सुधार न होने से व प्रशासनिक उदासीनता से परेशान मुकुंद पुरी ने पूरे मामले की जानकारी जिलाधिकारी बाराबंकी को दी तो प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया आनन-फानन में मौके पशु चिकित्सा अधिकारी बनीकोडर रमेश मौके पर पहुंचे और गौ शिशु का इलाज कर संरक्षण हेतु मुकुंद पुरी के मठ श्रीराम जानकी मठ भवनियापुर भिजवाया इस मौके पर सचिव अनंत कुमार, नीरज सिंह रवि सिंह, शनी प्रधान,विपिन, गोस्वामी बाबा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### सीडीसी की गाइडलाइन्स का उलंघन करते नजर आए डिप्टी सीवीओ बनीकोडर

बिना ग्लव्स और मास्क के पशुओं का इलाज करना असुरक्षित है, क्योंकि इससे संक्रमण फैलने, चोट लगने और पशुओं को पकड़ने में कठिनाई हो सकती है, जैसा कि सीडीसी (एक्र) की गाइडलाइन्स बताती हैं। पशु चिकित्सक हमेशा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (घ्व) का उपयोग करते हैं, जिसमें ग्लव्स और मास्क शामिल हैं, ताकि वे खुद को और अन्य जानवरों को भी संक्रमित होने से बचा सकें, खासकर जब वे सुइयों, स्केलपेल और अन्य नुकीली वस्तुओं से निपट रहे हों। किंतु गाइडलाइंस को दरकिनार करने का जिम्मा उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डाक्टर रमेश चंद्र सिंह बराबर उठाए हैं शुक्रवार को सूपामऊ में डीएम के निर्देश पर पहुंचे डिप्टी सीवीओ बनीकोडर ग्रामीणों को नियम बताते रहे किंतु स्वयं लापरवाही की मिशाल नजर आए और खुले आम सीडीसी की गाइडलाइंस का उल्लघंन कर रहे डिप्टी सीवीओ की के संबंध में सीवीओ बाराबंकी से जानकारी चाही गई तो संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

# रात में सड़कों पर उतरी सीओ गरिमा अपराध और अफवाहों पर कसा शिकंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी बेटियां अब सिर्फ घर तक सीमित नहीं रहीं। वे समाज और राष्ट्र की जिम्मेदारियों को भी उतनी ही निष्ठा से निभा रही हैं। इसका ज्वलंत उदाहरण बनीं डीएसपी सुश्री गरिमा पंत, जिन्होंने देर रात कस्बे और ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की गहन पड़ताल की। रात की खामोशी में जब अधिकांश लोग नींद में थे, तब गरिमा पंत अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए सड़कों पर थीं। उन्होंने चोरी की घटनाओं और ड्रोन से जुड़ी अफवाहों पर रोकथाम की रणनीति अपनाई और आमजन से अपील की कि अफवाहों से दूर रहें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देंउनकी इस तत्परता और संवेदनशीलता ने यह साबित कर दिया कि बेटियां अब हर मोर्चे पर मजबूती से खड़ी हैं।स्थानीय नागरिकों ने उनकी इस सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत होती है।डीएसपी गरिमा पंत का यह प्रयास न सिर्फ पुलिस सेवा का कर्तव्य है, बल्कि यह संदेश भी है कि बेटियां अब समाज का सहारा बन रही हैं और राष्ट्र की बागडोर संभालने में भी सक्षम हैं।

> बेटियों को घर की चारदीवारी तक सीमित न रखें। उन्हें पढ़ाई, खेलकूद और जीवन के हर क्षेत्र में बराबर अवसर दें। अब बेटियां किसी भी मायने में बेटों से पीछे नहीं हैं। माता–पिता अपनी बेटियों को शिक्षा दिलाएँ, उन्हें बाहर भेजें, घूमने भेजें३ सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है।ङ्क

# नए एडीओ पंचायत का स्वागत प्रशासनिक कामकाज में नई उम्मीदें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद, बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर से स्थानांतरित होकर शंभू शरण पाठक ने आज दरियाबाद विकास खंड में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह में उनके स्वागत के लिए सचिव राधेश्याम मिश्रा, सचिव रजनीश शुक्ला, अमन श्रीवास्तव सहित कई अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। सभी ने उन्हें बुके और हार्दिक शुभकामनाएँ देकर नए पद पर सफलता की कामना की।

शंभू शरण पाठक का प्रशासनिक अनुभव उनके नए पद पर विकास कार्यों और पंचायतों के सुचारू संचालन में नई ऊर्जा भरने की उम्मीद जगाता है। पदभार ग्रहण से पहले एडीओ पंचायत का कार्यभार सचिव रजनीश शुक्ला संभाल रहे थे, जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ किया।

पदभार ग्रहण करते हुए शंभू शरण पाठक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर विकास कार्यों को गति देना और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलकर कार्य करने और समन्वय स्थापित करने की बात भी कही। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने भी नए एडीओ के कार्यकाल में पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति बढ़ाने की आशा जताई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी शंभू शरण पाठक के उज्ज्वल भविष्य और विकास कार्यों में सफलता की कामना करते हुए उत्साहपूर्ण वातावरण का निर्माण किया।

### फर्जी ड्रोन अफवाह फैलाने पर दस युवकों के खिलाफ कार्रवाई

दरियाबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में गुरुवार रात फर्जी ड्रोन उड़ने की अफवाह फैलाने वाले दस युवकों को पुलिस ने पकड़कर शांतिभंग में चालान किया।थाना क्षेत्र के कई गांवों से रात को पुलिस को ड्रोन उड़ने की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में यह अफवाह साबित हुई। पुलिस ने अफवाह फैलाने वालों में राजू मिश्रा, अर्पित, जुबेर सहित अन्य युवकों को थाने ले जाकर कार्रवाई की।थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि क्षेत्र में ड्रोन उड़ने और चोर देखने जैसी अफवाहें तेजी से फैल रही हैं, जिससे लोग रात को जागने और सतर्क रहने को मजबूर हो गए हैं। कई बार इस अफवाह की वजह से लोगों ने किसी रिश्तेदार या पड़ोसी पर भी हाथ उठाया।थाना प्रभारी ने क्षेत्रीय लोगों से अपील की कि इस तरह की फर्जी अफवाहें न फैलाएं। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्गा पूजा महोत्सव, भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित दुर्गा मंदिर मढी टोला मे आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव मे बीती रात्रि मां भगवती का भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें माता के गुणगान के साथ झांकियां भी प्रस्तुत की गई ।रात भर चले जागरण में सभी श्रद्धालु माता के गुणगान सुन झुमते रहे । कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की ज्योति प्रज्वालित कर की गई। एम जे नवरंग जागरण म्यूजिकल ग्रुप लखनऊ के गायकों ने माँ दुर्गा के एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया । सर्वप्रथम माता रानी का आवाहन व गणेश वंदना संध्या मिश्रा की,ज्योति जागे रे जागे रे ज्वाला मां । लखनऊ से सुरज सिंह ने गाया जैसे पावन झाखोर खायें , चुनरिया लहर लहर लहराये उन्होंने ने गुणगान करते हुए कहा कि दिल में तू मां के नाम की , जरा ज्योति जला देख।दिल्ली से आयी ख्याति कनौजिया ने गाया दरबार तेरा मैया , भक्तों ने लगाया है । अब आ भी जाओ मां , मेरा मन घबराया है।

इस मौके पर पुजारी मंशाराम यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, मोहित यादव, श्रीचंद्र यादव, किशन रस्तोगी, कल्लूराम यादव, दुर्गेश वैश्य, दिलीप वर्मा, रितेश यादव, अरुण कुमार नाग, निखिल गुप्ता, सुभाष नाग सहित भक्त मौजूद रहे।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण मासिक अभियान एक अक्टूबर से

निंदूरा/ सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान! को लेकर शुक्रवार को सिद्धौर ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह के नेतृत्व में बैठक हुई।बैठक में पांच अक्टूबर से 31अक्टूबर तक संचालित संचारी रोग नियंत्रण,एवं दिमागी बुखार आदि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान,व सफाई कर्मचारियों,को उनकी जिम्मेदारियों एवं कर्तब्यों के बारे बताया गया।खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह ने कहा कि सभी लोग अपनी ज़िम्मेदारियों के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में एडीओ पंचायत/ग्राम पंचायत सचिव रेखा चौधरी,यूनीसेफ से यतीश तिवारी ,लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, सचिव रवि अवस्थी,दीपक कुमार, प्रमोद कुमार वर्मा, सियाराम, संजय चौधरी, कंप्यूटर आपरेटर राजकुमार तिवारी,खंड प्रेरक पवन कुमार, यादवेन्द्र वर्मा,राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। निंदूरा प्रतिनिधि के मुताबिक संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी पांच अक्टूबर से प्रारंभ होगा। इसी को लेकर ब्लॉक सभागार में एडीओ पंचायत अनिल सिंह की अध्यक्षता में पंचायत सहायकों, ग्राम पंचायत सचिवों, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग एवं यूनिसेफ के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को सक्रिय सहभागिता के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी, यूनिसेफ बीएसएम हेमंत त्रिपाठी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ध्रुव कुमार सहित सभी ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित पिकप होटल में घुसी, एक बुजुर्ग की मौत दो घायल

दरियाबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के न्यामतपुर गांव में एक पिकअप अनियंत्रित होकर एक होटल में घुस गई। जिससे वहां होटल के बाहर खड़े एक बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। दरियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यामतपुर गांव में शुक्रवार सुबह राम खेलावन पुत्र सितऊ (उम्र 55 वर्ष) नरेंद्र कुमार तिवारी के होटल पर चाय पी रहे थे। तभी न्यामतपुर गांव निवासी इमरान उर्फ करिया पुत्र सादित अली अपनी पिकअप तेज रफ्तार से लेकर निकले जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर होटल में घुस गई। जिससे वहां चाय पी रहे राम खेलावन, नरेंद्र कुमार और श्यामलाल पिकअप की चपेट में आकर घायल हो गए। घटना के बाद पिकअप चालक इमरान पिकअप छोड़कर फरार हो गया। गंभीर घायल होने पर रामखेलावन को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने कोतवाली दरियाबाद में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# 12वीं की छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी निरीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी कोठीः थाना कोठी पुलिस के मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को निजी विद्यालय एचएल वी इंटर कॉलेज की छात्रा संजना को एक दिन के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।संजना ने प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी संभालते हुए दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया। इनमें एक घरेलू विवाद और दूसरा पति-पत्नी के बीच हुए विवाद का मामला शामिल था। उसने दोनों पक्षों को समझाते हुए समस्याओं का समाधान किया और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य निभाया।जनसुनवाई के बाद संजना ने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए आरक्षी बैरक, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्थ टैक्स, महिला हेल्पलाइन, महिला अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, मानव तस्करी, यातायात नियंत्रण और कानून व्यवस्था समेत थाने की सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।इस अवसर पर थाना अध्यक्ष अमित सिंह भदौरिया, एसएसआई शिवसागर तिवारी, विशेष कुरील, सिपाही विवेक यादव, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार यादव, सचिन लांबा, हरिनाथ यादव, एसआई रशीद अहमद, फरियादी, गुरु प्रसाद और विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# शारदीय नवरात्र : दुर्गा पंडालों में पहुंचे विधायक गौरव, लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। सपा विधायक गौरव रावत ने गुरुवार की देर रात्रि क्षेत्र भ्रमण कर लोगों का हालचाल जाना और शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र विभिन्न गांवों के पूजा पंडालो मे पहुंचकर मां भगवती का दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा आयोजकों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को नवरात्रि की शुभकामना दी।सपा विधायक गौरव रावत ने ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित दुर्गा मंदिर मढीटोला मे देवी मंडप में मां भगवती की पूजा अर्चना की तथा आयोजन समिति एवं स्थानीय लोगों के साथ उन्होंने बातचीत भी की उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व समाज में समरसता और एकजुट होकर रहने की भावना का विकास करता है। यह पर्व पौराणिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने सभी लोगों से आपनी भेदभाव भुलाकर पूरी रंगत से महोत्सव का आनंद लेने को कहा। उन्होंने मां दुर्गा से क्षेत्र वासियों के जीवन को खुशी व उमंग से भरने की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि यह पर्व बेटियां की महत्ता को भी दर्शाता है। सभी लोगों से नवरात्र पर्व से बेटियों की रक्षा करने और उन्हें उचित शिक्षा दिलाकर समाज में स्थापित करने का संकल्प लने का कहा।सपा विधायक गौरव रावत ने जल्द से जल्द मंदिर परिसर मे हाई मास्ट लगवाने का आश्वासन दिया।

इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, क्षेत्र पंचायत सदस्य शाहिद अली, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष किशन रावत, उपाध्यक्ष कल्लू यादव, रितेश यादव, सुरज यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, राकेश मास्टर, अरुण कुमार नाग, देशराज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्वजों की परंपरा निर्वहन में आगे आई रानी मृणालिनी

रामनगर बाराबंकी। सैकड़ों वर्षों से हों रही रामनगर की रामलीला के आयोजन हेतु अमर सदन में बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता रानी मृणालिनी सिंह ने की।जनजन में प्रिय स्मृतिशेष राजा रत्नाकर सिंह के निधन



उपरांत रानी मृणालिनी सिंह ने परंपरा निभाने का संकल्प लिया।विगत वर्ष भी उनके नेतृत्व में रामलीला का सफल आयोजन किया गया था।बैठक को संबोधित करते हुए रानी जी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि इस धार्मिक कार्यक्रम को और भव्य मनमोहक रूप में संपन्न कराया जाए।इस बैठक में विश्वनाथ शुक्ला गिरजा शंकर मिश्रा ओंकारनाथ त्रिवेदी गिरजा शंकर तिवारी साकेत तिवारी राकेश तिवार पूरन तिवारी उत्तम सत्यम पंकज चतुर्वेदी अनूप

# सीएम योगी के हाथों समय पूर्व छात्रवृत्ति ,गदगद है छात्र–छात्राएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। भारत देश के सबसे बड़े राज्य में योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है, जहां उन्होंने लगभग चार लाख छात्र-छात्राओं को समय से पूर्व छात्रवृत्ति वितरित की है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने राज्य मुख्यालय लखनऊ स्थित इंदिरा प्रतिष्ठान में जो छात्रवृत्ति मार्च में दी जाती थी समय पूर्व सितंबर माह में छात्रवृत्ति स्वयं वितरण की सराहनीय पहल की है।यह छात्रवृत्ति छात्रों को अपनी पढ़ाई के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, जिससे वे अपनी फीस भर सकेंगे और पुस्तके खरीद सकेंगे। छात्रवृत्ति वितरण आयोजन में सम्मिलित और लाभान्वित होकर लौटे निंदूरा के राजकीय इंटर कॉलेज के 116 विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं। कक्षा नौ से कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह व प्रवक्ता योगिंदर कौर, नीरज कुमार तथा नीलेश कुमार सिंह लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पूर्ण सुरक्षा और तन्मयता से साथ ले गए थे।

आयोजन स्थल पहुंचते ही इन्हें पता चला कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, तो वे फूले नहीं समाए। जनप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ छात्रवृत्ति स्वीकृत प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम से लौटने के बाद बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके जीवन का अविस्मरणीय पल रहा। यह पहला अवसर था जब राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा के बच्चे संत उदारमना मुख्यमंत्री योगी से सीधे रूबरू हुए। खुशी का माहौल और खास हो गया जब कार्यक्रम के दौरान एक सरकारी विद्यालय की छात्रा को मंच पर बुलाकर मुख्य मंत्री ने अपने हाथों से छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया। छात्र-छात्राओं ने इस पल को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि उनके आत्मविश्वास को और मजबूती मिली।पहली बार ऐसा हुआ है कि सितंबर माह में वह भी दीपावली से पहले उनको छात्रवृति प्राप्त हुई है। अपनी फीस भर सकेंगे और पुस्तकें भी खरीद सकेंगे। ''पारदर्शिता'' की बात करते हुए प्रधानाचार्य श्री सिंह ने बताया कि छात्रवृत्ति वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन एवं डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से पारदर्शी बनाई गई है।

# हैदरगढ़ में राम बरात : सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम, ड्रोन से रखी गई पैनी नज़र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ में राम बरात : सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम, ड्रोन से रखी गई पैनी नज़र

हैदरगढ़ बाराबंकी में ऐतिहासिक राम बरात का भव्य आयोजन इस बार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी मिसाल साबित हुआ। प्रशासन पूरी तरह एलर्ट मूड में दिखाई दिया और पहली बार परंपरागत शोभायात्रा पर आधुनिक तकनीक का पहरा दिखा। आसमान से उड़ते ड्रोन कैमरों ने अराजकतत्वों की हर गतिविधि पर पैनी निगरानी रखी, जिससे आयोजन की सुरक्षा और भी मजबूत हो गई। उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि इस आयोजन के लिए विस्तृत तैयारी की गई थी। सुरक्षा मानकों की समीक्षा के लिए विशेष बैठकें आयोजित की गईं और भीड़ नियंत्रण के लिए पूरे मार्ग को अलग-अलग जोन में बांटा गया। प्रत्येक जोन में पुलिस और प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस विभाग के साथ-साथ राजस्व, जलकल, नगर निकाय और विद्युत विभाग की टीमें भी पूरी तरह सक्रिय रहीं। कई थानों से पुलिस बल तैनात किया गया, वहीं ड्रोन के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग ने सुरक्षा को और भी पुख्ता बना दिया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक समीर सिंह और प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल समेत समूची पुलिस टीम ने कड़ी निगरानी बनाए रखी। सुरक्षा का स्तर इतना सख्त था कि कहा जा सकता है, ल्लएक-एक परिंदे पर भी नज़र रखी जा रही थी।ङ्क राम बरात की गरिमा और भव्यता के बीच प्रशासन की यह अभूतपूर्व सतर्कता न केवल श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित वातावरण लेकर आई, बल्कि आयोजन की ऐतिहासिकता को और भी गौरवशाली बना दिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इतनी सुरक्षा और व्यवस्थित आयोजन के बीच राम बरात में शामिल होना उनके लिए एक यादगार अनुभव रहा।

## टीम इंडिया ने स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीते 4 पदक

एजेंसी




कुआलालंपुर (मलेशिया)। स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और तीन रजत पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 16 से 20 सितंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर स्थित स्टेडियम जुआरा, बुकीत किआरा में आयोजित हुई, जिसमें 10 देशों के एथलीट्स ने भाग लिया। भारत की चान्वी शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने सुजिता सुकुमारन के साथ जोड़ी बनाकर महिला युगल वर्ग में रजत पदक भी अपने नाम किया। वहीं, अंकित दलाल ने पुरुष एकल वर्ग में रजत पदक जीता और अमल बेजू के साथ मिलकर पुरुष युगल वर्ग में भी रजत हासिल किया। भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस उपलब्धि पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष ने कहा, हम अपने खिलाड़ियों की इस सफलता पर बेहद गर्व महसूस करते हैं। हमारे एथलीट्स ने साहस, धैर्य और टीम स्पिरिट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। मैं पूरे दल को हार्दिक बधाई देती हूँ और मलेशिया स्थित भारतीय राजदूत तथा भारतीय समुदाय का विशेष आभार व्यक्त करती हूँ। यह उपलब्धि भारत भर के युवाओं को प्रेरित करेगी। इस प्रतियोगिता में कुल 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 63 एथलीट और 17 यूनिफाइड पार्टनर्स शामिल थे।

## गैरी स्टीड ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट में संभाली हाई परफॉर्मेंस कोचिंग की जिम्मेदारी

एजेंसी



वेलिंगटन। न्यूज़ीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) में हाई परफॉर्मेंस कोचिंग की नई भूमिका स्वीकार कर ली है। इस पद पर उनका काम सहायक खिलाड़ियों और कोचों को विकसित करना तथा हाई परफॉर्मेंस कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना होगा। स्टीड ने इस साल की शुरुआत में न्यूज़ीलैंड के मुख्य कोच के रूप में आठ वर्षों का कार्यकाल पूरा किया था। उनके नेतृत्व में टीम ने 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीती, 2021 में टी20 विश्व कप और 2019 में वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुँची। इसके अलावा 2025 में टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भी खेला। उनकी कोचिंग में पिछले साल भारत के खिलाफ ऐतिहासिक व्हाइटवॉश जीत भी दर्ज की गई थी। गैरी स्टीड का न्यूज़ीलैंड क्रिकेट से जुड़ाव लगभग 34 वर्षों का रहा है। खिलाड़ी के रूप में उन्होंने देश के लिए पाँच टेस्ट खेले और 100 से अधिक प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए मैचों में हिस्सा लिया। खेल से संन्यास के बाद उन्होंने कोचिंग की ओर रुख किया। स्टीड 2004-09 तक कोच डेवलपमेंट मैनेजर रहे। 2005-06 में एनजेडसी अकादमी में असिस्टेंट कोच बने। 2009 से 2012 तक न्यूज़ीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच रहे।इसके बाद छह साल तक कैंटरबरी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट रहे। 2018 में उन्हें न्यूज़ीलैंड पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टीड ने कहा कि उनका जुनून अभी भी कोचिंग को लेकर बरकरार है और वे अपने अनुभव से व्यापक क्रिकेट नेटवर्क को लाभान्वित करना चाहते हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, ''न्यूज़ीलैंड क्रिकेट मेरे दिल के बहुत करीब है और खेल से जुड़े रहना मेरे लिए बेहद खास है। अगर मैं अपनी स्किल्स और अनुभव खिलाड़ियों व कोचों तक पहुँचा पाऊं और ब्लैककैप्स व वाइट फर्न्स को विश्व स्तर पर जीत में मदद कर पाऊं, तो यह मेरे लिए बड़ी संतुष्टि की बात होगी। गौरतलब है कि हाल ही में उन्हें भारतीय घरेलू टीम आंध्र का 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीज़न के लिए मुख्य कोच भी नियुक्त किया गया है। उन्होंने एनजेडसी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें संगठन से बाहर काम करने और अपने अनुभव को और व्यापक बनाने का मौका मिल रहा है, जिससे वे नई सीख को फिर से न्यूज़ीलैंड क्रिकेट में वापस ला सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व आर्सेनल युवा खिलाड़ी बिली विगर का निधन मैच के दौरान लगी चोट बनी वजह

**लंदन।** इंग्लैंड की नॉन लीग प्रीमियर डिवीजन में खेलते हुए पूर्व आर्सेनल अकादमी खिलाड़ी बिली विगर का निधन हो गया। वह केवल 21 वर्ष के थे। चिचेस्टर सिटी क्लब ने गुरुवार को उनके निधन की पुष्टि की। इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) ने भी गहरी संवेदना जताते हुए कहा, हम बिली विगर के निधन से बेहद दुखी हैं। इस कठिन समय में हम उनके परिवार, दोस्तों और चिचेस्टर सिटी एफसी के सभी लोगों के साथ हैं। आर्सेनल क्लब ने भी शोक व्यक्त करते हुए लिखा, हमारे पूर्व अकादमी खिलाड़ी बिली विगर के निधन की खबर बेहद चौंकाने वाली और दुखद है। फॉरवर्ड खिलाड़ी विगर ने 2017 में आर्सेनल की अकादमी जॉइन की थी और 2022 में प्रोफ़ेशनल कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। उन्हें एक शक्तिशाली और बहुमुखी फॉरवर्ड बताया जाता था। उन्होंने डर्बी काउंटी के लिए लोन पर भी खेला और हाल ही में चिचेस्टर सिटी की ओर से सक्रिय खिलाड़ी थे। पिछले शनिवार को विगर विंगेट एंड फिंचली एफसी के खिलाफ मुकाबले में खेल रहे थे। इसी दौरान उनका टकराव मैदान के किनारे स्थित दीवार से हो गया और उन्हें गंभीर दिमागी चोट लगी और वो कोमा में चले गए। परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया, ल्लमंगलवार को उनकी सर्जरी की गई थी जिससे कुछ सुधार की उम्मीद थी, लेकिन चोट इतनी गंभीर थी कि गुरुवार (25 तारीख) की सुबह उनका निधन हो गया। इस हादसे के बाद चिचेस्टर का शनिवार को लुईस के खिलाफ होने वाला मैच स्थगित कर दिया गया है। वहीं, इस सप्ताहांत सभी मैचों से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा और खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरेंगे।

### सिंगापुर स्थित भारतीय कारोबारी ने अशांत दुनिया में सीमा पार सहयोग का किया आह्वान

**सिंगापुर।** सिंगापुर स्थित भारतीय मूल की एक कारोबारी ने अराजकता से भरी दुनिया में सीमा पार सहयोग और मूल्यों, दूरदर्शिता एवं जिम्मेदारी पर आधारित उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व का आह्वान किया है। 'इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' (आईसीएआई) के सिंगापुर चैप्टर की चेयरपर्सन अनुराधा श्रॉफ ने कहा, '' हम बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं जो प्रौद्योगिकी परिवर्तन, स्थिरता की अनिवार्यताओं, नई भू-राजनीतिक वास्तविकताओं, बदलती जनसांख्यिकी और नैतिक शासन के अडिग आह्वान से प्रेरित है। श्रॉफ ने बृहस्पतिवार को 'बिजनेस लीडर्स फोरम 2.0' में 150 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सनदी लेखाकार) को संबोधित करते हुए कहा, '' केवल बदलाव ही काफी नहीं है। असल में जो मायने रखता है वे यह है कि एक पेशेवर के तौर पर, एक संगठन के तौर पर और एक वैश्विक समुदाय के तौर पर हमारी प्रतिक्रिया। उन्होंने कहा '' इस मंच के माध्यम से हमारा लक्ष्य बदलाव की वास्तविक कहानियों को सामने लाना, दुनियाभर की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, क्षेत्रों एवं सीमाओं से परे में नेतृत्व को मजबूत करना और चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं पेशेवरों को रणनीतिक सलाहकार, नवाचार समर्थक आदि बनने के लिए सशक्त बनाना है।

### मध्यप्रदेश में सोयाबीन किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिलेगाः मुख्यमंत्री मोहन यादव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घोषणा की है कि सोयाबीन किसानों के लिए बाजार मूल्य एवं एमएसपी के बीच के अंतर को पाटने हेतु भावांतर योजना लागू की जाएगी। यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार किसानों को सोयाबीन की फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी स्थिति में उन्हें नुकसान नहीं होने देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोयाबीन के लिए 5,328 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बयान में कहा कि किसान संघों के सुझावों के आधार पर राज्य सरकार ने इस वर्ष सोयाबीन किसानों को भावांतर योजना (बाजार मूल्य एवं एमएसपी के बीच के अंतर को पाटने के लिए) का लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा , '' किसान पहले की तरह ही मंडियों में सोयाबीन बेचते रहेंगे और अगर उपज एमएसपी से कम दाम पर बिकती है, तो सरकार भावांतर योजना के तहत उन्हें हुए नुकसान की भरपाई करेगी। यादव ने कहा कि सरकार फसल के विक्रय मूल्य और एमएसपी के बीच के अंतर का सीधे भुगतान करेगी। भावांतर योजना के तहत किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। पहले भी फसल नुकसान के लिए किसानों को राहत राशि प्रदान की गई है। संकट के समय सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है।

### भारत, ईयू के बीच एफटीए को जल्द अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है इटलीः उप प्रधानमंत्री तजानी

**न्यूयॉर्क।** इटली के उप प्रधानमंत्री एंतोनियो तजानी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और भारत तथा यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के प्रति उनके देश की प्रतिबद्धता दोहराई। तजानी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बैठक को '' महत्वपूर्ण'' बताया और कहा कि वह आने वाले महीनों में भारत की यात्रा करेंगे। उन्होंने लिखा, '' न्यूयॉर्क में मैंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इटली और भारत के बीच रणनीतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी है। हम आगामी महीनों में मेरी भारत यात्रा के साथ इसे और मजबूत करना चाहते हैं। तजानी ने कहा, '' मैंने मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए इटली के समर्थन की पुष्टि भी की। यूरोपीय संघ (ईयू) भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024 में 120 अरब यूरो मूल्य के वस्तु व्यापार के साथ भारत के कुल व्यापार में इसकी हिस्सेदारी 11.5 प्रतिशत थी। दूसरी ओर भारत यूरोपीय संघ का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है जिसका 2024 में यूरोपीय संघ के कुल वस्तु व्यापार में 2.4 प्रतिशत का योगदान था।

### सात्विक ग्रीन एनर्जी की बाजार में धीमी शुरुआत

**नयी दिल्ली।** सौर पैनल विनिर्माता कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयर की शुक्रवार को बाजार में धीमी शुरुआत हुई। बीएसई पर शेयर 465 रुपये के निर्गम मूल्य से 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 460 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 3.93 प्रतिशत फिसलकर 446.70 रुपये पर आ गया। एनएसई पर इसने 465 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर शुरुआत की। बाद में 3.87 प्रतिशत फिसलकर 447 रुपये पर आ गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 5,776.92 करोड़ रुपये रहा। सात्विक ग्रीन एनर्जी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत मंगलवार को बोली के अंतिम दिन 6.57 गुना अभिदान मिला। आईपीओ का मूल्य दायरा 442 से 465 रुपये प्रति शेयर था। सात्विक ग्रीन एनर्जी सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल विनिर्माता है जिसकी परिचालन क्षमता 30 जून 2025 तक लगभग 3.8 गीगावाट थी।

## पाकिस्तान से हार पर कोच फिल सिमंस ने कहा कैच छोड़ने और गलत शॉट चयन से हारे मैच

एजेंसी



दुबई। एशिया कप 2025 के सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान से मिली 11 रन की हार के बाद बांग्लादेश के कोच फिल सिमंस ने टीम की कमजोरियों पर खुलकर बात की। 136 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की पारी लड़खड़ा गई और उनकी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। सिमंस ने कहा कि मैच का टर्निंग पॉइंट तीन आसान कैच छोड़ना रहा। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और टीम 51 रन पर पांच विकेट खो चुकी थी। इसी दौरान नुरुल हसन और मेहदी हसन ने शाहीन शाह अफरीदी का कैच टपकाया। अफरीदी ने इसके बाद 13 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 19 रन जोड़े और पाकिस्तान को लय दिलाई। वहीं, परवेज इमोन ने मोहम्मद नवाज का कैच छोड़ा जब वह शून्य पर थे, जबकि नवाज ने बाद में 15 गेंदों पर 25 रन बनाए। सिमंस ने मैच के बाद कहा,''जब हमने शाहीन और नवाज के कैच छोड़े, तभी मैच बदल गया। उससे पहले हमारे पास पूरा नियंत्रण था। दुबई की फ्लडलाइट्स को बहाना नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि ये मौके मुश्किल नहीं थे। कोच ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजों ने गलत शॉट चयन किया। टीम ने जरूरत से ज्यादा बड़े शॉट खेलने की कोशिश की और विकेट गंवाए। उन्होंने स्वीकार किया कि कप्तान लिटन दास की गैरमौजूदगी भी टीम को भारी पड़ी। उन्होंने कहा, ''हमें यह मैच किसी भी ओवर में खत्म करने की जल्दी नहीं थी, बस जीतना था। लेकिन खराब फैसले लिए गए। हमने इसी पिच पर श्रीलंका के खिलाफ 169 रन का पीछा किया था, तब बल्लेबाजों ने समझदारी दिखाई थी। लिटन और तंजीद जैसे बल्लेबाजों की कमी हमें खली। बांग्लादेश की टीम पर लंबे समय से स्ट्राइक रेट कम होने का आरोप लगता रहा है। इस पर सिमंस ने कहा कि खिलाड़ी अब धीरे-धीरे सुधार कर रहे हैं, लेकिन असली समस्या साझेदारी न बना पाना रही। उन्होंने कहा, ''हमारे पास तेजी से रन बनाने की क्षमता है, छक्के मारने की ताकत है, लेकिन हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करके साझेदारी निभानी होगी। टीम मैनेजमेंट ने इस मैच में मेहदी हसन को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। सिमंस ने इस फैसले का बचाव किया और कहा कि यह रणनीतिक कदम था ताकि वह पावरप्ले में तेज गेंदबाजों का सामना कर सकें। हालांकि मेहदी सिर्फ 11 रन ही बना पाए। भले ही पाकिस्तान के खिलाफ हार ने बांग्लादेश की एशिया कप यात्रा समाप्त कर दी हो, लेकिन सिमंस ने कुछ सकारात्मक पक्ष भी गिनाए।

## चोटिल शामार भारत के खिलाफ टेस्ट से बाहर

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज के स्टार तेज गेंदबाज शामार जोसेफ अज्ञात चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला नहीं खेलेंगे जिनकी जगह नये हरफनमौला जोहान लेन को टीम में जगह मिली है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने एक्स पर लिखा ,'' जोहान लेन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिये टीम में शामार जोसेफ की जगह ली है। बोर्ड ने चोट के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है। कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ 18 अक्टूबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले उनकी फिटनेस की समीक्षा की जायेगी। पिछले साल वेस्टइंडीज के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जोसेफ ने 11 टेस्ट में तीन से ऊपर की इकॉनॉमी दर से 51 विकेट लिये हैं। बाईस वर्ष के लेन 19 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 495 रन बनाने के अलावा 66 विकेट ले चुके हैं।

## सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत में गिरावट का रुख बना नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज के कारोबार में सोना 850 रुपये से लेकर 930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। कीमत में नरमी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,14,430 रुपये से लेकर 1,14,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,04,890 रुपये से लेकर 1,05,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,14,580 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,05,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,14,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,04,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,14,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,04,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,14,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,04,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,14,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,04,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,14,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,05,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,14,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,04,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,14,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना सस्ता हुआ है।

## कोल इंडिया ने गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए 1.03 लाख के त्योहारी इनाम की घोषणा की

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों ने त्योहारों से ठीक पहले अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने अपने गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए 1.03 लाख रुपये के प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार (पीएलआर) देने की घोषणा की। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के कोयला उपक्रमों ने अपने गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए 1,03,000 रुपये के प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार की घोषणा की है। कोयला उद्योग के लिए संयुक्त द्विपक्षीय समिति की मानकीकरण समिति की 25 सितंबर को हुई छठी बैठक के बाद इस प्रोत्साहन पुरस्कार देने की घोषणा की गई। पीएलआर से कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों के लगभग 2.1 लाख गैर-कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों और एससीसीएल के करीब 38,000 गैर-कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों को फायदा होगा। यह राशि उपस्थिति के आधार पर आनुपातिक आधार पर जमा की जाएगी। इस प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार का कुल वित्तीय भार सीआईएल के लिए 2153.82 करोड़ रुपये और एससीसीएल के लिए 380 करोड़ रुपये होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार देने की घोषणा पर एक्स पोस्ट में कोल इंडिया परिवार को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोल इंडिया परिवार के 2.09 लाख गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को 1,03,000 रुपये का प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार मिल रहा है। यह निर्णय जेबीसीसीआई-इ्रक्र की मानकीकरण समिति की छठी बैठक में लिया गया। इसके लिए केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हम उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

## पेस डिजिटेक का 819 करोड़ का आईपीओ लॉन्च, 30 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

एजेंसी

नई दिल्ली। सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोजेक्ट, लीथियम आयन बैटरी सिस्टम्स की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई के कारोबार में लगी कंपनी पेस डिजिटेक लिमिटेड 819.15 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 30 सितंबर तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 1 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। कंपनी के शेयर 6 अक्टूबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। आईपीओ के तहत 2 रुपये फ़ेस वैल्यू के 3,74,04,018 नए शेयर जारी किया जा रहा है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 208 रुपये से लेकर 219 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। पेस डिजिटेक लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 68 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,892 रुपये का निवेश करना होगा। आईपीओ खुलने से एक दिन पहले गुरुवार को पेस डिजिटेक लिमिटेड ने एंकर इनवेस्टर्स से 245.14 करोड़ रुपये जुटाए। इन एंकर इनवेस्टर्स में सोसाइटी जेनरल, बंधन म्यूचुअल फंड, सैमसंग इंडिया, टॉरस म्यूचुअल फंड, सेंट कैपिटल फंड, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, होलानी वेंचर कैपिटल, सनराइज इनवेस्टमेंट ट्रस्ट और अर्थ एआईएफ समेत 15 इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के नाम भी एंकर बुक में शामिल हुए। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.87 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 34.91 प्रतिशत हिस्सा, नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.95 प्रतिशत हिस्सा और एंप्लॉईज के लिए 0.27 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनया गया है।




कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 16.53 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 229.87 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 279.10 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 514.66 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2,460.27 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 2,462.20 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी के कर्ज के बोझ में उतार-चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 192.11 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 493.19 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 में ये कम होकर 160.70 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इस दौरान कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। ये वित्त वर्ष 2022-23 के 313.31 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 534.58 करोड़ रुपये और 2024-25 में 1,134.21 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) वित्त वर्ष 2022-23 के 39.75 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 423.75 करोड़ रुपये और 2024-25 में 505.13 करोड़ रुपये हो गया।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से बाढ़ राहत एवं रक्षा कॉरिडोर सहित कई मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ''महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।''

फडणवीस ने भी एक्स पर लिखा, ''जैसा हमेशा होता है, महान नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलना और उनका



मार्गदर्शन प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है।'' उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्होंने राज्य में हाल ही में हुई भारी वर्षा और बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी दी और प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से सहायता का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में महाराष्ट्र में नए रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर नामित करने का विस्तृत प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। इसमें पुणे-अहिल्यनगर-छत्रपति संभाजी नगर, अमरावती-वर्धा-नागपुर-सावनेर और नाशिक-धुले मार्गों को तीन संभावित रक्षा कॉरिडोर के रूप में शामिल किया गया है। फडणवीस ने प्रधानमंत्री से खनिज और धातु से संबंधित कानून (एमएमडीआर अधिनियम, 1957) की धारा 17(ए)(2) के अंतर्गत क्षेत्र आरक्षित करने तथा लौह अयस्क क्षेत्र सीमा में ढील देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे गढ़िचरोली में चीन से भी सस्ती दर पर ग्रीन स्टील उत्पादन का मार्ग प्रशस्त होगा।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने मुंबई उपनगर के दहिसर (पूर्व) स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की भूमि हस्तांतरण और एचएफ रिसीविंग स्टेशन के स्थानांतरण का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि इससे मूल्यवान शहरी भूमि सार्वजनिक उपयोग और शहर के विकास के लिए उपलब्ध हो सकेगी। फडणवीस ने बैठक में प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र की ''ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'' से जुड़ी पहलों की प्रगति से भी अवगत कराया।

# बढ़ती आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की ज़िम्मेदारी- शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि देश के किसानों के हितों की चिंता करते हुए घटिया पेस्टिसाइड, फर्टिलाइजर से किसानों को बचाने के लिए कई स्तर पर सरकार कार्रवाई कर रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। किसान अन्नदाता है, अन्नदाता मतलब जीवनदाता, जब पेट भरा होता है तब बाकी चीजें याद आती हैं। शुक्रवार को कॉनस्टिट्यूशन क्लब में क्रॉप लाइफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन (विकसित भारत 2047- अर्थव्यवस्था में कृषि का एक ट्रिलियन का योगदानः फसल संरक्षण उद्योग की भूमिका) को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अप्रैल से अगस्त तक के दौरान हमारा कृषि निर्यात 10 प्रतिशत बढ़ा है, हमारा बासमती धूम मचा रहा है। शिवराज सिंह ने कहा कि मैंने वैज्ञानिकों को टास्क दिया है, आईसीएआर व बाकी संस्थानों के वैज्ञानिक रिसर्च करते थे, लेकिन कई बार उस रिसर्च का जमीनी नाता नहीं रहता था। हमने विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया, उसमें किसानों की समस्याएं देखी।

शिवराज सिंह ने कहा कि रिसर्च और अनुसंधान का लाभ जब तक किसान को ना मिले, कैसे काम चलेगा। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि देश की आबादी 140 करोड़ है, जो 2050 तक 170 करोड़ होने का अनुमान है, तब के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है। इसके साथ ही लगभग 46 प्रतिशत आबादी, जो आज भी खेती पर निर्भर करती है, उनकी आजीविका भी चलाना है। यूएसए, ब्राज़ील, ऑस्ट्रेलिया में विशेष परिस्थितियां हैं, एक किसान के पास 10-15 हज़ार हेक्टेयर ज़मीन है। हमारे किसान के पास ढाई एकड़, तीन एकड़ व इससे कम भूमि वाले भी किसान हैं, तो हमें इन तथ्यों को ध्यान में रखकर खेती की नीति बनानी पड़ेगी।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि घटिया पेस्टिसाइड के कारण किसान बर्बाद होता है। पैसा लग गया, फायदा हुआ नहीं, यहां तक कि फर्टिलाइजर भी नकली बना दिया, राजस्थान में तो हमने पकड़ा, जहां पत्थरों का काम होता है, उसका पाउडर भर-भरकर बोरियों में बेच दिया, किसान इससे त्रस्त है, सरकार का भी काम है ।

# पेज एक का शेष

## 75 लाख...

नक्सली हिंसा और भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा मार बिहार की महिलाओं को झेलनी पड़ी। मोदी ने कहा, ल्लवो दिन याद कीजिए जब बिहार की सड़कें टूटी-फूटी थीं, पुल-पुलिया गायब थे। बाढ़ के समय गर्भवती महिलाएं अस्पताल नहीं पहुंच पाती थीं। आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है और महिलाएं बेखौफ होकर घरों से निकल पा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से अब तक 75 लाख बहनें जुड़ चुकी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब कोई महिला रोजगार या स्वरोजगार करती है तो उसके सपनों को पंख लगते हैं और समाज में उसका सम्मान और बढ़ जाता है। मोदी ने कहा कि यदि 11 साल पहले जनधन योजना न चलाई गई होती और महिलाओं के बैंक खाते न खुले होते, तो आज इतने बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) संभव नहीं होता। उन्होंने कहा, ल्लबैंक खाते को मोबाइल से जोड़ने की वजह से ही बिना किसी बिचौलिए के यह राशि सीधे आपके पास पहुंची है।ङ्क उन्होंने हाल ही में शुरू किए गए 'जीविका निधि साख सहकारी संघ' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह व्यवस्था अब मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के साथ जुड़कर और अधिक प्रभावी होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार के 'लखपति दीदी अभियान' को भी नई मजबूती देगी। देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। ल्लअब तक दो करोड़ से अधिक बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनकी मेहनत से गांव और समाज का चेहरा बदला है और परिवार का रुतबा भी बढ़ा है।ङ्क उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान और बैंक दीदी अभियान भी महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सरकार महिलाओं को केंद्र में रखकर नीति बनाती है तो उसका लाभ पूरे समाज को मिलता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने माताओं और बहनों को रसोई की घुटन से मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा, ल्लएक समय था जब गैस कनेक्शन गांव में सपना होता था। महिलाएं खांस-खांस कर जीवन बिताती थीं। हमने उज्ज्वला योजना से घर-घर गैस पहुंचाई और माताओं-बहनों का जीवन बचाया।ङ्क

उन्होंने कहा कि बिहार को अब फिर कभी अंधेरे में नहीं जाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा ल्लहमारी सरकार का संकल्प है कि अपने बच्चों को बर्बाद होने से बचाने का यही एकमात्र रास्ता है।

अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार नवरात्रि का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पावन पर्व पर नारी शक्ति का आशीर्वाद ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। बिहार की महिलाओं ने कठिन परिस्थितियों का सामना किया है और आज विकास के रास्ते पर वे सबसे आगे खड़ी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर 22 सितंबर से लागू जीएसटी दरों में कमी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ घर-परिवार को राहत मिलेगी बल्कि व्यापार और कारोबार को भी गति मिलेगी।

## पंजाब, हिमाचल...

दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड हो या बाकी राज्य, इस संकट की घड़ी में कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय उनके साथ खड़ा है। किसान के लिए चाहे बीज का सवाल हो, पंजाब को रेपसीड और सरसों के बीज का आवंटन 32 करोड़ रु. का किया गया है। क्लस्टर रिमोंटेशन के तहत अतिरिक्त आवंटन भी करेंगे। गेहूं के बीज के लिए भी लगभग 74 करोड़ रु. अलग से दिए जाएंगे। जिन लोगों के मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं, पीएम आवास योजना में उन्हें मकान बनाने के लिए पैसा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में 1 लाख 20 हजार रुपए के अलावा टॉयलेट की राशि अलग और 90-95 दिन की मनरेगा की राशि भी दी जाएगी। वहां के मजदूर भाई-बहनों को अगर रोजगार की जरूरत होगी तो मनरेगा में 100 दिन सालभर में रोजगार दिया जाता है, जिसे इन बाढ़ पीड़ित राज्यों में बढ़ाकर 150 दिन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पैकेज की घोषणा की है और उसी का एक हिस्सा है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि समय पूर्व किसानों के खाते में डालना, ताकि उसका उपयोग प्राकृतिक आपदा से पीड़ित किसान खेती या अन्य कामों के लिए कर सकें। पंजाब के लगभग 11 लाख 10 हजार किसानों को करीब 222 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के 8 लाख से ज्यादा किसानों को 160 करोड़ रुपये से अधिक तथा उत्तराखंड के लगभग 7.90 लाख किसानों को करीब 158 करोड़ रुपये की राशि पीएम-किसान की किस्त के रूप में उनके खातों में हस्तांतरित की गई हैं। इस राशि को मिलाकर पीएम-किसान योजना के अंतर्गत इन तीनों राज्यों के किसानों को अभी तक कुल 13,626 करोड़ रु. दिए जा चुके हैं।

इस अवसर पर कृषि भवन में केंद्रीय कृषि सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, वहीं तीनों राज्यों के कृषि मंत्री और उच्चाधिकारी वर्चुअल जुड़े थे।

## महाराष्ट्र...

लाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि मराठवाड़ा के तीन जिलों छत्रपति संभाजीनगर, जालना और बीड में शुरुआती नुकसान लगभग 4 लाख 58 हज़ार 511 हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो बीड में स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। सोयाबीन, कपास, अरहर, मक्का और बाजरा जैसी प्रमुख खरीफ फसलों को भारी बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। कटी हुई फसलें पानी में डूब गई हैं, जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर जाने से फसलें सडऩे लगी हैं, जबकि कुछ जगहों पर जमीन का कटाव हो गया है। बीड जिले की कई तहसील इस बारिश से प्रभावित हुई हैं। बीड, गेवराई, शिरूर कासर, आष्टी, पाटोदा और माजलगांव आदि तहसीलों में नुकसान की तीव्रता विशेष रूप से अधिक है। जिले के कई राजस्व हलकों में भारी बारिश दर्ज की गई है। शिरूर तालुका में बारिश का सबसे ज्यादा असर हुआ, जहां शिरूर मंडल में 104 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद बीड तालुका के येलम्ब में 99 मिमी, जबकि नेकनूर और नलवंडी मंडलों में क्रमशः 70 मिमी और 67 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## बिहार...

राजनीतिक दल नकद राशि देकर उनका वोट तो लेते हैं, लेकिन उन्हें सम्मान या अवसर नहीं दे पाते। प्रियंका ने कहा, ''आप अपनी शक्ति को नहीं पहचानते। लेकिन पार्टियां पहचानती हैं। इसलिए वे चुनाव से पहले आपको पैसे देती हैं। वे जानते हैं कि वे आपके समर्थन के बिना सरकार नहीं बना सकते।''

बिहार में बेरोजगारी और पलायन पर उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कई पुरुष राज्य के बाहर काम करने को मजबूर हैं, जिससे महिलाओं को अकेले ही काम चलाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यहां रोजगार के कोई अवसर नहीं हैं।

इस कार्यक्रम में महिलाओं ने प्रियंका के साथ अपने निजी संघर्षों को साझा किया, जिसमें मनरेगा मजदूरों, जीविका सदस्यों और आशा कार्यकर्ताओं की समस्याएं शामिल थीं।

## पेपर ...

सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का यूकेएसएसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है। लाखों युवाओं ने दिन.रात मेहनत की लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फ़ेर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी लगातार मांग कर रही है कि पेपर लीक रोकने के लिए मज़बूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है। क्योंकि उन्हें युवाओं की बेरोज़गारी की नहीं बल्कि अपनी सत्ता की चिंता है। उनका कहना था कि बेरोज़गारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है। पेपर चोरों को पता है। अगर युवाओं को रोजगार नहीं भी मिलेगा तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे।

श्री गांधी ने कहा युवा सड़कों पर हैं और नारा दे रहे हैं .श्पेपर चोर गद्दी छोड़। यह सिर्फ़ युवाओं की नौकरी की लड़ाई नहीं है यह न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई है। मैं हर छात्र और युवा के साथ इस न्याय की लड़ाई में मजबूती से खड़ा हूं। पेपर चोर गद्दी छोड़।

## बरेली में...

होने जा रहे थे। उनका मकसद 'आई लव मोहम्मद' के मुद्दे पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपना था। इसके पूर्व कानपुर में पुलिस ने 4 सितंबर को बारावफात पर कई मुस्लिम नौजवानों को 'आई लव मोहम्मद' का पोस्टर बैनर लगाने पर गिरफ्तार किया था।

इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद विरोध दर्ज कराने जा रहे लोगों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की।वहीं प्रशासन की ओर से अनुमति रद्द होने के बावजूद सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। खलील स्कूल के पास भीड़ ने बैनर-झंडे लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच कुछ शरारती तत्व माहौल को खराब करने की कोशिश की। देखते ही देखते माहौल गरमा गया। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरु कर दिया। इसके बाद भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने दो बाइक भी तोड़ दीं और एक दुकान में तोड़फोड़ की। तब पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी दागे। अचानक हुए इस बवाल से आलमगिरीगंज, बांसमंडी, बड़ा बाजार, कुतुबखाना और बिहारीपुर में दुकानों के शटर गिरने लगे। सड़क पर जगह-जगह पत्थर, टूटी चप्पलें और वाहनों के शीशे बिखरे पड़े थे। भगदड़ का आलम यह रहा कि खलील तिराहे से बिहारीपुर चौकी तक हालात बेकाबू हो गए। इस बीच कई बार भीड़ लौटने की कोशिश करती रही, लेकिन पुलिस ने सख्ती से खदेड़ दिया।

वहीं मौके पर डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य समेत आला अधिकारी मौके पर डटे रहे और खुद मोर्चा संभाला। शहर के चौराहों और गलियों में भारी पुलिस बल तैनात के साथ ही शहर पुलिस छावनी में तब्दील है। इसके साथ ही अतिरिक्त फोर्स की भी तैनाती की गई है।

फिलहाल, इलाके की ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। जुमे की नमाज के मद्देनजर यूपी पुलिस पहले से ही अलर्ट पर थी। मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और वाहनों की चेकिंग भी चल रही है।

दूसरी ओर, दंगे की आशंका के मद्देनजर श्यामगंज और कोहाड़ापीर से गुजरने वाली रोडवेज बसों का संचालन रोक दिया गया। अफवाहों और उपद्रव की दहशत से बाजार भी बंद हो गए। पुलिस बार-बार मुनादी कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रही थी। अधिकारियों ने साफ कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस-प्रशासन की तत्परता से हालात तो काबू में आ गए, लेकिन इलाके में तनाव और दहशत अब भी बनी हुई है। -

## भाजपा...

के लिए मुफ्त राशन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक राहत और सुविधा पहुंचाई है। इन उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और उन्हें भाजपा से जोड़ना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अनुशासन, निष्ठा और परिश्रम की सीख भी दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल केवल सत्ता पाने के लिए राजनीति करते हैं, जबकि भाजपा राष्ट्र निर्माण को लक्ष्य मानकर आगे बढ़ती है। कार्यकर्ताओं की ताकत ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है और यही संगठन को हर स्तर पर मजबूती प्रदान करती है। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिंग्रीवाल, राज्य सरकार में मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, विधायक जनक सिंह, डॉ. सीएन गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जयसवाल सहित चंपारण एवं सारण के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। अमित शाह के संबोधन ने न केवल कार्यकर्ताओं के आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि भाजपा बिहार में एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरेगी। इस बैठक के माध्यम से भाजपा ने पश्चिम चंपारण की धरती से संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समाज कल्याण के संकल्प के साथ यह संकेत दे दिया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में वह पूरे दमखम से मुकाबले के लिए तैयार है।

## प्रधानमंत्री....

नेटवर्क से अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि ये 4-जी टावर पहले ही देश के 22 मिलियन ग्राहकों को सेवा दे रहे हैं।

संचार मंत्री ने कहा कि? इसका मकसद भारत की दूरसंचार आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। यह स्वदेशी 4-जी नेटवर्क बीएसएनएल द्वारा लागू किया गया है। इसमें रेडियो एक्सेस नेटवर्क (टइग), जिसे तेजस नेटवर्क ने विकसित किया है, कोर नेटवर्क सी-डॉट ने बनाया है और टीसीएस ने इसे इंटीग्रेट किया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि भारत अब दुनिया के शीर्ष दूरसंचार उपकरण निर्माताओं की श्रेणी में शामिल हो गया है।

उन्होंने आम नागरिक के लिए इस पहल के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि बिहार के छात्रों को अब विश्वस्तरीय ऑनलाइन शिक्षा तक आसानी से पहुंच मिलेगी। पंजाब के किसान मंडी भाव की जानकारी रियल-टाइम में प्राप्त कर सकेंगे। कश्मीर में तैनात सैनिक अपने परिवार से जुड़े रहेंगे। उत्तर-पूर्व के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और फंडिंग तक पहुंच मिलेगी। इस 4-जी इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्देश्य हर भौगोलिक स्थिति या पृष्ठभूमि के भारतीय को सशक्त बनाना है। इसके अलावा भारत का 100 फीसदी 4-जी संतृप्ति नेटवर्क डिजिटल भारत निधि (क्ठग) के तहत लागू किया गया है, जिसमें करीब 29,000 गांवों को 4-जी नेटवर्क से जोड़ा गया है। यह बीएसएनएल की 25वीं वर्षगांठ से पहले एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

दूरसंचार सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने भारत की दूरसंचार विकास यात्रा का विवरण देते हुए बताया कि कैसे कुछ साल पहले असंभव लगने वाली स्वदेशी 4-जी तकनीक अब वास्तविकता बन गई है। उन्होंने यह भी बताया कि युवाओं, उद्योग और लगातार निगरानी की मदद से भारत दूरसंचार में आत्मनिर्भर बन चुका है और अब यह तकनीक विश्व स्तर पर निर्यात करने की स्थिति में है। यह प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत और वैश्विक नेतृत्व के विजन के अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि आज भारत उच्च गुणवत्ता वाली टेलीकॉम सेवाओं को 1.2 अरब लोगों तक पहुंचा रहा है। साथ ही टेलीकॉम उपकरण निर्माण में विश्वस्तरीय केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। यह उपलब्धि डिजिटल समावेशन, वैश्विक नेतृत्व और ल्लवसुधैव कुटुंबकमङ्क के सिद्धांत को साकार करती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर, प्रधानमंत्री इस उपलब्धि को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो केवलतकनीकी मील का पत्थर नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टि को साकार करने का प्रतीक है।

## वायु...

योद्धाओं की इस यात्रा में मिग-21 का भी बड़ा योगदान रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि दुनिया के सैन्य विमानन के इतिहास में ऐसा कोई लड़ाकू विमान नहीं हुआ, जो इतनी बड़ी संख्या में निर्मित हुआ हो। दुनिया भर में मिग-21 के 11,500 से अधिक विमान बनाए गए और उनमें से लगभग 850 विमान भारतीय वायु सेना का हिस्सा रहे। यह संख्या अपने आप में इस लड़ाकू विमान की लोकप्रियता, विश्वसनीयता और उसकी बहुआयामी क्षमताओं की गवाही है।

भारत और रूस के बीच गहरे संबंधों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस विमान ने ऐतिहासिक मिशनों में हर बार तिरंगे का सम्मान बढ़ाया है। इसलिए यह क्षण हमारी सामूहिक यादों और हमारे राष्ट्रीय गर्व का भी है। यह मौका उस यात्रा को भी याद करने का है, जिसमें साहस, बलिदान और उत्कृष्टता की कहानी लिखी गई है। हमारी सभ्यता और हमारी संस्कृति हमें यही सिखाती है कि सम्मान सिर्फ इंसानों को ही नहीं बल्कि हर उस चीज को दिया जाना चाहिए, जिसने हमारे जीवन में कुछ न कुछ योगदान दिया हो। जब हम हर छोटी-बड़ी चीज को इतना सम्मान देते हैं तो मिग-21 हमारी शक्ति का प्रतीक रहा है इसलिए इसका सम्मान करना भला हम कैसे छोड़ सकते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हम सबके लिए यह सिर्फ एक लड़ाकू विमान नहीं बल्कि एक परिवार के सदस्य जैसा है, जिसके साथ हमारा लगाव बहुत गहरा है। मिग-21 ने हमारे आत्मविश्वास को और हमारी रणनीति को मजबूत किया है और हमें वैश्विक मंच पर स्थापित करने में मदद की है। मिग-21 की एक खास बात यह है कि इसे तकनीकी रूप से हमेशा अपग्रेड रखा गया। मिग-21 को त्रिशूल, विक्रम, बादल और बाइसन जैसे नामों से भी जाना गया है। रिटायर होते समय भी इसका वर्तमान रूप उन्नत था। इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की भी सराहना की जानी चाहिए, जिसने अपने उन्नत रडार, एवियोनिक्स से मिग-21 को लगातार अपडेट करने में अपनी भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि मिग-21 के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि भारतीय वायु सेना 60 साल पुराने विमान उड़ा रही थी लेकिन आज इस विमान की विदाई के मौके पर स्पष्ट करना जरूरी है कि 1960 और 1970 के दशक में जो मिग-21 विमान हमारे पास आए थे, वे बहुत पहले ही सेवा से बाहर हो चुके हैं। जो मिग-21 विमान आज तक हम उड़ा रहे थे, वे अधिकतम 40 वर्ष पुराने हैं। 40 साल की समय सीमा ऐसे एयरक्राफ्ट के मानकों के हिसाब से बिल्कुल सामान्य है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 1950 के दशक में जिस डिजाइन पर यह विमान बना था, वह उस समय की तकनीक के हिसाब से श्रेष्ठ था। समय के साथ इसमें बेहतर रडार सिस्टम जोड़ा गया। इसके अलावा इसमें अनेक मिसाइलें जोड़ी गईं और हवा से गिराए जाने वाले बम भी जोड़े गए। यही कारण है कि मिग-21 को इतने लंबे समय तक हमारी वायु सेना का भरोसा और सम्मान मिलता रहा।

## दीपावली ...

बच्चे को दी गयी। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा 9 से 12 वीं के अनुसूचित जाति-जनजाति और सामान्य जाति के 4 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति उपलब्ध करायी जा रही है। इसमें पहले चरण में 1 लाख 12 हजार छात्र छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के ढाई लाख से अधिक छात्र-छात्राएं और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के 25,000 छात्र-छात्राएं सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक अनुसूचित जाति-जनजाति के 1 करोड़ 23 लाख छात्रों को 9,150 करोड़ रुपए की धनराशि वितरित की गई है। यह पैसा डीबीटी के माध्यम से उनके अकाउंट में भेजा गया। वर्ष 2017-18 से 2024-25 में सामान्य वर्ग के 58 लाख 90 हजार छात्र-छात्राओं को 5,945 करोड़ रुपए उनके अकाउंट में भेजे गये।

कुछ लोग समाज को बांटने का काम कर रहेसीएम योगी ने छात्रों से कहा कि आपके हाथों में आने वाली पीढ़ी का नेतृत्व आने वाला है, उसके लिए अभी से मानसिक रूप से तैयार रहिये। हम कैसा भारत चाहते हैं, इस पर अभी से सोचना होगा। याद रखिएगा विभाजनकारी ताकतों ने देश को गुलाम बनाया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वहीं कुछ लोग आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए फिर से बाधक बन करके समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमें बंटना नहीं है, हमें एकजुट होकर के बेहतर शिक्षा के लिए हर छात्र को स्कूल तक पहुंचाना है। हर छात्र और वंचित को स्कूली शिक्षा के साथ जोड़ना है। उसकी शिक्षा के उन्नयन के लिए प्रयास करना है।

डीबीटी के जरिये सीधे खाते में भेजी जा रही धनराशि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017-18 में 1,648 करोड़ छात्रवृत्ति दी जाती थी और आज 2025-26 में स्कॉलरशिप दोगुनी हो चुकी है। आज 3,124 करोड़ 45 लाख रुपये छात्रवृत्ति पिछड़े वर्ग के छात्रों को उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार द्वारा लगातार राशि में वृद्धि करते हुए छात्रों को योजना से जोड़ा जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री नरेंद्र कश्यप, असीम अरूण, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, अनुसुचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, मेयर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, इं. अवनीश कुमार सिंह और विधान सभा सदस्य जया देवी आदि मौजूद रहे।

## योगी...

आंदोलन का रूप ले चुका है। यह 90 दिनों का विशेष अभियान महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के साथ ही समाज में स्थायी बदलाव लाने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। मिशन शक्ति- 5.0 अभियान दिला रहा समाज की साझा जिम्मेदारी का एहसासअभियान की खासियत यह है कि यह केवल योजनाओं की श्रृंखला नहीं बल्कि समाज की सोच और व्यवहार में बदलाव का संदेश भी है। इसके तहत साइक्लोथॉन, घर-घर जागरूकता अभियान और सोशल मीडिया कैम्पेन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लोगों की सहभागिता अभूतपूर्व रही है। जिलाधिकारी स्तर से लेकर ग्राम प्रधान तक के नेतृत्व में आयोजित ये गतिविधियाँ यह स्पष्ट कर रही हैं कि महिला और बच्चों की सुरक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है।

साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में शामिल हो रहीं महिलाएं व बच्चियां सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश भर में आयोजित साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चियां और युवा शामिल हुए। इसमें महिलाओं और बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण संकेतकों जैसे जनसंख्या अनुपात, जन्म/मृत्यु दर, लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉपआउट, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, संस्थागत प्रसव, साक्षरता दर और महिलाओं व बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा पर चर्चा की जा रही है। इन संकेतकों को आम जन के बीच लाकर सुधार की दिशा में कदम उठाने का संदेश भी दिया जा रहा है।बाजारों में भी चलाए जा रहे जागरूकता अभियाननवरात्र के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल लगाकर जागरूकता फैलायी जा रही है। इन स्थलों पर लोगों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित पेंशन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य केवल योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं, बल्कि आमजन को यह समझाना था कि सरकारी योजनाओं की सफलता समाज की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर है।

कार्यक्रमों के जरिए अब तक 3 लाख से अधिक लोगों तक बनाई पहुंच22 सितम्बर से अब तक अभियान के तहत चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 3 लाख से अधिक लोगों तक पहुँच सुनिश्चित की जा चुकी है। इसमें बड़ी संख्या में बच्चियां, महिलाएं और बुजुर्ग महिलाएं शामिल हुई हैं। समाज की सक्रिय भागीदारी ने मिशन शक्ति 5.0 को केवल सरकारी आयोजन से आगे बढ़ाकर सामाजिक जन आंदोलन बना दिया है। अभियान का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है- नारी और नौनिहाल सुरक्षित, तो प्रदेश की प्रगति निश्चित। सीएम योगी के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 ने अब तक यह साबित करने में सफल रहा है कि जब समाज स्वयं सक्रिय होता है और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भाग लेता है, तभी बदलाव वास्तविक और स्थायी बन सकता है।

सेल्फ डिफेंस क्लब में शामिल हुई 2.98 लाख बालिकाएंमोनिका रानी, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शुक्रवार को प्रदेशभर के विद्यालयों में 'सेल्फ डिफेंस क्लब' (आत्मरक्षा क्लब) का भी विधिवत गठन किया गया। इसमें 2.98 लाख बालिकाएं शामिल हुईं। आत्मरक्षा क्लब का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है

संवाद सत्र में 3.77 लाख बालिकाओं ने किया प्रतिभागसंवाद सत्र में प्रदेश के विभिन्न परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की 3.77 लाख बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस सत्र में ख्याति प्राप्त महिलाओं और वरिष्ठ महिला अधिकारियों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने संघर्ष, उपलब्धियों और अनुभवों को साझा किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं बल्कि सोच और व्यवहार में स्थायी बदलाव का प्रयास है। हमारा लक्ष्य है कि हर महिला और बच्चा बिना भय और भेदभाव के, पूरी गरिमा के साथ जीवन जी सके और अपनी बात समाज और सरकार तक पहुंचा सके।

## डाक ....

पीडब्ल्यूडी और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से वोट करने की सुविधा दी है। इसके साथ ही अब डाक से प्राप्त होने वाले मत.पत्रों की संख्या की बढ़ रही है।

आयोग ने कहा है कि मतगणना की प्रक्रिया में एकरूपता और पूरी स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए तय किया गया है कि अब ईवीएम और वीवीपीएटी की गिनती के आखिरी दो चक्र की गिनती तब शुरू की जायेगी जब डाक मत-पत्रों की गिनती पूरी हो चुकी होगी।


आयोग ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन केंद्रों के लिए अधिक संख्या में डाक मत.पत्र प्राप्त हुए हों वहां उनकी गणना के लिए पर्याप्त गणनाकर्मी और मेज आदि की सुविधा की जाए।

पिछले साल लोकसभा चुनावों की मतगणना से पहले कुछ विपक्षी दलों ने मतगणना खास कर डाक मतपत्रों की गिनती में जिलाधिकारियों जिला चुनाव अधिकारियों की भूमिका को मुद्दा बनाने का प्रयास किया था। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चार जून 2024 की मतगणना के एक दिन पहले कहा था कि डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले शुरू होगी लेकिन 2019 से लागू नियमों के अनुसार ईवीएम की गिनती में 30 मिनट से ज्यादा की देरी नहीं होगी।

उन्होंने कहा था कि सभी केंद्रों पर डाक मतपत्रों की गिनती पहले शुरू होगी। उसके आधे घंटे बादए ईवीएम की गिनती पहले शुरू होगी। ऐसा 2019 में हुआ था 2022 के सभी विधानसभा चुनावों में हुआ था तथा दो जून 2024 को अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधान सभा चुनावों की मतगणना में भी हुआ था। उन्होंने कहा था कि इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता।

# बिहार में अनुकम्पा नियुक्ति अब होगी पूरी तरह ऑनलाइन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सरकारी सेवकों की सेवाकाल में असामयिक मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने की पूरी प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया है। इस उद्देश्य से अनुकम्पा नियुक्ति और निगरानी प्रणाली नामक नया ऑनलाइन पोर्टल (https://anukampa-niyukti.bihar.gov.in) विकसित किया गया है, जिसे आज से यानी 26 सितम्बर से लाइव कर दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से मृतक सरकारी सेवक के योग्य आश्रित सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के प्रत्येक चरण की निगरानी पोर्टल पर ही की जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध होगी। अब तक भौतिक रूप से दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई पूर्ववत जारी रहेगी, परन्तु 26 सितम्बर 2025 के बाद केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने बताया कि सरकार का मूल उद्देश्य मृतक सेवक के आश्रित परिवार को समय पर राहत पहुंचाना है। पहले की प्रक्रिया में आने वाली अनावश्यक देरी और अस्पष्टता को देखते हुए यह ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है। इससे न केवल पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी, बल्कि आवेदनों का निष्पादन भी समयसीमा के भीतर किया जा सकेगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने बताया कि सरकार का मूल उद्देश्य मृतक सेवक के आश्रित परिवार को समय पर राहत पहुंचाना है। पहले की प्रक्रिया में आने वाली अनावश्यक देरी और अस्पष्टता को देखते हुए यह ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है। इससे न केवल पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी, बल्कि आवेदनों का निष्पादन भी समयसीमा के भीतर किया जा सकेगा। इस प्रणाली में, मृत्यु होने पर परिवार के उम्मीदवारों की योग्यता की समीक्षा की जाती है और उन्हें संबंधित नौकरी में नियुक्ति की जाती है। यह प्रक्रिया स्थापित मानकों और नियमों के अनुसार की जाती है ताकि यह न्यायपूर्ण और पारदर्शी रहे। सरकारी नौकरी के प्राप्ति के बाद, नौकरी धारक का समूह नियमित अंतराल से मॉनिटर किया जाता है ताकि सुनिश्चित हो सके कि वह अपने कार्यों को ईमानदारी से निभा रहे हैं। यह प्रणाली सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता को बढ़ावा देती है, साथ ही मानवीय सहानुभूति को भी प्रमोट करती है।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत 2047 के निर्माणकर्ता : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, हमारी युवाशक्ति ही विकसित भारत 2047 के निर्माणकर्ता हैं। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, हिंदी का प्रचार-प्रसार और नवाचार की ओर बढ़ने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान कालेज के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा, ल्युवाओं के विचार, ऊर्जा और राष्ट्रप्रेम ही दिल्ली और देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उन्होंने कॉलेज के नवनिर्वाचित छात्र संघ को भी शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, हमारी सरकार ने आते ही दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में वेतन और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता पर कोई आंच न आए। उन्होंने कहा, ल्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का जो मंत्र दिया, उसी भाव को यह संस्थान जीवंत करता है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यही मूल्य राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बन रहे हैं। इस अवसर पर विधायक संदीप सहरावत, कॉलेज फैकल्टी और दिल्ली विश्वविद्यालय के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पंजाब: बाढ़ में जान गंवाने वाले 59 लोगों को विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में आई बाढ़ के मुद्दे पर सरकार द्वारा बुलाये गए पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन शुक्रवार को राज्य में आई बाढ़ में जान गंवाने वाले 59 लोगों को विधानसभा में श्रद्धांजलि दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने सबसे पहले पिछले विधानसभा सत्र से लेकर अब तक दिवंगत हुए जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित नागरिकों को सदन में श्रद्धांजलि भेंट की। विधानसभा में पंजाबी फिल्म अभिनेता एवं प्रसिद्ध कॉमेडियन जसविंदर भल्ला, पंजाब के मशहूर संगीतकार चरणजीत आहूजा को भी श्रद्धांजलि भेंट की गई। इसके अलावा विधानसभा में पंजाब के पूर्व मंत्री हरमेल सिंह टोहड़ा, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल शहीद भानु प्रताप सिंह मनकोटिया, शहीद दलजीत सिंह, शहीद रिंकू सिंह, शहीद प्रीतपाल सिंह, शहीद सिपाही हरमिंदर सिंह को श्रद्धांजलि भेंट की गई। सदन में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

# लक्ष्मीबाई कॉलेज ने किया दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

■ 'विकसित भारत 2047 : वृद्धजन देखभाल एवं सशक्तिकरण' विषय पर हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'विकसित भारत 2047 : वृद्धजन देखभाल एवं सशक्तिकरण' विषय पर गुरुवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुनील मिश्रा एवं स्वाति मिश्रा द्वारा लिखी पुस्तक ओल्ड एज गोल्स का विमोचन किया गया। स्वामी मिथलेश नंदिनी ने संगोष्ठी के उद्घाटन में कहा कि समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है और हमें उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू एवं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने भी बुजुर्गों के कल्याण के लिए नीतिगत पहलों और सामाजिक भागीदारी पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रख्यात समाजशास्त्री प्रो. अरविंद जोशी, आरएन त्रिपाठी (बीएचयू), विंध्यवासिनी पाण्डेय, बीके नागला, माला शंकर दास कपूर, सनत कुमार शर्मा सहित अनेक विद्वानों ने अपने शोधपत्र और विचार प्रस्तुत किए। इस संगोष्ठी में देशभर से आए समाजशास्त्री, शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा, अधिकारों और देखभाल पर गहन विचार-विमर्श किया। समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय वेलफ़ेयर सोसाइटी के संस्थापक बीरभद्र सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि ल्वरिष्ठ नागरिक हमारी संस्कृति और मूल्यों के संवाहक हैं। उनकी देखभाल केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का सामाजिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के सफल आयोजन में डॉ. सुनील मिश्रा एवं डॉ. स्वाति मिश्रा का मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

## गुलाब चंद कटारिया ने उदयपुर-चंडीगढ़ नई सुपरफास्ट ट्रेन का चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर उदयपुर से चंडीगढ़ के लिए शुरू की गई नई सुपरफास्ट ट्रेन का स्वागत किया। यह महत्वपूर्ण सुविधा राज्यपाल कटारिया के व्यक्तिगत प्रयासों और पूर्व में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैश्नव के साथ उनकी लगातार पहल का परिणाम है। उनके प्रयासों से ही यह ट्रेन संभव हो पाई है, जो उदयपुर (राजस्थान) की जनता के लिए एक बड़ी सौगात और सुविधा है। इस ट्रेन से न केवल उदयपुर और चंडीगढ़ के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा बल्कि दोनों शहरों के पर्यटन और आवागमन को भी नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 सितम्बर को बांसवाड़ा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया था।

## जालंधर में 'युद्ध नाशियां विरुद्ध' अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए 23 पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित एक विशेष समारोह में पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने नशे के खिलाफ चल रहे ''युद्ध नाशियाँ विरुद्ध'' अभियान में अनुकरणीय योगदान के लिए 23 पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। सम्मानित अधिकारियों में पांच उप-निरीक्षक, 17 सहायक उप-निरीक्षक और एक हेड कांस्टेबल शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक को उनके समर्पण और सेवा के सम्मान में सीसी-1 प्रमाणपत्र और 1.20 लाख रुपए का सामूहिक नकद पुरस्कार दिया गया। सम्मानित अधिकारियों के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए, पुलिस आयुक्त ने कहा, ''हमारे अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित साहस, ईमानदारी और प्रतिबद्धता ने नशे के खिलाफ हमारी लड़ाई को और तेज़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# उपमहापौर जय भगवान ने बेगमपुर वार्ड में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

■ ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के तहत किया पौधारोपण, स्थानीय निवासियों और छात्रों ने लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपमहापौर जय भगवान यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को बेगमपुर वार्ड में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ ही ल्एक पेड़ मां के नामङ्क कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए गए, जिससे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों और स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर उपमहापौर ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का दायित्व है। जब अपने आसपास के वातावरण को साफ और हरा-भरा बनाएंगे, तभी एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम एक प्रेरणा है और ऐसे आयोजन समाज में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा रखना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है और इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जय भगवान यादव ने कहा कि इस पहल के माध्यम से बेगमपुर मंडल के निवासियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। कार्यक्रम में बच्चों, स्थानीय निवासियों और युवाओं ने एकजुट होकर इस प्रयास को सफल बनाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी सभी की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

# राज्यपाल ने उदयपुर से चंडीगढ़ के लिए शुरू की गई नई सुपरफास्ट ट्रेन का स्वागत किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार सुबह 8:50 बजे चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर उदयपुर से चंडीगढ़ के लिए शुरू की गई नई सुपरफास्ट ट्रेन का स्वागत किया। रेलवे के अनुसार इस ट्रेन से न केवल उदयपुर और चंडीगढ़ के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा, बल्कि दोनों शहरों के पर्यटन और आवागमन को भी नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितम्बर को बांसवाड़ा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया था। उदयपुर सिटी से चंडीगढ़ (20989) ट्रेन बुधवार और शनिवार शाम 4:05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 9:50 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। चंडीगढ़ से उदयपुर सिटी (20990) ट्रेन गुरुवार और रविवार सुबह 11:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 5:25 बजे उदयपुर पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 2 सेकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनॉमी, 6 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी के कोच और एक-एक पॉवरकार व गार्ड डिब्बे शामिल हैं। इस अवसर पर चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक भी उपस्थित रहे।

# लद्दाख के नुब्रा घाटी के छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल से की भेंट, बोले- ऊंचे लक्ष्य के लिए करें कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) से शुक्रवार को राजभवन में ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' पर आए लद्दाख की नुब्रा घाटी के छात्र-छात्राओं ने भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने छात्रों से संवाद करते हुए उनके जीवन के लक्ष्यों के बारे में पूछा और उन्हें ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। भारतीय सेना के ''ऑपरेशन सद्भावना'' के अंतर्गत आयोजित इस यात्रा में नुब्रा घाटी के 30 छात्र-छात्राएं एवं 6 शिक्षक शामिल हैं। अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आए यह छात्र-छात्राएं पहली बार लद्दाख क्षेत्र से बाहर आकर देहरादून स्थित आईएमए, आरआईएमसी और एफआरआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य बच्चों को देश की विविध संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी प्रगति और सामाजिक-आर्थिक परिवेश से परिचित कराना है, ताकि उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। राज्यपाल ने छात्रों से संवाद करते हुए उनके जीवन के लक्ष्यों के बारे में पूछा और उन्हें ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने आत्मविश्वास को सदैव बनाए रखें और दृढ़ संकल्प से अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि इस शैक्षिक यात्रा से बच्चों को अनेक नए अनुभव और ज्ञान प्राप्त होंगे, जो उनके भविष्य में सहायक सिद्ध होंगे। राज्यपाल ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए इस यात्रा के आयोजन हेतु 1862 लाइट रेजिमेंट के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर 1862 लाइट रेजिमेंट के मेजर पिंटू कुमार, सूबेदार कुंज राम साहू सहित अध्यापकगण महबूब अली, समीरा मेहताब, हजीरा बानो, मेहनाज खातून तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्वरोजगार में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका

गोपेश्वर। चमोली जिले के कर्णप्रयाग में जायका प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को कर्णभूमि किसान उत्पादक स्वायत्त सहकारिता की साधारण सभा बैठक संपन्न हुई। इसमें समूह की महिलाओं को सहकारिता के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कहा गया कि स्वरोजगार के लिए सहकारिता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के राज्य सभा सदस्य एवं हिमाद की समन्वयक प्रभा रावत ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहकारिता बेहतर अवसर देता है। आज के दौर में स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए उत्पादक समूह एवं किसान उत्पादक सहकारिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती एक ऐसा प्राकृतिक रूप है जो कि फसल चक्र की हरी खाद, कंपोस्ट और जैविक कीट नियंत्रण पर पर निर्भर करता है। हिमाद के सचिव उमाशंकर बिष्ट ने कहा कि पारस्परिक लाभ और सामूहिक जीविकोपार्जन के लिए समूह मुख्य आधार है। उन्होने कहा कि हिमोत्थान सोसायटी देहरादून एंव टाटा टास्ट्र के माध्यम से ग्रामस्तर पर किसान उत्पादक समूहों के सदस्यों को स्थानीय संसाधनों पर आधारित स्वरोगार के उद्यमों को विकसित करने में डेरी फल प्रस्करकरण मुर्गी पालन, बागवानी, बकरी पालन, पशुपालन, कृषि उत्पादनों का संग्रहण, विपणन, मशरूम उत्पादन आदि शामिल हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063